'एनिमल' का प्री-टीजर जारी, खूंखार अंदाज... पेज 12 पर



ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ कृष्ण पक्ष 09 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 12 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 129 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## भारत ने पहली बार जीता महिला जूनियर एशिया कप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने इतिहास रच दिया है। टीम ने पहली बार एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। जापान के काकामीगहारा में खेले गए महिला जूनियर एशिया कप 2023 के फाइनल मुकाबले में रविवार को महिला टीम ने 4 बार की चैंपियन साउथ कोरिया को 2-1 से हरा दिया। भारत के लिए अन्नू (22वें मिनट) और नीलम (41वें मिनट) ने गोल किया। वहीं विपक्षी टीम की ओर से एकमात्र गोल सियोन पार्क (25वें मिनट) ने किया। इसी के साथ भारतीय टीम ने चिली में खेले जाने वाले एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप 2023 में अपना स्थान पक्का किया। फाइनल मुकाबले की बात करें तो खेल के पहले 20 मिनट में कोई गोल नहीं हुआ। 22वें मिनट में भारत की अन्नू ने गोल करके टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि भारतीय टीम की बढ़त ज्यादा देर तक नहीं रही। 25वें ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



## ओवल में दफन हो गया भारत का सपना

**एजेंसी। द ओवल (लंदन)**

भारत के सपने जल्दी दम तोड़ गए। स्कॉट बोलैंड का निर्णायक ओवर। यह सुबह का सातवां ओवर था और भारत की दूसरी पारी का 47वां। इस ओवर के बाद अब लगातार दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनलिस्ट के लिए वापसी की कोई जगह नहीं थी। विराट कोहली, एक भारतीय बल्लेबाज के रूप में वर्षों तक काफी करिश्माई रहे हैं, 49 रन बनाकर दूसरी स्लिप में पकड़े गए। उन्होंने गेंद की पिच पर पहुंचे बिना कवर ड्राइव किया। यह एक कमी है जो हाल के वर्षों में उनके खेल में आ गई है और वह इसे सुधारने में विफल रहे हैं।



## NEWS इन ब्रीफ

### पटना-रांची के मध्य होगा वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन आज

**रांची।** पटना से रांची के मध्य 12 जून को गया और बरकाकाना के रास्ते अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन किया जाएगा। यह ट्रेन पटना जंक्शन से 6.55 बजे खुलकर 8.20 बजे गया पहुंचेगी तथा यहां से 8.30 बजे प्रस्थान कर 13 बजे रांची पहुंचेगी। वापसी में रांची से पटना के लिए यह ट्रेन रांची से 14.20 बजे खुलकर 19 बजे गया पहुंचेगी तथा यहां से 19.10 बजे खुलकर 20.25 बजे पटना पहुंचेगी। यह जमकारी मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि वंदे भारत का यह ट्रायल रन नियमित परिचालन के पूर्व संरक्षा जांच आदि के लिए पूर्णतया परिचालनिक व प्रायोगिक उद्देश्य से किया जाएगा। 12 जून को पटना और रांची के मध्य प्रस्तावित वंदे भारत के ट्रायल रन के दौरान ट्रेन में आम यात्रियों को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। अप एवं डाउन दिशा में इसका परिचालन जहानाबाद, गया, बरकाकाना, कोडरमा, हजारीबाग टाउन और मेसरा के रास्ते किया जाएगा। ट्रायल रन के दौरान इस ट्रेन का परिचालन तीव्र गति से किया जाएगा।

### हाईकोर्ट के नए इको फ्रेंडली न्यू बिल्डिंग में आज से होगी सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के धुर्वा स्थित इको फ्रेंडली न्यू बिल्डिंग में सोमवार सुबह 10:30 बजे से विभिन्न अदालतों में मामलों की सुनवाई शुरू होगी। इससे पहले सुबह नौ बजे कैंपस में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाये जायेंगे। दोपहर 1:30 बजे कोर्ट नंबर-एक के समीप सेंट्रल लॉबी में वरीय अधिवक्ताओं के सम्मान में समारोह आयोजित होगा। हाई कोर्ट प्रशासन ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। पुराने भवन से शिफ्टिंग का कार्य भी लगभग पूरा होनेवाला है। नये हाई कोर्ट परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

### पाकिस्तान में बारिश-आंधी से 28 की मौत, 145 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांत के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों के दौरान हुई भारी बारिश और तेज आंधी की वजह से 28 लोगों की जान चली गई। इस आपदा में 145 लोग घायल हो गए। इसकी पुष्टि प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने की है। प्राधिकरण ने कहा है कि सबसे ज्यादा तबाही केपी के बन्नू, डेरा इस्माइल खान, करक और लक्की मरवत में हुई है। बारिश में कम से कम 69 घर ढह गए। मृतकों में बच्चे भी शामिल हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा है कि राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया है। घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।

## जमीन घोटाला : ईडी ने तीसरे दिन की पूछताछ

# अमित ने साधी चुप्पी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बरियातू में सेना की 4.55 एकड़ जमीन के फजीवाड़े व इससे जुड़ी मनी लाउंड्रिंग केस में ईडी ने कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल व दिलीप घोष से पूछताछ की। तीसरे दिन की पूछताछ के बाद अमित अग्रवाल ने सेना जमीन खरीद में फजीवाड़े व उसमें अपनी संलिप्तता से इंकार किया है। अमित अग्रवाल ने ईडी के अधिकारियों को पूछताछ में बताया कि बरियातू स्थित जमीन के सौदे में उसकी कोई भूमिका नहीं है। वहीं अमित अग्रवाल से ईडी के अधिकारियों ने साक्ष्य व बैंक खातों के ट्रांजेक्शन दिखा सवाल पूछे तो वह चुप्पी साध लेता। ईडी के अधिकारियों ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### पैसों के स्रोत की नहीं दी जानकारी

अमित अग्रवाल ने साल 2020-22 के बीच जगतबंधु टी एस्टेट समेत कई अन्य कंपनियों में ट्रांसफर या जमा किए गए पैसों के स्रोत की जानकारी नहीं दी है। ईडी सूत्रों के अनुसार, अमित अग्रवाल की आठ कंपनियों में 200 से अधिक ट्रांसफर हैं। ईडी की रडार पर आने के बाद अमित अग्रवाल कुछ कंपनियों के डायरेक्टरशिप से अलग भी हुआ है। अमित अग्रवाल और प्रेम प्रकाश के कंपनियों के बीच पांच करोड़ से अधिक के ट्रांजेक्शन के सवाल पर भी कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा सका है।

### दिलीप घोष अपनी संलिप्तता कबूल रहा

पूछताछ के दौरान जगतबंधु टी एस्टेट के निदेशक दिलीप घोष ने अपनी संलिप्तता कबूली है। हालांकि वह भी अमित अग्रवाल की भूमिका होने की जानकारी एजेंसी को नहीं दे रहा। दिलीप घोष ने 6.75 करोड़ भुगतान नहीं होने की बात भी स्वीकार की है। दिलीप घोष और सुतापा घोष की डायरेक्टरशिप वाली कंपनी जगतबंधु टी एस्टेट के नाम पर ही जमीन की रजिस्ट्री प्रदीप बागची ने की थी।

### छवि रंजन, अमित समेत अन्य आरोपियों पर चार्जशीट आज

ईडी सेना की जमीन की खरीद से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में रांची के तत्कालीन डीसी व आईएएस अधिकारी छवि रंजन, निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद, जमीन के फर्जी कागजात तैयार करने वाले अफसर अली, रजिस्ट्री करने वाले फर्जी मालिक प्रदीप बागची समेत अन्य गिरफ्तार आरोपियों पर चार्जशीट सोमवार को दाखिल हो जाएगी। ईडी के द्वारा जिन आरोपियों को अबतक इस केस में गिरफ्तार किया गया है, सभी के खिलाफ पहली चार्जशीट दायर होगी। ईडी के पहली चार्जशीट के बाद जांच के आधार पर आगे भी सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर करने का फैसला एजेंसी ने लिया है।

## राज्य के कई इलाके जबरदस्त लू की चपेट में



**रांची।** राज्य के कई इलाके जबरदस्त लू की चपेट में हैं। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिकों ने अलर्ट जारी कर इससे बचने के परामर्श जारी किए हैं। पिछले चौबीस घंटे के दौरान कई जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना रहा। चाईबासा में तो अधिकतम तापमान सामान्य से 6 दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। डाल्टेनगंज और जमशेदपुर में भी अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक चल रहा है। रांची में भी जोरदार गर्मी पड़ रही है। एक तरफ जहां गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है वहीं राज्य के कुछ क्षेत्रों में आगामी 17 जून तक हर रोज हल्की बारिश की भी संभावना जताई जा रही है।




## झारखंड के सभी स्कूल 14 तक बंद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। झारखंड के सभी स्कूल भीषण गर्मी के कारण 12 जून से बंद रहेंगे। अधिक गर्मी और लू को देखते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है। इसका आदेश शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने रविवार को जारी कर दिया। जारी आदेश में सचिव ने कहा है कि राज्य में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालय 12 जून से बंद रहेंगे। फिलहाल, स्कूल 14 जून तक के लिए बंद किए गये हैं। सचिव ने कहा है कि इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होने वाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए सूचित किया जायेगा। यह आदेश 12 जून से 14 जून तक लागू रहेगा। उल्लेखनीय है ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### बच्चों की पढ़ाई से कोई समझौता नहीं : रविकुमार

शिक्षा सचिव के रविकुमार ने कहा कि राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता बेहतर हो, परिणाम में सुधार हो इसको लेकर राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। अब शिक्षा विभाग शिक्षकों पर लगाम कसने की तैयारी कर रही है। शिक्षा सचिव के रविकुमार ने राज्य के सारे डीईओ और डीएसई के साथ बैठक कर सख्त हिदायत दी है कि बच्चों की पढ़ाई को लेकर किसी तरह के समझौता नहीं होगा। उन्होंने डीईओ-डीएसई से साफ तौर पर कहा कि बहानेबाजी नहीं चलेगी। बच्चों का रिजल्ट बेहतर होना चाहिए। कोडरमा के स्कूलों ने अपनी योजनाओं पर काम किया और उसका रिजल्ट बेहतर रहा। यदि कोडरमा के सरकारी स्कूल ऐसा कर सकते हैं तो और सरकारी स्कूल क्यों नहीं कर सकते।

## रांची में पीएलएफआई का एरिया कमांडर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

चान्हो थाना पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के एरिया कमांडर आलोक यादव उर्फ चंद्रशेखर यादव को गिरफ्तार किया है। इसके पास से छह पीस पीएलएफआई का पर्चा, दो मोबाइल और एक बाइक बरामद किया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गत 14 अप्रैल को संजय कुमार गुप्ता ने थाने में शिकायत की थी कि पीएलएफआई के एरिया कमांडर के नाम पर फोन कर पचास हजार की रंगदारी मांगी जा रही है। पैसे नहीं देने पर जान से मारने और ईट भट्ठा को उड़ाने की धमकी दी गई है। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। एसपी ने बताया कि टीम ने गुप्त सूचना और तकनीकी शाखा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## दूसरे दिन भी झारखंड बंद का मिलाजुला असर

### देवेंद्र महतो सहित कई हिरासत में लेकर किए गए रिहा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार की 60-40 वाली नियोजन नीति का विरोध कर रहे छात्र संगठनों ने दो दिवसीय झारखंड बंद के दूसरे दिन रविवार को जहां-तहां टायर जलाकर सड़क पर जाम लगा दिया। झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के नेता देवेंद्र महतो को दिन में हिरासत में ले लिया गया था। शाम को छह बजे के बाद सभी को रिहा कर दिया गया। इसके साथ दो दिवसीय झारखंड बंद का समापन हो गया। बंद का राज्यभर में मिलाजुला असर देखने को मिला। रांची कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने कहा कि छात्र संगठन के लोगों को पकड़ कर कोतवाली थाना ले जाया गया है। जिला स्कूल मैदान में बंदी को लेकर जमा हो रहे छात्रों को डिटेन कर थाना ले जाया गया। उन्होंने कहा कि पांच से 10 लोगों को डिटेन किया है, जिसमें छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो सहित कई बंद समर्थक शामिल है। छात्र नेता देवेंद्र महतो के नेतृत्व में पांच परगना क्षेत्र राहे, सोनाहातु, सिल्ली, तमाड़ बुंडू बाजार को बंद कराने के बाद झारखंड का लाइफ लाइन रोड एनएच -33 रांची जिला में स्थित टोल प्लाजा गेट बुंडू के पास तीन घंटा जाम रहा। सुबह 6:15 से ही जाम कर दिया गया था, जिससे उस मार्ग में आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। लंबी दूरी के सफर करने वाले लोग जाम में फंसे। रांची से सटे इलाकों को बंद कराने के बाद झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन प्रमुख देवेंद्रनाथ महतो रांची के शहीद चौक स्थित जिला स्कूल मैदान पहुंचे। यहां बड़ी संख्या में छात्र मौजूद थे। यहां पहुंचने के बाद उन्होंने कहा कि हमारा दो दिवसीय झारखंड बंद सफल रहा है। यहां से सभी छात्र झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन प्रमुख देवेंद्रनाथ महतो की अगुवाई में मेन रोड बंद कराने निकले, जहां उन्हें हिरासत में ले लिया गया। फिलहाल उन्हें कोतवाली थाना ले जाया गया है। इनके साथ सत्यनारायण शुक्ला, सुनील कुमार, खतियानी सुमित, कमलेश कुमार और रितिक रजक को ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



## झारखंड के चार जेलों में 624 पदों पर कक्षपालों की नियुक्ति रद्द

**रांची।** झारखंड के चार जेलों में 624 पदों पर कक्षपालों की नियुक्ति होने वाली थी। जिसे रद्द कर दिया गया है। इसको लेकर गृह कारा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार, केंद्रीय कारा दुमका और केंद्रीय कारा घाघीडीह में 624 पदों पर भूतपूर्व सैनिकों का कक्षपाल के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया की गयी थी। लेकिन गृह कार्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग और विधि विभाग के परामर्श एवं हाईकोर्ट के वाद संख्या डब्लूपी (सी) नंबर 3894 रमेश हांसदा / झारखंड सरकार पारित आदेश तके तहत इस संविदा (कॉन्ट्रैक्ट) की प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया. झारखंड के चार जेलों में कक्षपाल के 624 पदों पर नियुक्ति होनी थी। जिनमें 600 पद पुरुष के लिए और 24 पद महिला के लिए स्वीकृत थे। इन पदों को डायरेक्ट इंटरव्यू से भरा जाना था। अनुबंध के आधार पर नियुक्ति एक साल के लिए होनी थी। आवश्यकतानुसार इसे बढ़ाया जाता।

## प्राचीन तिब्बती चिकित्सा पद्धति का सबसे बड़ा अस्पताल बनकर तैयार


# असाध्य बीमारियों व कैंसर का भी होगा इलाज

### इलाज के लिए हिमालय से आती हैं जड़ी -बूटी

**आरएनएम। वाराणसी**

गौतम बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ में तिब्बत की अति प्राचीन चिकित्सा पद्धति 'सोवा रिग्पा' का अस्पताल बनकर तैयार हो गया है। तीन हजार साल पुरानी तिब्बती चिकित्सा पद्धति सोवा रिग्पा में असाध्य बीमारियों के साथ ही कैंसर का भी इलाज प्राचीन चिकित्सा पद्धति से हो सकेगा। इस पद्धति से इलाज का यह देश में इकलौता इतना बड़ा केंद्र होगा। यह प्राकृतिक चिकित्सा की तरह है। इसके उद्घाटन की तैयारी हो रही है। इस तरह की चिकित्सा पद्धति से उपचार कराने वालों के लिए यह एक बड़ी सौगात है।

उत्तर प्रदेश का पहला तिब्बती अस्पताल सोवा रिग्पा केंद्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान सारनाथ में बनकर तैयार हो चुका है। इस अस्पताल के शुरू होने से काशी ही नहीं पूर्वांचल समेत प्रदेश की जनता को तिब्बती चिकित्सा पद्धति से इलाज की सुविधा मिलेगी।मरीजों के इलाज के साथ यहां शोध भी होंगे। सेमिनार, अध्यापन, शोध और मरीजों का इलाज एक साथ करने वाला यह देश में इकलौता इतना बड़ा केंद्र होगा। 95 करोड़ की लागत से तैयार होने वाला ये अस्पताल 100 बेड का होगा। पहले फेज में 47.5 करोड़ की लागत से चार मंजिला अस्पताल बनकर तैयार हो चुका है। मौजूदा वक्त में ऑडिटोरियम में फिनिशिंग का काम चल रहा है।19404 स्क्वायर मीटर में बना ये अस्पताल आने वाले समय में नौ मंजिला हो जाएगा। फिलहाल 1617 स्क्वायर मीटर में डबल बेसमेंट के साथ चार मंजिल का कार्य पूरा हो चुका है। अस्पताल के उद्घाटन के बाद यहां पर इलाज के साथ अध्ययन और शोध के काम भी होंगे।




तीन हजार साल पुरानी तिब्बती चिकित्सा पद्धति सोवा रिग्पा में असाध्य बीमारियों के साथ ही कैंसर का भी इलाज प्राचीन चिकित्सा पद्धति से हो सकेगा। सोवा रिग्पा अस्पताल में मरीजों के लिए सभी सुविधाओं के साथ ही हेलीपैड का निर्माण भी प्रस्तावित है।

अस्पताल में कांफ्रेंस समेत विभिन्न गतिविधियों के लिए आधुनिक ऑडिटोरियम तैयार किया गया है। इसमें पांच सौ लोग एक साथ बैठ सकेंगे। इसमें ओपीडी, आईपीडी, छह कंसल्टेंट रूम, ज्योतिष कंसल्टेंट रूम, अत्याधुनिक इमरजेंसी, इंटेंसिव केयर यूनिट, ऑपरेशन थियेटर, फामेर्सी के साथ एक बड़ा वेटिंग हॉल, क्लासरूम, लाइब्रेरी, ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## बाइक चोर गिरोह के 8 सदस्य गिरफ्तार, दस बाइक जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोतवाली थाना पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सदस्यों में सुमित मिर्धा उर्फ बाबू, मोहम्मद गुड्डू, मोहम्मद वारिस, अनिल शर्मा, सनी महली, वीर सिंह महतो, सुनील कुमार महतो और विनय कुमार महतो शामिल है। गिरफ्तार सभी चोर रांची जिले के रहने वाले हैं। एसएसपी किशोर कौशल ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आठ जून को कचहरी परिसर से एक स्कूटी चोरी हो गई है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने स्कूटी की बरामदगी के लिए छापेमारी की। इस घटना के संबंध में सीसीटीवी फुटेज निकाला गया। जिसमें एक व्यक्ति की पहचान की गई। पहचान करने के बाद व्यक्ति को गुमला जिले के सिसई से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति सुमित मिर्धा उर्फ बाबू के पास से स्कूटी को बरामद किया गया। सुमित मिर्धा की गिरफ्तारी के बाद उसके निशानदेही पर और भी कई लोगों की गिरफ्तारी की गई और भी बाइक बरामद की गई है। रांची पुलिस ने कुल 10 वाहन बरामद किया है। इसमें आठ बाइक, एक स्कूटर और एक ऑटो शामिल है।

## वसुंधराराजे सिंधिया का झारखंड प्रवास कल

# जनसंपर्क अभियान में शामिल होंगे कई बड़े नेता

**नवीनम मेल संवाददाता। रांची**
केंद्र सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान जोर-शोर से चल रहा। लोकसभा एवं विधानसभा स्तर पर होने वाले कार्यक्रम लगातार जारी हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने नेताओं के कार्यक्रम निर्धारित किए हैं। यह बात रविवार को महासंपर्क अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ प्रदीप वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधराराजे सिंधिया महा जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने के लिए 13 जून को एक बजे अपराह्न बाबा बैजनाथ की पवित्र धरती देवघर पहुंचेंगी।



तीन बजे अपराह्न सिंधिया देवघर में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगी। 14 जून को वसुंधरा राजे प्रातः आठ बजे बाबा मंदिर में पूजा अर्चना के बाद 11 बजे पूर्वाह्न प्रेस वार्ता करेंगी। 1.30 बजे दुमका जिलांतर्गत कैराबनी में जनसभा को संबोधित करेंगी। गिरिडीह लौटने के क्रम में सिंधिया कर्णपुरा एवम झगरी में पार्टी द्वारा आयोजित संपर्क से समर्थन कार्यक्रम में भाग लेंगी। वसुंधरा राजे का रात्रि विश्राम गिरिडीह परिसदन में होगा। 15 जून को 11 बजे पूर्वाह्न गिरिडीह में प्रेसवार्ता को संबोधित करने के बाद वे डुमरी में संपर्क से समर्थन कार्यक्रम में भाग लेंगी। एक बजे अपराह्न बगोदर में जनसभा को संबोधित करेंगी। शाम 5.30 बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय रांची पहुंचकर रात आठ बजे सेवा विमान द्वारा नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी। रेल राज्यमंत्री राव साहेब पाटिल दानवे 12 जून को 11 बजे महेशपुर के कल्याण छात्रावास मैदान में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

## पानी के लिए जद्दोजहद करते ग्रामीण

**खूंटी।** सामुदायिक प्रयास से खूंटी जिले में चल रहे जनशक्ति अभियान से जुड़कर गुरमी ग्रामसभा के लोग चिलचिलाती धूप की परवाह न कर बूंद-बूंद पानी बचाने की जद्दोजहद में जुटे हैं। अभियान के तहत रविवार को गुरमी ग्रामसभा ने गजगांव और गुरमी गांव के बीच बहने वाले नाले पर बोरी बांध का निर्माण किया। ग्रामीणों ने तपती धूप में पानी के लिए श्रमदान किया। ग्रामप्रधान सुनील कुमार मुंडा ने कहा कि गुरमी उपरटोली के लोगों के पानी की समस्या को खत्म करने के लिए बनई नदी पर चार जून को बोरी बांध बनाया गया था। नीचेटोली के लोग गजगांव नाले में नहाने और मवेशियों को पानी पिलाने आते हैं और नाले का पानी सूखने के कगार पर था। इस कारण ग्रामसभा की बैठक में निर्णय लेने के उपरांत रविवार को जिला प्रशासन व सेवा वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से नाले पर बोरीबांध बनाया गया।

# झारखंड बंद का रहा मिलाजुला असर



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति सिल्ली विधानसभा इकाई के द्वारा नियोजन नीति के विरोध को लेकर सिल्ली मुरी में झारखंड बंद का दूसरे दिन भी दिखा मिलाजुला असर। सड़कों पर कुछ बड़ी गाड़ियां दौड़ती नजर आई। सिल्ली और मुरी बाजार में कुछ दुकाने खुली पाई गई और कुछ दुकानों को बंद देखा गया। पेट्रोल पंप खुली नजर आई। वही बंद कराने निकले समर्थकों ने सिल्ली बुंडू चौक पर जाम करते हुए धरने पर बैठ गये जिससे दोनों और लंबी गाड़ियों का कतार लग गई। धरने में बैठे समर्थकों ने 60-40 की नीति नहीं चलेगी, हेमंत सरकार इसे वापस ले और इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए। इधर बंद समर्थकों से निपटने के लिए सिल्ली पुलिस बुंडू चौक पहुंची और समर्थकों को समझाने का प्रयास किया परंतु वे धरना से हटने को तैयार नहीं हुए तत्पश्चात पुलिस ने 8 समर्थकों को हिरासत में ले लिया और बताया गया कि इन लोगों को संध्या 6 बजे छोड़ दिया जाएगा।

## ईसाई आदिवासियों ने प्रायोजित की है राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा

**रांची।** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा ईसाई आदिवासियों द्वारा प्रायोजित है। यह बात आदिवासी सामाजिक नेता लक्ष्मी नारायण मुंडा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि सरना आदिवासियों के ऊपर सरना प्रार्थना स्थापित की जा सके और ईसाई और सरना के बुनियादी अंतर्विरोध को छिपाया जा सके। आगे कहा कि जब से सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह कहा गया है कि जो आदिवासी अपनी परंपरा, संस्कृति, रीति रिवाज, रुढ़ीवादी प्रथा को मानता है, वही आदिवासी हो सकता है। इसलिए षड्यंत्र के तहत सरना प्रार्थना सभा को पूरे आदिवासी सरना समुदाय में स्थापित कर सरना और ईसाई के अंतर को छिपाने के लिए लगातार कोशिश की जा रही है। आज सरना प्रार्थना सभा सरना समुदाय के बीच चर्च का अनुसरण कर सारे क्रियाकलाप को थोपने काम किया जा रहा है। यही समूह अपने आदिवासी समुदाय के लोगों की जमीन हड़पकर, लूटकर, कब्जा किए हुए है, जो बदस्तूर आज भी जारी है। यही लोग राज्य की आदिवासियों की भाषा, संस्कृति, परंपरा,कर्मकांड को अपने जातीय हितों के अनुरूप काम कर रही है। सरना प्रार्थना सभा का पूरा कंसेप्ट चर्च का अनुसरण है।

## विधि व्यवस्था और अपराध नियंत्रण पर डीजीपी आज करेंगे बैठक

**रांची।** विधि-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर डीजीपी सोमवार को (12 जून) को बैठक करेंगे। डीजीपी अजय कुमार सिंह पुलिस मुख्यालय में दिन के 11 ।30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जोनल आईजी, डीआईजी और एटीएस एसपी, सभी जिलों के एसएसपी, एसपी और रेल एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। आगामी 15 जून को सीएम हेमंत सोरेन सभी जिलों के डीसी और एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में चर्चा किए जाने वाले एजेंडों पर समीक्षात्मक बैठक के संबंध डीजीपी सोमवार को समीक्षा बैठक करेंगे।

## पांच दिवसीय श्री राम कथा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी पूरी

# देहरादून के गोपाल मनी महाराज का होगा प्रवचन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रातू मेला टांड़ में श्री राम कथा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गई है। सोमवार से यहां महायज्ञ शुरू होगा, जो पांच दिनों तक लगातार यह कार्यक्रम चलेगा। आयोजन का अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि राज पैलेस के बड़ी मनी माधुरी मंजरी यज्ञ का शुभारंभ करेंगे। रातू मेला टांड़ में पहली बार महायज्ञ हो रहा है। यहां पांच हजार श्रद्धालुओं के लिए बैठने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए 10 हजार स्क्वायर फीट लंबी विशाल पंडाल बनाया गया है। इसमें राम कथा प्रवचन के लिए अलग पंडाल बनाया गया है। आचार्यों के विश्राम के लिए पुवाल के दो कुटिया बनाया गया है। आने जाने के लिए दो मुख्य गेट बनाए गए हैं। इस अवसर पर यज्ञ स्थल के पास



भगवान राम, लक्ष्मण माता सीता और बजरंग बली का विशाल प्रतिमा स्थापित किए जाएंगे। महायज्ञ को देहरादून के गोपाल मनी महाराज हजारों श्रद्धालुओं को राम कथा का वाचन करेंगे। इसके अलावा बनारस से 11 आचार्य द्वारा यज्ञ को शुभारंभ कराएंगे।12 जून को सुबह सात बजे सैकड़ों गांवों के हजारों महिलाएं मेला टांड़ में एकजुट होंगे। जयश्री राम का नारा लगाएंगे।गाजे-बाजे के साथ कलश को रवाना किया जाएगा। वहां से कलश को अपने माथे पर ढोते हुए सभी महिलाएं बड़ा तालाब पहुंचेंगी। वहां विशेष पूजा पाठ किए जाएंगे। उसके बाद पुनः यज्ञ स्थल पहुंचेंगे और पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, वेदी निर्माण के काम किए जाएंगे। शाम चार बजे गोपाल मनी महाराज द्वारा रामकथा का प्रवचन देंगे और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। 13, 14 और 15 जून को वेदी पूजन, अग्नि स्थापना, यज्ञाहुति होगी। शाम में संध्या आरती कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का भोग बांटा जाएगा और 16 जून को महाभंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

## पुआल में आग लगने से हजारों का नुकसान

मुरी। सिल्ली प्रखण्ड के महुआडीह गांव मे रविवार को दोपहर के तीन बजे के लगभग रोशन महतो के घर के समीप रखे पुआल मे अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग की लपटें काफी तेज हो गई।



आनन फानन मे गांव वालों ने आग लगने की सुचना हिंडाल्को दमकल विभाग को दिया! सुचना पाकर दमकल गाड़ी घटना स्थल पहुँच काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तबतक सारा पुआल जल कर राख हो गया। पुआल मालिक से पुछने पर उन्होंने बताया की आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं है लेकिन आग लगने से मेरा काफी नुकसान हुआ है।

## झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटी की बैठक आज

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन संध्या 5 बजे से सिल्ली नीचे टोला महावीर मंदिर के समीप, झामुमो सिल्ली पंचायत के सक्रिय कार्यकताओं के बीच एक बैठक आयोजित की गई हैं। जिसमें सिल्ली पंचायत झामुमो कमिटी का गठन एवं पार्टी संगठन मजबूती पर गहन विचार विमर्श किया जाना हैं। अतः तमाम सिल्ली पंचायत के झामुमो कार्यकर्ता एवं झामुमो सिल्ली प्रखंड कमिटी से अपील किया गया है की निश्चित समय और स्थान पर पहुंचने का कष्ट करेंगे। इसकी जानकारी झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका ने दी।

## रातू में अवैध बालू लदा दो ट्रेक्टर जब्त

**रातू।** थाना क्षेत्र में बालू माफियाओ पर शिकंजा कस्ते हुये रविवार की सुबह डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने अवैध बालू लदा दो ट्रेक्टर को रातू काठीटांड से जब्त किया। कार्रवाई होते देख दर्जन भर से अधिक ट्रेक्टर वाहन लेकर फरार हो गये। जब्त दोनों ट्रेक्टर बिना नंबर के है। डीएसपी प्रवीण कुमार ने जब ट्रेक्टर ड्रॉइवर से बालू खनन से संबंधित व गाड़ी की कागजात की मांग की गई तो ड्रॉइवर कागजात दिखाने में असमर्थ रहा। पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आयी है। जब्त वाहनों की जानकारी खनन विभाग व डीटीओ के अधिकारियों को दे दिया गया है। कार्रवाई के बाद क्षेत्र के बालू माफियाओ में खलबली मच गयी है।

## बस के धक्के से युवक घायल, रिम्स रेफर

**मांडर।** मांडर के ब्राम्बे स्थित सवना चौक के समीप कुणाल नामक बस के धक्के से साइकिल सवार गिर कर घायल हो गया। बसकी निवासी 33 वर्षीय विन्सेंट कुजूर अपने घर से साइकिल पर ब्राम्बे घर के लिए खरीददारी करने आ रहा था, इसी क्रम में एन एच 75 पर दिन के लागभग 10 बजे राँची से चतरा तेज गति से जा रही कुणाल बस ने उसे धक्का मार दिया जिससे वह सड़क पर गिर कर गंभीर रुप से घायल हो गया।उसे सर पर और दोनों पैर पर गहरी चोटें आई है।ग्रामीणों ने उसे ऑटो से ईलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया, जहाँ प्राथमिक चिकित्सा के बाद डॉक्टर ने बेहतर ईलाज के लिए एम्बुलेंस से रिम्स राँची भेज दिया गया।मांडर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बस को रोक कर अपने संरक्षण में ले लिया है।

## घर के बाहर रखे ऑटो की चोरी

**चान्हो।** चान्हो थाना क्षेत्र के सोंस में एक घर के बाहर खड़ी ऑटो को शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। रविवार की सुबह जब ऑटो मालिक दीपक साहू ने जब अपने घर का मुख्य दरवाजा खोला तो घर के बाहर पार्क किया गयाऑटो गायब पाया।काफी खोजबीन करने पर भी ऑटो का कुछ पता नहीं चला,तब थक हार कर चान्हो थाना पुलिस को जानकारी दी गई। खल 01 उछ 6552 नम्बर ऑटो के चोरी हो जाने सेऑटो मालिक दीपक साहू के सामने अब परिवार चलाने की घोर समस्या खड़ी हो गई है।चान्हो पुलिस ऑटो की तलाश में जुट गई है।

# पत्रकार कला मंच ने किया सैंया भए कोतवाल का मंचन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पत्रकार कला मंच ने नाटक सैंया भए कोतवाल का मंचन सीएमपीडीआई के मयूरी प्रेक्षागृह में किया। मंच ने यह नाटक आदिम जनजाति सेवा मंडल के सहायतार्थ किया। नाटक का निर्देशन और संगीत निर्देशन निलय सिंह ने किया। हास्य और व्यंग से भरपूर इस नाटक में समसामयिक घटनाओं का समावेश बहुत ही चुटीले अंदाज में किया गया। साथ ही संगीत में भी मराठी के साथ-साथ नागपुरी की झलक देखने को मिली। नाटक में हवलदार की मुख्य भूमिका राज सिंह ने निभाई और अपनी भूमिका के साथ उन्होंने पूरा न्याय किया। वहीं कोतवाल और सिपाही की भूमिका में संदीप नाग और परवेज कुरैशी ने लोगों को हंसा हंसा कर लोटपोट कर



दिया। राजा की भूमिका में एसआरपी मुकेश और प्रधान की भूमिका में जय शंकर कुमार खूब जचे। मैनावती की भूमिका में स्वस्तिका शर्मा ने अपने अभिनय और नृत्य से लोगों का दिल जीत लिया। वहीं संक्षिप्त भूमिका में विनय मुर्मू ने वाहवाही लूटी। कोरस में संतोष मृदुला, शिवांग, बसंत और शर्मिष्ठा थे। सह निर्देशन संतोष मृदुला और अमित दास ने किया। पार्श्वगायक निलेश सिंह और छंदोंश्री, ढोलक पर जाहिद खान, कॉस्टयूम संजय लाल और संदीप नाग, रूप सज्जा प्रदीप बोस और संजय सिंह, मंच सामग्री परवेज कुरेशी, मंच सज्जा शिवांग, प्रकाश प्रदीप बोस, ध्वनि शिव साउंड, प्रचार एसआरपी मुकेश और प्रबंधन अमित दास अक्षय तिवारी संजय सिंह और रॉबिन छावड़ा का रहा।

# मेहा पंचायत में मन का मिलन पखवाड़ा अभियान चलाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जिले के कर्रा प्रखंड की मेहा पंचायत में रविवार को मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा विषय पर जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अवसर डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने मध्यस्थता पखवाड़ा के संदर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि 29 मई से आरंभ यह कार्यक्रम 14 जून तक लगातार चलेगा। मन का मिलन पखवाड़ा के तहत मध्यस्थता के माध्यम से सभी प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जा रहा है। साथ ही इस कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार जोरों से चल रहा है। उन्होंने कहा कि पखवाड़े के दौरान लोग अपने लंबित पुराने एवं नये मामलों तथा वाद पूर्व मामलों का निष्पादन आपसी सहमति के आधार पर मध्यस्थता के माध्यम से करा रहे हैं। डालसा सचिव ने लोगों से

**पखवाड़े के दौरान लोग अपने लंबित पुराने एवं नये मामलों तथा वाद पूर्व मामलों का निष्पादन आपसी सहमति के आधार पर मध्यस्थता के माध्यम से करा रहे हैं**

अपील की कि मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा अभियान में अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर अपने मामलों का निःशुल्क एवं त्वरित निष्पादन कराएं। साथ ही दूरी को मिटाएं और सुलभ न्याय प्राप्त करें। कार्यक्रम में डालसा के रीटेनर मुकुल कुमार पाठक, मिलन कुमार दास, पीएवी अंजू कच्छप, विशाल नाग, सुकरा तिर्की,जॉर्ज कॉन्सेंट धान, मार्शल कंडुलना पवन कुमार मिश्रा के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**आस्था**

## श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट में भंडारे का हुआ आयोजन

# श्रीसतगुरु महाराज की जय के जय जयकारों गुंजयमान रहा मंदिर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा(श्री राधा-कृष्ण)जी भगवान संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज प्रणामी समाज के गुरुजनो के आशीर्वाद एवं संस्था के सेवाभावी सदस्यो एवं समाज के सेवाभावी धर्म प्रेमीजनो के सौजन्य से अभी तक लगातार 90 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण किया जा चुका है।आज रविवार 11 जुन 2023 को 91 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण कर सफलतापूर्वक संचालन किया गया। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में आज रविवार दिनांक 11 जुन 23



को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी(राधा-कृष्ण) मंदिर(मंगल राधिका सदानंद सेवा आश्रम) के प्रांगण मे संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल एवं अन्नापूर्णा भंडारे के संयोजक ओमप्रकाश सरावगी की देखरेख मे सह संयोजक पवन पोद्दार संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुरणमल सर्राफ,बबीता गुप्ता मनीष सोनी के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद एव अभावग्रस्त ग्रामीणों मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 91 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यो ने मंदिर में आये हुए पुरोहित के द्वारा पुरे विधि विधान से श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहा उपस्थित सभी महिलाओ,पुरूष श्रद्धालुओ को चंदन का तिलक करने भजन संकीर्तन कर सभी आये हुए श्रद्धालुओ को भगवान श्री राधा-कृष्ण जी की आरती देकर आज के 91 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया। आज के भंडारे मे संस्था ने भोजन के प्रसाद मे विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनो का कचोडी,पुडी,खीर,आलु टमाटर मिश्रित सब्जी,भेजिटेबल पुलाव एवं दही की छाछ का वितरण किया। आज रविवार दिनांक 11 जु 2023 को लगभग 1300 से ज्यादा श्रद्धालुओ राहगीरों एव जरूरतमंदों ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे के प्रसाद मे कचोडी,पुडी,खीर, आलु टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव एवं दही की ठण्डी छाछ का वितरण कर सेवा की गई।प्रत्येक सप्ताह श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे मे समाज के लोग बढ चढ कर अपनी भागेदारी निभा रहे है।अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने वालो की संख्या भी प्रत्येक सप्ताह बढती जा रही है। श्री कृष्ण प्रणामी निःशुल्क अन्नपूर्णा भंडारे की सेवा प्रत्येक रविवार को दोपहर 12:30 बजे से पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंदिर के प्रांगण में संस्था के द्वारा की जाती है।

## नेजाम नगर में10 दिनों के अन्दर लगेंगे चार चापानल : झामुमो

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची जिला समिति के जिला उपाध्यक्ष और महानगर के प्रभारी अश्विनी शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को हिन्दपीढ़ी के नेजाम नगर में सदस्यता अभियान चलाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए तमाम जन समस्याओं पर बिन्दुवार निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले जल है तो जीवन है, 10 दिनों के अन्दर ही हम इस इलाके में चार डीप बोरिंग करा कर जलमिनार से लोगों की प्यास बुझाऐंगे। क्रमवार बिजली, सड़क, नाली और विद्यालय जैसी समस्याओं का भी निराकरण अविलम्ब करने का प्रयास करेंगे। वहीं दूसरी स्थानीय निवासी मुस्लिम अंसारी और नजीम अंसारी के नेतृत्व में नेजाम नगर के सदर हाजी आफताब, सेक्रेट्री इस्माइल के साथ 300 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी को साधारण सदस्य का फार्म भरवा कर बुके, माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

# पोड़ैयाहाट में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का हुआ शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जिला में सड़क पॉलिटिक्स को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने सामने नजर आ रहे हैं। गोड्डा लोक सभा सांसद निशिकांत दूबे पोड़ैयाहाट में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत तीन सड़क का शिलान्यास कर रहे हैं। इसे लेकर क्रेडिट लेने का टशन भी शुरू हो गया है। शिलान्यास को लेकर भाजपा के कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं तो कांग्रेस ने इस शिलान्यास पर सवाल खड़ा कर दिया है।भाजपा विधायक अमित मंडल का कहना है कि सांसद उद्घाटन करते हैं तो गलत क्या है, विधायक भी इसमें आमंत्रित हैं। इसमें अगर किसी की निजी दुश्मनी है तो अलग बात है। लेकिन इसको लेकर जिला अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि सांसद निशिकांत दूबे सड़क का शिलान्यास कर रहे हैं जबकि इस पर अधिकार स्थानीय विधायक का होता है। क्योंकि इन सड़कों का निर्माण स्थानीय विधायक की अनुशंसा पर होता है और इसमें राज्य सरकार की बराबर की हिस्सेदारी है। वहीं उन्होंने सांसद पर आरोप लगाया कि उन्हें तो क्षेत्र की जानकारी तक नहीं कि कौन गांव किधर है। बस सड़क से गुजरते हैं और हमेशा वाहन में नारियल और लड्डू साथ लेकर चलते है, जहां कुछ दिखा तो शिलान्यास और उद्घाटन कर देते हैं।इस बाबत पीएमजीएसवाई के विभागीय कनीय अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क का पोड़ैयाहाट में तीन सड़क के शिलान्यास हो रहा है। जो केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त योजना है और दोनों की भागीदारी से ये सड़क बनती है और इसकी अनुशंसा स्थानीय विधायक के द्वारा की गई है। कुल 24 किलोमीटर सड़क का निर्माण पोड़ैयाहाट में होना है जो एफडीआर पालिसी के तहत बनेगा। इस पॉलिसी में सड़क निर्माण में लगे पुराने मटेरियल को रिसाइकिल कर इस्तेमाल किया जाता है।

## अस्वस्थ व अवगुणों के रूप में पाप मनुष्य के अन्दर मौजूद है

# मानसिक बीमारी के लिए योगाभ्यास अचूक उपचार



**संस्कारों में शुद्धि और शक्ति इसी जन्म में प्राप्त होती है। इस प्राप्ति के आधार पर ही भविष्य जगत सुखदायी बनता है। स जन्म के संचित संस्कारों का ही प्रतिबम्बि भविष्य जन्म है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा है कि आज के बिखरे अशांत व दुखी मनुष्य को अपना खोया हुआ व्यक्तित्व पुनः प्राप्त करने के लिए एक नवचेतना की जरूरत है। विकारी स्वभाव के कारण मनुष्य का अर्न्तमन अस्वस्थ और स्वभाव क्रूर हो गया है। इस मानसिक बीमारी के लिए योगाभ्यास अचूक उपाय है। निर्मला बहन ने रविवार को राजयोग प्रवचनमाला जारी रखते हुए ये उद्गार ब्रह्माकुमारी संस्थान चौधरी बगान में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि 'योग' नाम से आज कितने ही प्रकार की शारीरिक क्रियो प्रचलित हैं परन्तु शारीरिक क्रियाओं द्वारा मानसिक उपचार नहीं किया जा सकता। इसके बुद्धि में शुद्ध विचार डालकर अशुद्ध विचारों को बाहर निकालना जरूरी है। मानसिक दुर्बलताओं और अवगुणों के रूप में पाप मनुष्य के अन्दर मौजूद है। इनका दूर होना ही पाप का भस्म होना है। योग अपना प्रभाव इसी जन्म में दिखाता है। संस्कारों में शुद्धि और शक्ति इसी जन्म में प्राप्त होती है। इस प्राप्ति के आधार पर ही भविष्य जगत सुखदायी बनता है। इस जन्म के संचित संस्कारों का ही प्रतिबम्बि भविष्य जन्म है। मानव समूह के कुछ लोगों के मानसिक शुद्धि या पवत्रिता प्राप्त कर लेने पर अन्ततः सम्पूर्ण मानवता का मनोजगत ही परिष्कृत हो जायेगा। इस क्रम में जीवन के साथ-साथ जगत का परिष्कार अथवा शुद्धिकरण सम्पन्न हो जायेगा। परमात्मा शिव के अनुसार समूची मानवीय सृष्टि में सुख और शांति की स्थापना का यही भागवत कार्य आज सम्पन्न हो रहा है।

### महा जनसंपर्क अभियान में केंद्रीय भाजपा नेताओं के सघन प्रवास

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा नेताओं का सघन जनसंपर्क अभियान जारी है। पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे सिंधिया 13 जून से झारखंड के विभिन्न जिलों में तीन दिवसीय प्रवास पर हैं। रेल राज्यमंत्री राव साहेब पाटिल दानवे 12, 14 व 15 जून को संथाल परगना, कोल्हान प्रमंडल के पार्टी कार्यक्रम में होंगे शामिल होंगे। दानवे को चाईबासा लोकसभा सीट का प्रभारी भी सात जनवरी को बनाया गया था। वहीं, महाराष्ट्र राज्य के विधान पार्षद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो राम शिंदे 12 से 15 जून तक रांची, खूंटी एवं जमशेदपुर जिला के प्रवास पर रहेंगे। 12 एवम 13 जून को नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी पाकुड़, साहेबगंज जिला के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मोदी सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान जोर शोर से चल रहा।

# इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी फाइट के तकनीकों से अवगत हुए कराटे खिलाड़ी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी इमा के तत्वधान में 16 से 18 जून तक दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता की तैयारी के मद्देनजर बहु बाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में चल रहे सात दिवसीय विशेष कराटे प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक एवं राष्ट्रीय कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने एडवांस फाइट का प्रशिक्षण दिया। शिविर के दौरान खिलाड़ियों को स्कोर करने की जानकारी दी गई। साथ ही किस रणनीति के तहत खिलाड़ी अपनी जीत को पक्का कर सकते हैं से अवगत कराया गया। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा की खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। पिछले ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप के लिए शुरू किए गए तैयारी को ही खिलाड़ियों ने अभी तक जारी रखा हुआ है जिससे कि उनके प्रशिक्षण में काफी अच्छा रिजल्ट नजर आ रहा है।संभवत खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भी अपना उम्दा प्रदर्शन करेंगे।

## रांची झील बचाओ सत्याग्रह का 45वां दिन

# सीपी सिंह ने किया आंदोलन का समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राजधानी के हृदयस्थली में अवस्थित रांची झील (विवेकानंद सरोवर) को प्रदूषण मुक्त करने के लिए स्थानीय लोग पिछले 45 दिनों से अलग-अलग तरीके से लगातार सत्याग्रह कर रहे हैं। विवेकानंद सरोवर को बचाने के लिए आज हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक सीपी सिंह भी शामिल हुए। घंटा और ढोल बजाकर सरकार को जगाने की कोशिश, रांची बड़ा तालाब को बचाने की कवायदसीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की मांगः रांची झील बचाओ अभियान के बैनर तले सत्याग्रह करने वाले लोगों की एक ही मांग है कि राजधानी के अलग अलग इलाकों से नालियों के माध्यम से सरोवर में गिरने वाले कचड़े को रोका जाए। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से पहले नाले के पानी की सफाई हो, उसके बाद उस पानी को तालाब में गिराया जाए।विवेकानंद सरोवर की स्थिति दयनीयः भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा कि जब वह शहरी विकास मंत्री थे, तब तालाब के सौंदर्यीकरण की पहल की गई थी। उस समय तालाब में गंदा पानी नहीं गिरे, इसके लिए एसटीपी यानि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की बात थी, लेकिन काफी धीमी गति से एसटीपी का निर्माण कार्य चल रहा है। सीपी सिंह ने कहा कि जल्द ही वह जिला प्रशासन और नगर विकास के अधिकारियों से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि न सिर्फ विवेकानंद सरोवर बल्कि सभी जलाशयों का अस्तित्व बचाना बेहद जरूरी है। प्रदूषणमुक्त होने तक जारी रहेगा सत्याग्रहः आज झील बचाने के लिए चलाए गए हस्ताक्षर अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और झील बचाने के अभियान का समर्थन किया। रांची झील बचाओ अभियान के संयोजक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि आज उनके सत्याग्रह का 45 वां दिन है। बावजूद इसके जो तत्परता रांची नगर निगम, जिला प्रशासन और सरकार को दिखाना चाहिए था वह नहीं दिखा है। पूर्व मंत्री और भाजपा नेता की ओर से आश्वासन मिला है कि इस मुद्दे पर वह वरीय अधिकारियों से बात करेंगे।

### भाजपा पर टिप्पणी का सीएम को नैतिक अधिकार नहीं : बाबूलाल

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि भाजपा की राजनीति पर टिप्पणी करने का नैतिक अधिकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नहीं है। बाबूलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री की हैसियत नहीं है भाजपा से मुकाबला करने की। राज्य में आग लगाकरए वितृष्णा फैलाकर, टकराव पैदा करके, अलगाव की बातें करके, आपस में लड़ाके चुनाव जीतते हैं, तब आपकी नैतिकता, मूल्य, सिद्धान्त और विचार कहां चले जाते हैं। भाजपा विचारों से उत्पन्न दल है। भाजपा के लिए भारत प्रथम है। भाजपा की नीति और नीयत राष्ट्र का विकास और भारत के वैभव का प्रसार है। बाबूलाल मरांडी ने सवाल उठाते हुए पूछा कि आपके लिए प्रथम क्या है।

# तलवारबाजी संघ ने तीन दिवसीय समर कैंप का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड तलवारबाजी संघ के द्वारा तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन मोराबादी प्रशिक्षण केंद्र में किया गया जिसका समापन रविवार को किया गया। इस समापन समारोह में झारखंड तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष श्री अर्चित आनंद महासचिव श्री जयकुमार सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष कर्मवीर उराव उपस्थित हुए ,तलवारबाजी संघ के कोच रामाशीष सिंह एवं प्रेम उदय बैक खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण दीया इस प्रशिक्षण शिविर में लगभग 30 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया एवं खेल के नए नियमों से अवगत हुए झारखंड तलवारबाजी संघ के अधिकारियों ने यह आश्वस्त किया है इस तरह का शिविर कैंप लगता रहेगा प्रत्येक शनिवार संध्या 4:30 एवं रविवार प्रातः 6:30 प्रशिक्षण दिया जा रहा है इच्छुक खिलाड़ी जो प्रशिक्षण लेना चाहते है वह दिए गए नंबर पर कॉल कर सकते हैं।

## जमीयतुल ऐराकीन छोटानागपुर देही हल्का का शपथ ग्रहण समारोह

# झारखंड जमीयतुल एराकीन के कनवीनर बने शाह उमैर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** जमीयतुल ऐराकीन छोटानागपुर देही हल्का के नवनिर्वाचित अध्यक्ष-सचिव को इटकी मदरसा इमदादुल उलुम परिसर में रविवार को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में मौलाना मुनिर उददीन शमशी ने समाज के विकास और समाज में एकता लाने की शपथ दिलाई। उन्होंने जमीयत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद जावेद अहमद बयासी, उपाध्यक्ष हाजी खुर्शीद अहमद, महासचिव परवेज आलम, उप सचिव मुतुर्जा हसन, कोषाध्यक्ष मो जाहिद को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन इस्लाहुल एराकीन इटकी के अध्यक्ष अकील अहमद की अध्यक्षता में हुई। जिसकी शुरूआत मदरसा के छात्र कारी मोहम्मद दानिश ने तिलावत कुरान पाक से की। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष, सचिव को शपथ दिलाने के बाद कार्यकारिणी के सदस्यों को एक साथ शपथ दिलाई गई। मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष जावेद ने कहा कि समाज में फैली नफरत को खत्म कर शिक्षा को बढ़ावा देना है। समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने के लिए समर्पित रूप से काम करेंगे। वहीं प्रख्यात समाजसेवी खुर्शीद हसन रूमी ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम 8 महीना लेट हैं लेकिन कोई बात नहीं काम करना है। बीसी 2 से बीसी 1 में लाने के लिए सबको मिलकर काम करना होगा। साथ ही कई अहम मशवरा दिये। जमीयतुल ऐराकीन छोटानागपुर देही हल्का के सभा में रांची के समाजसेवी शाह उमैर को झारखंड का संयोजक चुना गया। वहीं शाह उमैर ने सभी लोगो का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि अलग से कोई कमिटी बनाने की जरूरत नहीं बल्कि देही हल्का कमिटी को ही मजबूत करने की जरूरत है।

### इस्कॉन सेंटर में कथा वाचन व प्रसाद वितरण



**रांची।** कमड़े स्थित इस्कॉन सेंटर में कथा वाचन और प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कथावाचक एचजी लीला राज कनाई दास ने शरणागति विषय पर कथा की। उन्होंने इस विषय पर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद कथा व कीर्तन महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर भूपति गोविंद दास, लीला राज कानी दास, धन राज प्रभु राम निवास प्रभु, मोहित प्रभु, सोनी माताजी, पूनम माताजी आदि कई भक्त उपस्थित थे। यह जानकारी इस्कॉन रांची के प्रबंधक एचजी भूपति गोविंद दास ने दी।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस

**अपील**

बाल श्रम एक सामाजिक कुप्रथा है, जो देश के भविष्य बच्चों के समेकित रूप से होने वाले विकास पर कुप्रभाव डालता है।

**बाल एवं अल्पव्यस्क श्रमिक (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986** के अन्तर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का नियोजन करना संज्ञेय (cognizable) अपराध है। नियोजित करने वाले ऐसे नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी (FIR) दर्ज की जाती है।

अतः सभी राज्यवासियों से अपील है कि इस कुप्रथा को समाप्त करने में सहयोग करें। बाल श्रमिकों का नियोजन न करें और नियोजन करने वाले को भी रोकें

बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु जिला के उपायुक्त/श्रम कार्यालय अथवा
**टॉल फ्री नंबर-18003456526** पर सूचित करें।

"बच्चों को पढ़ने दें
उन्हें आगे बढ़ने दें"



PR No.299770 (Labour Employment and Traning) 2023-24

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

## कार्यक्रम 'भारत के रंग-एकल के संग' सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न

# कलाकारों ने अपनी कला से लोगों का मन मोहा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** वनबंधु परिषद रांची चैप्टर के तत्वावधान में रविवार को गुरूनानक स्कूल के सभागार में एकल सूरताल टीम द्वारा 'भारत के रंग-एकल के संग' परिकल्पना पर देशभक्ति एवं देवभक्ति से भरपूर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। एकल सूरताल टीम की प्रमुख व्यास कथाकार करूणा ठाकुर (जम्मू) ने अपनी टीम के साथ गणेश वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रम का श्री गणेश किया। वंदे मातरम गीत पर दर्शकों ने करतल ध्वनि से एकल सूरताल टीम के कलाकारों का जोरदार अभिवादन किया। वहीं देशभक्ति गीतों की माला के तहत भारत की सांस्कृतिक विविधता, विशेषता, एकता, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, देशभक्ति एवं देवभक्ति की अनुपम झलक प्रस्तुत की गई। मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती। जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़ियां करती है बसेरा। हर करम अपना करेगें ,जैसे गीतों पर दर्शक श्रोता बंधु भगिनी ने कलाकारों के साथ सस्वर गुन गुनाए। इस कार्यक्रम में लोकनृत्य की श्रृंखला में राजस्थान, गुजरात, असम, महाराष्ट्र, दक्षिण भारत, पंजाब प्रांतो पर आधारित लोक नृत्य ने सबका मन लुभाया। कार्यक्रम की शोभा श्री कृष्ण नाटिका जो 45 मिनट तक मंचन किया गया। वह बेहद ही रोमांचित करने वाला प्रस्तुति था। जिसमें श्री कृष्ण जन्म, पुतना वध, रासलीला, कंस वध, विदुर प्रसंग, कृष्ण सुदामा मिलन आदि शामिल थे। एकल सुर ताल के लगातार प्रस्तुति में दर्शक श्रोताओं को दो घंटे का समय कैसे बीत गया, वह पता ही नहीं चला। एकल अभियान के एकल सूरताल टीम के 12 कलाकारों जिसमें 6 बहनें एवं 6 भईया शामिल हैं। ये सभी एकल अभियान के सेवाव्रती पूर्णकालिक कार्यकर्ता है। जिनके द्वारा यह कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। इन 12 कलाकारों में जम्मू से एक, मध्य प्रदेश 2, पंजाब से 2, हिमांचल से 2, उड़ीसा से 1, उत्तर प्रदेश 1 एवं झारखंड से 3 कलाकार शामिल है। ये सभी एकल सूरताल के कलाकार दिल्ली में 6 माह तक गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर मार्च 2023 माह से भारत वर्ष के विभिन्न प्रांतो में मंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहें है। गत तीन माह में बिहार, बंगाल, उत्तर प्रदेश एवं पूर्वोत्तर राज्य (असम) में 15 स्थानों पर 'भारत के रंग-एकल के संग' कार्यक्रम प्रस्तुत कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त 15 स्थानो पर सून्दरकांड पाठ एवं परिवार सम्पर्क के कार्यक्रम इस टोली द्वारा सम्पन्न हो चुके है। ज्ञात हो कि एकल सूरताल टीम द्वारा अमेरिका के 60 स्थानों पर इस प्रकार के कार्यक्रम सम्पन्न हो चुका है।

## पांच दिवसीय श्री राम कथा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी पूरी

# कलश यात्रा आज, 5100 महिलाएं होंगी शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रातू मेला टांड़ में श्री राम कथा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गई है। सोमवार से यहां महायज्ञ शुरू होगा, जो पांच दिनों तक लगातार यह कार्यक्रम चलेगा। आयोजन का अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि राज पैलेस के बड़ी मनी माधुरी मंजरी यज्ञ का शुभारंभ करेंगे। रातू मेला टांड़ में पहली बार महायज्ञ हो रहा है। यहां पांच हजार श्रद्धालुओं के लिए बैठने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए 10 हजार स्क्वायर फीट लंबी विशाल पंडाल बनाया गया है। इसमें राम कथा प्रवचन के लिए अलग पंडाल बनाया गया है। आचार्यों के विश्राम के लिए पुवाल के दो कुटिया बनाया गया है। आने जाने के लिए दो मुख्य गेट बनाए गए हैं। इस अवसर पर यज्ञ स्थल के पास भगवान राम, लक्ष्मण माता सीता और बजरंग बली का विशाल प्रतिमा स्थापित किए जाएंगे। महायज्ञ को देहरादून के गोपाल मनी महाराज हजारों श्रद्धालुओं को राम कथा का वाचन करेंगे। इसके अलावा बनारस से 11 आचार्य द्वारा यज्ञ को शुभारंभ कराएंगे। 12 जून को सुबह सात बजे सैकड़ों गांवों के हजारों महिलाएं मेला टांड़ में एकजुट होंगे। जयश्री राम का नारा लगाएंगे। गाजे-बाजे के साथ कलश को रवाना किया जाएगा। वहां से कलश को अपने माथे पर ढोते हुए सभी महिलाएं बड़ा तालाब पहुंचेंगी। वहां विशेष पूजा पाठ किए जाएंगे। उसके बाद पुनः यज्ञ स्थल पहुंचेंगे और पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, वेदी निर्माण के काम किए जाएंगे। शाम चार बजे गोपाल मनी महाराज द्वारा रामकथा का प्रवचन देंगे और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। 13, 14 और 15 जून को वेदी पूजन, अग्नि स्थापना, यज्ञाहुति होगी. शाम में संध्या आरती कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का भोग बांटा जाएगा और 16 जून को महाभंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

## रोटरी के कैंसर जांच शिविर में पांच लोगों में मिले कैंसर के लक्षण




**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** रोटरी गिरिडीह व गौरी देवी हॉस्पिटल दुगार्पुर ने संयुक्त रूप से रोटरी नेत्र चिकित्सालय में रविवार 11 जून को निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.शुभम, डॉ.अक्षय पटेल व डॉ. मीता साव ने 20 लोगों की जांच की। जांच के दौरान 5 लोगों में कैंसर के लक्षण पाए गए। चिकित्सकों ने बताया किल जिनमें कैंसर के लक्षण पाए गए है उनका बायोप्सी जांच दुगार्पुर स्थित गौरी देवी हॉस्पिटल में निःशुल्क की जाएगी। मरीजों को दुगार्पुर ले जाने की व्यवस्था भी निःशुल्क होगी। जांच के बाद उन सबका इलाज राज्य सरकार की ओर से संचालित मुख्यमंत्री असाध्य रोग योजना से किया जाएगा। शिविर के आयोजन में रोटरी गिरिडीह के अध्यक्ष डॉ. मो.आजाद, सचिव अमित गुप्ता, डॉ.तारकनाथ देव, डॉ.विनय गुप्ता, विकास बगड़िया, मनीष तर्वे, आशीष तर्वे, नरेंद्र सिंह व चरणजीत सिंह का अहम योगदान रहा।

## मैथन डैम में नहाने के दौरान केंद्रीय विद्यालय के छात्र की डूबने से मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** मैथन डैम में 11 जून की सुबह केंद्रीय विद्यालय, मैथन के छात्र की डूबने से मौत हो गई। कुमारधुबी निवासी 11वीं का छात्र विशाल वर्णवाल (17 वर्ष) रविवार की सुबह करीब 7 बजे डैम में नहा रहा था, तभी गहरे पानी में चला गया और डूब गया। स्थानीय लोग, नाविक और मछुआरों ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद शव को डैम से निकाला। मैथन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया। विशाल वर्णवाल काशी वर्णवाल का इकलौता बेटा था। घर में दो बहने भी हैं। पिता झारखंड-बंगाल सीमा स्थित डीबूडीह चेकपोस्ट पर दुकान चलाते हैं। बताया गया कि विशाल वर्णवाल अपने दोस्त दीपक गुप्ता के साथ रोजाना की तरह मॉर्निंग वॉक के लिये मैथन डैम गया था। टहलने के बाद दोनों कालीपहाड़ी चौक के समीप डैम में नहाने लगे। इस दौरान विशाल गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। दीपक ने उसे बचाने की भरपूर कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सका। अंत में दीपक ने किसी तरह तैरकर अपनी जान बचायी और घटना की सूचना परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही विशाल के माता-पिता सहित पूरा परिवार डैम पहुंचा। मैथन पुलिस भी पहुंचा। सभी ने मिलकर डैम में खोजबीन शुरू की।

## सर्पदंश से चार वर्षीया बच्ची की मौत

**चाईबासा।** नक्सल प्रभावित सारंडा जंगल क्षेत्र के गंगदा पंचायत अन्तर्गत दुईया गांव निवासी दारु चेरवा की चार वर्षीय पुत्री की शर्पदंश से मौत हो गई। यह घटना शनिवार को मध्य रात्रि की बताई जा रही है। घटना के बाबत पीड़ित परिवार ने बताया की गर्मी की वजह से घर के सभी परिवार व मृतका बच्ची जमीन पर सोये थे। इसी दौरान विषैले सांप ने बच्ची के सर पर कब डंस लिया किसी को पता नहीं चल पाया। जब परिजनों की निंद खुली तो बच्ची को मृत पाया। बच्ची के ललाट पर सर्पदंश के निशान पाये गये है। उल्लेखनीय है कि मृतका का घर जंगल के बीच में है। यहां सापों का बसेरा है। क्षेत्र में चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध नहीं है और ना ही यातायात का कोई साधन उपलब्ध है की दूसरे जगह जा कर इलाज कराया जा सकें।

## पुराने ब्लॉक के कमरे का तोड़ा ताला, बिखरे मिले दस्तावेज



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड के पुराना ब्लॉक में अज्ञात लोगों ने एक कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखे दस्तावेज बिखेर दिये। रविवार 11 जून को 108 एंबुलेंस कर्मी ने तिसरी बीडीओ संतोष प्रजापति को इसकी सूचना दी। जिसके बाद बीडीओ ने पुराने ब्लॉक परिसर का मुआयना किया। बीडीओ ने देखा कि एक रूम का ताला टूटा हुआ है और वहां पर कागजात बिखरे पड़े हैं। जिसमें पुराना रजिस्टर, रसीद की कॉपी शामिल थे। जिसे बीडीओ ने एक कमरे में वापस रखवा दिया। जिस कमरे का ताला तोड़ा गया था वह सीडीपीओ का कमरा बताया जा रहा है। बीडीओ ने कहा कि स्थानीय थाना को विभाग की ओर से सूचना दी जाएगी। साथ ही कमरे में नया ताला लगा दिया गया है। बता दें कि प्रखंड कार्यालय अब दूसरे जगह पर शिफ्ट हो गया है। पुराना ब्लॉक परिसर वीरान हो जाने से असामाजिक तत्वों इस तरह की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

## घाटशिला : गीतांजलि ट्रेन से गिर कर रामपुरहाट के 22 वर्षीय युवक की मौत

**जमशेदपुर।** धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के सोनाखुन गांव के समीप गीतांजलि एक्सप्रेस ट्रेन से रेलवे ट्रैक पर गिरने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट निवासी स्व. आलमगीर शेख के चचेरे भाई मिठू शेख ने रविवार को अनुमंडल अस्पताल में घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गांव के 5 युवक के साथ आलमगीर शेख महाराष्ट्र काम करने गया था। महाराष्ट्र में दो-चार दिन रहने के बाद वापस घर लौट रहा था। ट्रेन से कैसे गिरा नहीं पता है। धालभूमगढ़ पुलिस ने फोन के माध्यम से घर पर सूचना दी। इसके बाद शव को लेने के लिए घाटशिला अनुमंडल अस्पताल पहुंचे हैं। हालांकि घाटशिला के समाजसेवी कालीराम शर्मा ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को पश्चिम बंगाल भेजने की व्यवस्था की।

## धनबाद : बीसीसीएल के रिटायर कर्मी का शव नाले में मिलने से अफरातफरी

**धनबाद।** धनबाद के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के धोवाटांड़ स्थित जावा शो रूम के पास नाले में 11 जून की दोपहर एक शव मिलने से अफरातफरी मच गई। शव की पहचान बस्ताकोला चांदमारी निवासी विश्वरंजन सिंह उर्फ आजाद सिंह (उम्र 60 वर्ष) के रूप में हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाया। पुलिस को मृतक की जेब आई कार्ड मिला है, जिसके अनुसार विश्वरंजन सिंह बीसीसीऐल से रिटायर्ड थे। पुलिस की सूचना पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडे ने बताया कि शव को पोस्मार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया है। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार, विश्वरंजन संह 10 जून की रात करीब 8.30 बजे बाजार जाने की बात कहकर घर से निकले थे।

## छविनाथ सिंह की 5 वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**बोकारो।** मजदूरों नेता छविनाथ सिंह की 5 वीं पुण्यतिथि फुसरो स्थित उनके आवासीय कार्यालय में मनाई गई। यहां पूर्व सांसद सह राकोमसं के नेता चन्द्रशेखर दूबे उर्फ ददई दूबे सहित अन्य उपस्थित लोगों ने छविनाथ सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। मौके पर श्री दुबे ने कहा कि छविनाथ सिंह मजदूरों के नेता थे। मजदूरों की सेवा के लिए वे हमेशा तत्पर रहते थे। इनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम सभी उनके आदर्शों पर चलेंगे। पूर्व सांसद ने कहा कि मरते दम तक मैं छविनाथ सिंह के परिवार का साथ नहीं छोडूंगा। मजदूर नेता गिरजाशंकर पाण्डेय और वरूण सिंह ने कहा कि मजदूरों की समस्याओं को सुनकर छविनाथ सिंह दौड़े आते थे। उन्हें मजदूरों का मसीहा कहा जाता था। कार्यक्रम में भाग लेने वाले अथितियों का ढ़ोरी के क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुराग सिंह ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन एरिया सचिव मंगरा उरांव ने किया। मौके पर संतोष कुमार, आशुतोष कुमार सिंहा, हराधन दत्ता, बबन रजक, शिबू दिगार, मुन्ना मिश्रा, अरविंद शर्मा, मोहम्मद तौकीर खान, सुनील वर्मा, शुभम सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, अशोक ओझा, सुनील सिंह, गुरू प्रसाद, कृष्णा कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## अवैध विदेशी और नकली शराब की बड़ी खेप बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** अवैध शराब को लेकर चतरा डीसी और एसपी सख्त हैं। डीसी अबु इमरान के निर्देश पर उत्पाद अधीक्षक शिव कुमार साहू ने चतरा के हंटरगंज प्रखंड के नावाडीह इलाके में छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान नावाडीह के पनारी गांव के विभिन्न जगहों से भारी मात्रा में अवैध विदेशी और नकली शराब बरामद की गई। साथ ही मौके से भारी मात्रा में स्टीकर भी बरामद की गई। जिसे टीम ने जब्त कर लिया। इस मामले में ग्राम पनारी के राजेश यादव (पिता झ राजेन्द्र यादव), संजय यादव (पिता झ सुकुल यादव), सुनील यादव (पिता झ लखन यादव), जितेंद्र यादव (पिता झ शिव यादव), केलयादव (पिता झ मूलचंद यादव), कारू यादव (पिता झ स्व सुखदेव यादव) एवं ग्राम घंघरी से अजय दास को मुख्य अभियुक्त बताया गया है। सभी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि नावाडीह के पनारी गांव में अवैध विदेश शराब के कारोबार की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए छापेमारी की गई, जिसमें सफलता भी मिली। हालांकि इस छापेमारी में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मौके से टीम ने भारी मात्रा में विभिन्न ब्रांड के अवैध नकली शराब बरामद की। बरामद शराब में 375 एमएल की विभिन्न ब्रांड के 1315 बोतल, 750एमएल की 164 बोतल, 180 एमएल की 620 बोतल और बीयर की 120 बोलत शामिल है। कुल मिलाकर 720.7 लीटर अवैध विदेशी और भारी मात्रा में नकली शराब भी मौके से बरामद की गई।

## झारखंड बंद सिंदरी व ग्रामीण इलाकों में असरदार



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** राज्य में 60/40 नियोजन नीति के विरोध में छात्रों के झारखंड बंद का धनबाद जिले के सिंदरी व ग्रामीण क्षेत्रों में असर दिखा। झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के दो दिवसीय बंद के दूसरे दिन 11 जून को करमाटांड़, बलियापुर, सिंदरी, तेतुलमारी, बाघमारा आदि क्षेत्रों में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर नारेबाजी की। सुबह से दर्जनों छात्रों ने पोस्टर-बैनर लेकर सड़क पर बैठ गए। इससे कई स्थानों पर यातायात प्रभावित रहा। इस दौरान दुकानें बंद रही, जबकि शहरी क्षेत्रों में स्थिति सामान्य रही. सैकड़ों की संख्या में छात्र सड़क पर उतरकर शक्ति नाथ महतो चौक को 5 घंटे जाम रखा। इससे राजगंज, तेतुलमारी, धनबाद और बाघमारा की ओर आने जाने वाली सभी गाड़ियां जाम में फंसी रही। इस मौके पर छात्र नेता अजीत महतो, राजा बाबू, रिजवान क्रांतिकारी, राजीव महतो, रंजीत कुमार, रूपलाल महतो, टुनटुन महतो, संतोष महतो, हरि महतो, गोविंद महतो, दुलाल, विक्रम, सौरभ महतो सहित सैकड़ों छात्र मौजूद थे। इधर, सिंदरी में बंद समर्थकों ने लाठी डंडे के बल पर शहरपुरा बाजार को बंद रखा। दुकानदारों ने इस बंद का विरोध करते हुए सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स सचिव दीपक कुमार दीपू के नेतृत्व में सिंदरी एसडीपीओ के आवास का घेराव भी किया। कहा कि शुक्रवार को साप्ताहिक बंदी थी, शनिवार को आन्दोलनकारियों ने बंद कराया और रविवार को फिर दुकानों को बंद कराना गलत है। मौके पर पहुंचे सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह ने दुकानदारों को आश्वासन देकर हटाया कि दुकानदारों को पुलिस सुरक्षा देगी और स्थिति को सामान्य रखा जाएगा। पुलिस बल सिंदरी बाजार पहुंचकर बंद समर्थकों को हटाने की कोशिश की परंतु बंद समर्थकों ने लाठी-डंडे के जोर पर पुलिस बल के सामने ही किसी दुकान को खुलने नहीं दिया।

## एक्वा वर्ल्ड में बच्चों ने वैंपायर और चुड़ैलों के साथ किया रैंप वॉक



**रांची।** रांची के एक्वा वर्ल्ड, (मछलीघर) द्वारा आयोजित किए जा रहे समर हॉलिडे कार्यक्रमों के सुपर संडे श्रृंखला में रविवार को ह्वहॉरर नाइटह्व का आयोजन किया गया। मॉडलों ने वैंपायर, प्रेत, चुड़ैल, भूत के वेश में बच्चों के साथ रैंप पर कैटवॉक किया. पूरे परिसर को हॉरर थीम पर सजाया गया था। एक हॉरर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था. बच्चों की भीड़ सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाने के लिए जुटी रही। हॉरर फिल्मों से जुड़े गीतों पर आधारित क्विज टाइम भी हुआ। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने भूतों के साथ जमकर डांस कर धमाल मचाया।

## केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कई गांवों का किया दौरा, बोलीं

# वंशवाद की नहीं, विकास की बात करती है भाजपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** स्थानीय सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रविवार 11 जून को गावां प्रखंड के तराई, चरकी, नीमाडीह, जमडार, माल्डा व नगवां सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगो की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने तराई में उच्च विद्यालय, गावां प्रखंड में डिग्री कॉलेज, नया राशन कार्ड बनाने, वृद्धा पेंशन व विधवा पेंशन की स्वीकृति जैसी मांगें रखीं। जिसके बाद अन्नपूर्णा देवी ने मौके पर ही बीडीओ महेंद्र रविदास को जरूरतमंदों को वृद्धा व विधवा पेंशन की स्वीकृति के लिए जरूरी कदम ठाने का निर्देश दिया। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं के साथ सांगठनिक बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भाजपा का एक ही उद्देश्य है कि हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो। पार्टी में सदैव देशहित सर्वोपरि है। भाजपा परिवारवाद की राजनीति नहीं करती है। हेमंत सरकार को आड़े हाथों लेते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हेमंत सरकार वंशवाद व परिवारवाद की बाढ़ में बह रही है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि गांवा और आसपास के हजारों लोग ढिबरा (माइका) पर आश्रित है। लेकिन हेमंत सरकार ने इस क्षेत्र में ढिबरा बंद कर यहां के हजारों लोगों को बेरोजगार कर दिया है। हेमंत सोरेन सिर्फ अपनी झोली भरने में व्यस्त हैं। मौके पर श्री राम यादव, चन्द्रशेखर आजाद, आनन्दी यादव, अमरदीप निराला, राजेन्द्र मिस्त्री, अशोक साव, सहदेव साव, लखन राम, अजित राउत प्रकाश पंडित, सुरेंद्र यादव व कॉंग्रेस यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आठ सरकारी आवासीय विद्यालयों में वर्चुअल रियलिटी लैब शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के आठ सरकारी आवासीय विद्यालयों में आभासी वातावरण में बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए वर्चुअल रियलिटी लैब(वीआर लैब) का संचालन किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी नवाचार के तहत संचालित वीआर लैब, विद्यालयों में आवासित बच्चों को ई-लर्निंग तकनीक का इस्तेमाल होगा। इसमें शामिल वीआर हेडसेट बच्चों को एकाग्रता में सुधार करने, व्यक्तिगत तौर पर सीखने की इच्छा को विकसित करने के अलावा सीखने के अंतराल को कम करने में काफी उपयोगी है। विशेष केंद्रीय सहायता निधि(एससीए) से अधिष्ठापित वर्चुअल रियलिटी लैब में सभी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर संसाधनों व नेटवर्क डिवाइस, स्टोरेज केस, बीन बैग आदि की उपलब्धता है। छात्रों एवं शिक्षकों हेतु संपूर्ण सामग्री कवरेज प्रदान करने के लिए जैक बोर्ड एवं एनसीईआरटी की पाठ्यक्रम आधारित होगी। क्लास पांच से 10 तक के लिए विज्ञान, फिजिक्स/केमेस्ट्री/बायोलॉजी के लिए व्यवहारिक प्रैक्टिकल मटेरियल के अलावा ऐतिहासिक, पर्यटन से संबंधित विषय वस्तुओं को शामिल किया गया है।

# रामगढ़ के अलग-अलग क्षेत्रों में 7 ओपन जिम बनकर तैयार

## खुली हवा में आधुनिक उपकरणों के साथ जिलेवासी रख सकेंगे अपनी सेहत का ख्याल : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा एवं जिला प्रशासन की पहल से सीएसआर के तहत रामगढ़ जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 7 जगहों पर ओपन जिम का निर्माण कराया गया है। इसके लिए पूर्व में जिला प्रशासन रामगढ़ एवं सीसीएल, दरभंगा हाउस रांची द्वारा एमओयू किया गया था। जिसके उपरांत लगातार समन्वय कर बेहद कम समय में जिलेवासियों के लिए सभी 7 ओपन जिम का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। सीएसआर के तहत मांडू प्रखंड अंतर्गत बड़गांव पंचायत भवन के समीप, मांडूचट्टी बाजारटांड़ एवं कुजू पब्लिक हाई स्कूल, पतरातू प्रखंड अंतर्गत भुरकुंडा पंचायत भवन के समीप, सयाल हिल व्यू स्टेडियम के समीप, मयूर स्टेडियम रिवर साइड बुध बाजार एवं चितरपुर प्रखंड अंतर्गत अर्पणा वाटिका में ओपन जिम का निर्माण कराया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत उपायुक्त द्वारा आधिकारिक रूप से जल्द से जल्द जिलेवासियों के लिए ओपन जिम का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, संचालन शुरू होने के उपरांत जिलेवासी खुली हवा में आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर अपनी सेहत का ख्याल रख सकेंगे। इस संबंध में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सीएसआर के तहत जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में 7 ओपन जिम अधिष्ठापित करने के लिए सीसीएल दरभंगा हाउस रांची का धन्यवाद करते हुए कहा कि वर्तमान समय में लोग इतने व्यस्त हैं कि अपनी सेहत के लिए समय नहीं निकाल पाते वही अधिक व्यस्तता से तनाव भी उत्पन्न होता है। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व में जहां बच्चे मनोरंजन के लिए ज्यादा समय खेल मैदानों में बिताते थे वही आज के दौर में बच्चे ज्यादातर समय मोबाइल इस्तेमाल करने पर दे रहे हैं। ऐसे में आने वाले समय में उन्हें गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। ओपन जिम का निर्माण करने का उद्देश्य सभी आयु वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य के लिए पहल करना है। जहां लोग तनाव कम करने के लिए सुबह या शाम के वक्त टहलते हैं उसी जगह उन्हें अगर आधुनिक उपकरण उपलब्ध होंगे तो कहीं ना कहीं वे टहलने के साथ कसरत भी कर सकेंगे। साथ ही बच्चे आधुनिक उपकरणों के इस्तेमाल से मनोरंजन के साथ-साथ अपना स्वास्थ्य भी अच्छा रख सकेंगे। गौरतलब है कि ओपन जिम में सीट अप बोर्ड, चेस्ट प्रेस कम सीटेड पुलर, डबल स्टैंडिंग ट्विस्टर, सीट अप बेंच, पैरलल बार, मंकी बार, लेग प्रेस, ताईची(2इन1), क्रॉस ट्रेनर, ट्रिपल स्टैंडिंग ट्विस्टर, 3 इन 1 एयर वॉकर सोल्डर बिल्डर एवं लेग प्रेस सहित अन्य आधुनिक उपकरण उपलब्ध होंगे।

# सूर्यकुंड धाम भूमि बचाव संघर्ष समिति गठित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** निर्धारित समयानुसार प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम परिसर में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्तियों की एक बैठक आहूत की गई। बैठक कि अध्यक्षता विजय पाण्डेय के द्वारा किया गया जबकि संचालन जिप प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय ने किया। उक्त बैठक का मुख्य उपदेश सूर्यकुण्ड धाम परिसर के आसपास गैरमजरूआ भूमि को संरक्षित करना व भूमाफियाओं के द्वारा किस प्रकार से कागजाती फजीर्वाड़ा किया जा रहा है,इस विषय पर वरीय अधिकारियों को मामले से अवगत कराना रहा।वहीं कुंड के आसपास साफ-सफाई की व्यवस्था एवं सूर्यकुण्ड परिसर में सरकार के द्वारा लगाए गए बिजली उपकरणों की मरम्मती करना समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर सूर्यकुण्ड धाम भूमि बचाव संघर्ष समिति का गठन किया गया।जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष देवेन्द्र पाण्डेय,संयोजक राजकुमार नायक व तेजनारायण पाण्डेय, सचिव चंद्रकात पाण्डेय, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार पाण्डेय, उपकोषाध्यक्ष अजीत पाण्डेय,सह सचिव संतोष कुमार पाण्डेय व शेषनाथ सिंह का चयन किया गया वंही निगरानी समिति के रूप में रिंकू मालाकार, मनोज चंद्रवंशी, विकास दास, जितेंद्र पासवान, राजू पासवान, सोनू पाण्डेय, ब्रह्मदेव पाण्डेय, विक्रांत पाण्डेय, नंददेव कुमार, महेश चंद्रवंशी का चयन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नंदकिशोर ठाकुर, विनोद गिरि, रामजी पाण्डेय, चंद्रिका पाण्डेय, श्याम प्रसाद वर्णवाल, सुनील ठाकुर के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### आईटीआई में नामांकन के लिए सूचना जारी

**बरही ।** औद्योगिक संस्थान केंद्र बरही के चार ट्रेड इलेक्ट्रीशियन, फिट्टर, वेल्डर और डीजल मेकेनिक के लिए नामांकन की सूचना जारी हो चुके है। जानकारी देते हुए प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि 15 जून से नामांकन प्रपत्र उपलब्ध हो जाएंगे। जो 5 जुलाई के संध्या 5 बजे तक स्वीकार किए जायेंगे। नामांकन पत्र आईटीआई के आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है । उन्होंने बताया की इलेक्ट्रीशियन, फिट्टर, वेल्डर प्रत्येक ट्रेड के लिए 40 और डीजल मेकेनिक के लिए 48 सीट उपलब्ध है।

## जिप सदस्य ने किया विद्यालय परिसीमा का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजकीय बुनियादी विद्यालय बेलकप्पी में जिप सदस्य प्रेणा प्रिया ने विद्यालय की परिसीमा का शिलान्यास किया। मौके पर जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने संवेदक को गुणवता पूर्वक एवं समय पर काम करने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा ग्रामीणों द्वारा विगत कई दिनों से चाहरदिवारी की निर्माण की मांग की जा रही थी जिसे आज विद्यालय की समस्या दूर की जा रही है। शिलान्यास के मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पांडेय, उप मुखिया छत्र धारी ठाकुर, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष संतोष पांडेय, बबलू पांडेय, रवि गोस्वामी, सुनील नायक, सुरेश पांडेय समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** प्रनीत टावर के प्रांगण में 11 जून को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीसीएल गिद्दी सी प्रबंधक अंजनी कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि सुजीता गुप्ता, मुकेश कुमार झा,चंदन कुमार राज उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्रनीत टावर में रह रहे छात्र आयुष आर्यन,छात्रा नयाशा हंसी, अंकिता नारायण को 10वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने और संचिता झा को 12वीं में बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र एवं मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया। मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन प्रनीत टावर फ्लैट ऑनर वेलफेयर सोसाइटी रामगढ़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अंजनी कुमार सिंह ने कहा की देश के भविष्य को बच्चों को बेहतर तरीके से शिक्षा प्रदान करके ही संवारा जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन सतीश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विनोद कुमार उपाध्याय, राजेश कश्यप, चंद्रवीर नारायण मौजूद थे।

### निजी और सरकारी सभी विद्यालय 14 जून तक बंद

**बरही ।** अत्यधिक गर्मी और लू को देखते हुए राज्य में ग्रीष्मावकाश की अवधि बढ़ा दी गई है । इस संबंध में के रवि कुमार सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने निर्देश जारी कर दिया है । जारी निर्देश के आधार पर राज्य के सभी निजी या सरकारी विद्यालय 14 जून तक बंद रहेंगे । उक्त निर्देश विभाग के सभी वरीय पदाधिकारियों को पालन करने हेतु पत्र जारी किए जा चुके है । विदित हो कि पूर्व के निर्देशानुसार सभी विद्यालय 12 जून को खोलना निर्धारित था, जिसे तीन दी और विस्तारित किए गए है।

# बिजली के तार के संपर्क में आने से ट्रक में लगी आग, बिचाली जलकर राख



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** डुमरी से बिचाली लेकर आ रही 407 वाहन में आग लगने से अफरा तफरी मच गई । घटना रविवार के दोपहर करीब पौने बारह बजे की है ।वाहन में लगी आग की लपटे इतनी तेज थी की चंद मिनटों में ही वाहन पूरी तरह आग के हवाले हो गया। उसमे रखा बिचाली धू धू कर जलने लगा ।आस पास के लोग अपने घरों को बचाने में लग गए। समीप के गोशाला भी आग की लपेट में आ गया। स्थानीय लोगो के प्रयास से जानवरों को बचाने का काम किया गया । आग के कारण वाहन नंबर भी नही दिखाई पड़ रहा था । चालक भी फरार हो गया था । प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार आग लगने के मुख्य कारण वाहन का बिजली तार के संपर्क में आना बताया जा रहा है । लोगो ने बताया कि वाहन डुमरी से बिचाली लेकर बरसोत के दीपक पाठक के घर जा रहा था इसी क्रम में यह घटना घटी है। स्थानीय लोगो ने जेनरेटर चलाकर मोटर चलाकर आग बुझाने का काम किया । ग्रामीणों की सूचना पर कुछ ही देर ने अग्निशमन दल भी पहुंचकर आग बुझाने का काम किया । घटना में किसी भी प्रकार के हताहत की जानकारी नही मिली है ।

### डेढ़ किलो अफीम के साथ मियां-बीवी गिरफ्तार

**चतरा।** सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लावालौंग कोलकोले कला क्षेत्र के एक घर से पुलिस ने डेढ़ किलो अफीम बरामद किया है। पुलिस ने अफीम रखने के आरोप में मियां-बीवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सिमरिया एसडीपीओ अशोक रविदास ने बताया कि एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि गांव कोलकोले कला के कटहर टोला में मो. अब्बास के घर से अवैध अफीम मिली। अधिक पैसे कमाने के चक्कर में मो. अब्बास बाहरी व्यक्ति को अफीम बेचने की जुगत में था। पुलिस ने उसके घर पर दबिश दी तो मामला उजागर हो गया।

# 25 को आकाश पैलेस में होगा सम्मान समारोह



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** सीबीएसई और जैक की परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अनुमंडल के सभी विद्यार्थियो को प्रजापति समाज सम्मानित करेगा । उक्त निर्णय रविवार को होटल आकाश पैलेस में अनुमंडलीय स्तरीय प्रजापति समाज की बैठक लिया गया । बैठक प्रखंड अध्यक्ष कमल शंकर पंडित के अध्यक्षता में हुई। जिसमे कार्यक्रम की रूपरेखा, तिथि और स्थान पर चर्चा किया गया । सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 25 जून को बरही के होटल ए के पैलेस में कार्यक्रम आयोजित किए जायेगा ।उक्त जानकारी प्रखंड अध्यक्ष ने दी । गया है। उन्होंने बताया की विद्यार्थियो के मनोबल और हौसलावर्दन के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है । यह हम सबों के लिए गर्व की बात है कि हमारा अनुमंडल पढ़ाई के क्षेत्र में दिन प्रतिदिन प्रगति के पथ पर नए मुकाम गढ़ रहा है ।बैठक में प्रखंड अध्यक्ष सहित, जिला सचिव गोपाल पंडित , चौपारण प्रखंड अध्यक्ष रामावतार प्रजापति संतोष प्रजापति सुरेंद्र प्रजापति, नरेश प्रजापति, जागेश्वर पंडित, दिनेश प्रजापति, प्रमेशवर पंडित, गणेश पंडित,नरायण पंडित, रामेश्वर पंडित आदि उपस्थित थे ।

# पूर्व विधायक ने प्रतिभावान छात्रों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** संगम इंटर कॉलेज बसरिया व सक्सेस प्वाइंट बसरिया द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मैट्रिक व इंटर टॉपर बच्चो को सम्मानित किया गया। बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मौजूद थे। निदेशक प्रकाश रजक व शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि आपकी सफलता लगातार मेहनत का परिणाम है। यह उड़ान की शुरूआत है. आपको अभी लंबा सफर तय करना है। सपना देखना बुरी बात नही है, सपना के अनुरुप आपको परिश्रम करना पड़ेगा। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रकाश रजक ने बसरिया में शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। टॉपर बच्चों को मनोज यादव ने एक-एक फलदार पौधा दिया और उसका संरक्षण करने को कहा। संगम इंटर कॉलेज से विज्ञान संकाय टॉपर शिखा कुमारी, विकास कुमार, साक्षी कुमारी, कला संकाय में अंगिरा कुमारी, उमा कुमारी, अमित कुमार साथ ही सक्सेस प्वाइंट बसरिया के साक्षी कुमारी, विशाल कुमार, निखिल कुमार आदि को प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और एक-एक फलदार पौधा देकर समान्नित किया गया।

**बंद का नजारा** | नियोजन नीति के विरोध में रांची-पटना व रामगढ़-बोकारो मार्ग पर लगी वाहनों की लंबी कतार

# दूसरे दिन भी बंद का व्यापक असर, सड़क पर उतरे समर्थक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राज्य सरकार की नियोजन नीति से नाखुश झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन ने राज्य में दो दिवसीय बंद का आयोजन किया। जिसका रविवार को दूसरा दिन था। दूसरे दिन बंद का रामगढ़ में व्यापक असर दिखा। बंद समर्थक छात्रों एवं ग्रामणों ने टायरमोड़ के निकट सड़क को जाम कर दिया। जिससे वहां वाहनों की कतार लग गई। इधर, बंद समर्थक छात्रों ने कोठार ओवरब्रिज के समीप रांची-पटना मार्ग एवं रामगढ़-बोकारो मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया। जिससे दोनो मार्गों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। बंद के कारण सफर पर निकले लोगों को इस चिलचिलाती धूप में भारी मुश्किलों से जूझना पड़ा। लोगों ने कहा की हम छात्रों के आंदोलन के साथ हैं, पर इस आंदोलन के कारण हम सबों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, बंद समर्थक झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के सदस्यों ने कहा की हम 60-40 की राज्य सरकार की नियोजन नीति को नही मानते हैं। कहा की राज्य सरकार नयी नियोजन नीति बनाए, जो की 90-10 पर आधारित हो। कहा की ऐसी नियोजन नीति बनने से राज्य के बेरोजगार युवक और युवतियों को लाभ होगा। इसलिए हम 60-40 की नियोजन नीति का विरोध कर रहे हैं और नई नियोजन नीति बनाने की मांग कर रहे हैं। कहा की यदि हमारी मांग नही मानी गई तो आनेवाले समय में हम इससे भी व्यापक आंदोलन को विवश होंगे।



### अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**बरही।** आगमी 21 जून को बरही प्रखंड में 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस होने वाला है। योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता पतंजलि के योगाचार्य सह जिला सोशल मीडिया प्रभारी अनिल कुमार मिश्रा ने किया। जिसमें सभी प्रखंड प्रभारी, योग शिक्षक और साधकों ने हिस्सा लिया। बैठक में पंचायत स्तर पर योग शिविर लगाकर घर-घर तक योग का दीप जलाने का निर्णय लिया गया। योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने उपस्थित लोगों से योग दिवस के लिए खुद को तैयार रहने को कहा। ताकि जरुरत पड़ने पर बतौर योग शिक्षक के रूप में सेवा दे सकें। बैठक में भारत स्वाभिमान के प्रखंड प्रभारी नरेश यादव, योग विस्तारक इंद्रदेव प्रसाद गुप्ता, योग शिक्षिका सुनैना कुमारी, युवा प्रखंड प्रभारी रवि कुमार, जिला महिला प्रभारी अनीता देवी, महिला प्रखंड प्रभारी रंजू देवी, प्रखंड किसान प्रभारी अशोक कुमार राणा आदि लोग शामिल हुए।

# जल सेवा से बढ़ कर कोई सेवा नहीं: बीरेंद्र तिवारी

## संचालित वाटर कूलर का व्यवहार न्यायालय में डीजे ने किया शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**
**झुमरी तलैया।** मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा के तत्वाधान में अमृतधारा योजना के तहत कोडरमा व्यवहार न्यायालय में एक वाटर कूलर का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने फीता काटकर तथा राहुल जैन ने पूजा अर्चना कर किया । मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डीजे वीरेंद्र कुमार तिवारी को प्रेरणा शाखा के अध्यक्ष श्रेया केडिया और सचिव सारिका लड्ढा ने बुके देकर सम्मानित किया । मौके पर डीजे तिवारी ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है । इसी के तहत राष्ट्र सेवा प्रकल्प अमृत धारा योजना के तहत व्यवहार न्यायालय में आने जाने वाले लोगों को शुद्ध व ठंडा पेयजल आसानी से मिल सकेगा । इसके लिए वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जल सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। वहीं अध्यक्ष श्रेया केडिया , सचिव सारिका लड्ढा , परियोजना निदेशक नेहा हिसारिया , मिनी हिसारिया ने कहा कि प्रेरणा शाखा का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा है और अमृत धारा योजना के तहत शहर के कई स्थलों पर अस्थाई रूप से पियाऊ लगाकर भी राहगीरों के लिए जल उपलब्ध कराया जा रहा है और शीघ्र ही कोडरमा रेलवे स्टेशन पर एक नया वाटर कूलर का भी शुभारंभ किया जाएगा । उन्होंने बताया कि सेवा प्रकल्प के तहत प्रेरणा शाखा के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ , कन्या भ्रूण संरक्षण , रक्तदान शिविर , गौ आहर कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किया जाता है। चंदा रोलर फ्लावर मिल के द्वारा प्रेरणा शाखा को यह वाटर कूलर उपलब्ध कराया गया है, जिसकी देखरेख प्रेरणा शाखा करेगी। इस अवसर पर राहुल जैन के अलावा मीना हिसारिया, दीपा गुप्ता, नेहा जैन , ज्योति परसरामपुरिया, श्वेता गुटगुटिया, उषा शर्मा आदि उपस्थित थे।

### गौशाला समिति की बैठक, तीन नये कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया

# गौशाला के विकास कार्यो पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**
**झुमरी तिलैया।** श्री कोडरमा गौशाला समिति की एक बैठक शिव वाटिका में हुई। बैठक में गौशाला के विकास कार्यो पर चर्चा हुई। सर्व प्रथम सरस्वती वंदना किया गया। उसके बाद अध्यक्ष प्रदीप केडिया ने गौशाला की प्रगति पर चर्चा की गई और गौशाला के विकास कार्यो में नगरवासियों के जिलावासियों को सहयोग के लिए साधुवाद दिया। वहीं सचिव ओम प्रकाश खेतान में गौशाला परिसर में हरा चारा उत्पादन पर जोर दिया और गौशाला में 25 फीट की दीवार लगाने की बात कही। जिससे गाय को चारा मिल सके। दीवार लगाने में लगाने वाली राशि के लिए उन्होंने सहयोग की अपील भी की। वहीं गोग्रास के लिए 41 हजार की राशि अवतार सिंह खालसा के द्वारा दिये जाने पर अध्यक्ष के द्वारा सॉल पहनकर उसे सम्मानित किया गया। इसके अलावा



तीन नये कार्यकारिणी सदस्य भी बनाये गये। जिसमें सज्जन शर्मा, पवन चौधरी, गोपाल बगडिया का नाम शामिल हैं बैठक में बिनोद बजाज दुध उत्पादन में बढोतरी की बात कही अभी प्रतिदिन सुबह और शाम 270 लीटर दूध हो रहा है। उसे इस माह 300 लीटर करने की योजना है। कोषाध्यक्ष अविनाश सेठ ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। वहीं कोडरमा गौशाला समिति के द्वारा गाय के गोबर से निर्मित गोकाष्ठ दाह संस्कार के लिए झुमरी तिलैया के लिए 6 किमी क्षेत्र में 10 रुपए किलो पहुचाने की बात कही गई । इसके लिए अरूण मोदी के मोबाइल संख्या 9931595000 महेश दारूका 9431142291 तथा संयज अग्रवाल 9931590000 पर संपर्क किया जा सकता है। बताया गया कि गोकाष्ठ का उपयोग कर पेडों की कटाई को कम कर सकते है और पर्यावरण की रक्षा हो सकती है। इसके अलावा हवन यज्ञ धार्मिक अनुष्ठानों में यह विशेष उपयोगी होगी। गोकाष्ठ में कीटनाओ को नष्ट करने की प्राकृतिक गुण माना गया है। बैठक में संरक्षण सुरेश जैन, श्यामसुंदर सिंघानिया, दीनदयाल केडिया, उपाध्यक्ष राम रतन महर्षि सहसचिव अवतार सिंह, सुभाष मोदी, मनीष पेडीवाल, शुभम चौधरी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बम्बलकेरा गांव पहुंचे झामुमो के पदाधिकारी, सुनी समस्या

# ग्रामीणों ने झामुमो का थामा दामन



**नवीन मेल संवाददाता**
**ठेठईटांगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों ने ठेठईटांगर प्रखंड के बम्बलकेरा गांव पहुंचकर ग्रामीणों से बैठक करते हुए उनकी समस्याओं को सुना मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ,सचिव सफीक खान उपाध्यक्ष और कारडोंग कोषाध्यक्ष नुवास केरकेट्टा,सरईटोली में पिछले 3 वर्षों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर के बदले दूसरा ट्रांसफरमर दिलाकर उसका विधिवत उद्घाटन किया। जिला अध्यक्ष ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा की कोविड के बाद ग्रामीण उपभोताओं की वित्तीय स्थिति खराब हो गयी है इस लिए झारखण्ड सरकार ने घरेलु बिजली उपभोगताओं को 100 यूनिट बिजली मुफ्त दे रहीं है' वैसे उपभोक्ता जिसका बिजली बिल बकाया है उनके लिए भी सरकार वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लायी है, जिसके तहत उपभोक्ताओं को बिजली बिल देने पर ब्याज माफ किया जायगा। इस मौके पर जिला सचिव ने क्षेत्र में सभी खराब पड़े जापान आलो को जल्द से जल्द ठीक करवाने का आश्वासन दिया।जिला उपाध्यक्ष ऑस्कर डांग ने कहा लोक सभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के लिए अभी से हम सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर से लेकर पंचायत तक, पंचायत से प्रखंड तक और प्रखंड से लेकर जिला तक कमर कस लेना होगा। इस बैठक में बम्बल्केरा पंचायत की ग्रामीणों ने भारी संख्या में झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर सुनील सुरीन,बॉम्बोल्केरा मुखिया जेलासिउस कंडुलनाऔर भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# लतापानी चर्च में गिरजाघर संस्कार दिवस में शामिल हुए विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**
**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत जीईएल चर्च लतापानी मण्डली में 58वां गिरजाघर संस्कार दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि हरेक घर को कोई न कोई बनाने वाले होते हैं। लेकिन जिसने सबकुछ बनाया वह ईश्वर है उन्होंने कहा कि परमेश्वर का गिरजाघर सभी के लिए प्रार्थना का घर है। गिरजाघर में आकर प्रभु से की गई प्रार्थना पुरी होती है। गिरजाघर में राज्य व देश की भलाई के लिए प्रार्थना होनी चाहिए प्रभु हमारे जीवन में कभी निराशा नहीं आने देते। हम यीशु खीस्त के जीवन को जीते है। हम एक दूसरे में प्रभु यीशु खीस्त के प्यार, सेवा और बलिदान को बांटे। उन्होंने कहा कि परिवार के बीच क्षमा और प्रेम को स्थापित करें हम ईश्वर के बताए मार्ग पर चलकर उनके उद्देश्यों को पूरा कर सकते है। मौके पर रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, सभापति खिरिस्तोफर केरकेट्टा, निमरोद सोरेंग, अरविंद केरकेट्टा, मंजूषा कुसुम टेटे, दिव्या डुंगडुंग, सिमोन केरकेट्टा, पादरी एल डुंगडुंग, जॉन केरकेट्टा आदि मौजूद थे

# 12 वर्ष बाद भी कुरडेग पंचायत को नहीं मिल पाया अबतक पंचायत सचिवालय

**नवीन मेल संवाददाता**
**कुरडेग।** प्रखंड के मुख्यालय पंचायत कुरडेग को पंचायत चुनाव के 12 वर्ष बाद भी अपना पंचायत सचिवालय नसीब नहीं हो पाया है।पंचायत के ग्रामीणों को अभी भी ग्राम पंचायत का काम कराने के लिए पंचायत जनप्रतिनिधियों और सरकारी कर्मियों को काम कराने के लिए पंचायत मंडप सह कर्मचारी आवास पेड़ की छांव अथवा किसी प्राइवेट बैठकखाने का सहारा लेना पड़ रहा है। पंचायत सचिवालय के नहीं रहने से विकास कार्य सही ढंग से संपादित नहीं हो पा रहा है। पंचायत सचिवालय के नहीं बनने से पंचायत के लोगों को कार्य का निष्पादन करने के लिए मुखिया के आवास या अन्य प्राइवेट संस्थान का सहारा लेना पड़




रहा है।प्रखंड की कुल 8 पंचायत में सिर्फ कुरड़ेग के पंचायत के पास पंचायत सचिवालय नहीं है। मुखिया ने बताया कि यह प्रशासनिक लापरवाही को दशार्ता है उनके द्वारा अधिकारियों को लिखित सूचना देने के बावजूद अभी तक पंचायत भवन का निर्माण नही करवाया गया है जिस कारण वो जर्जर पंचायत मंडप में कार्य करने को विवश है।मुखिया ने बताया की पंचायत मंडप को अन्य पंचायत एवं प्रखंड कार्यालय के कर्मी आवास के रूप में उपयोग करते है। जिससे भी कई बार उन्हे असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। पंचायत सचिवालय के नहीं बनने से गांव की सरकार सही ढंग से संचालित नहीं हो पा रही है।

### बोलबा प्रखण्ड के समसेरा पल्ली में 650 लोगों ने लिया दृढ़ीकरण संस्कार

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के समसेरा पल्ली में 650 लोगों ने लिया दृढ़ीकरण संस्कार । इस मौके पर विसफ भिनसेन्ट बरवा ने कहा कि ईसा में विश्वास कीजिए और मेरे आज्ञाओं के अनुसार चलोगे तो तुम और तुम्हारे परिवार मुक्ति प्राप्त करेंगे । इस मौके पर विसफ भिनसेन्ट बरवा की अगुवाई में मिस्सा पूजा एवं दृढ़ीकरण के सारे अनुष्ठान किया गया । इसके मौके पर फिजी एग्नेस टेटे, सलङ्गापोंछ भिखारिएट के ग्रेडिन थॉमस सोरेंग के साथ फा राफेल केरकेटा, फा ऑगस्टिन डुंग डुंग, फा अजित बिलुंग,फा शांतिएल समद,फा नुआस बिलुंग, फा कुलदीप कुल्लू एवं अन्य धर्म पुरोहित, धर्म बहने एवं अन्य लोग भारी संख्या में मौजूद थे ।

# सिमडेगा के इंडोर स्टेडियम के लिए मेंबरशिप अभियान शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**
**सिमडेगा।** जिले में बने नवनिर्मित इंडोर स्टेडियम बने बैडमिंटन कोर्ट और जिम का लाभ उठाने के लिए मेम्बरशिप शुरू हो गया है। इक्छुक ब्यक्ति जिला खेल पदाधिकारी के कार्यालय में जाकर मैम्बरशिप फॉर्म प्राप्त कर सकते है। कोई भी ब्यक्ति लाइफटाइम, अथवा साल भर के लिए मेम्बर बन सकता है। मेंबर बनने के बाद वह इंडोर स्टेडियम के बैडमिंटन कोर्ट एवं जिम का उपयोग कर सकता है। लाइफटाइम मेम्बर बनने के लिए 11,000 रुपये, एक साल का मेम्बर बनने के लिए 3000, बैडमिंटन कोर्ट के लिए एक महीना की फीस 500 और जिम के लिए एक महीना का फीस1000 रुपये जमा करने होंगे।



इंडोर स्टेडियम में बने जिम में ट्रेनर की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी । मेम्बरसिप फॉर्म और अधिक जानकारी के लिए जिला खेल विभाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

### जंगली हाथी के हमले से बाल-बाल बचे दंपति

**बानो।** कनारोवां पंचायत क्षेत्र के जराकेल हाई स्कूल टोली में बीते रात लगभग 11 बजे जॉन मुंडा पिता हबिल मुंडा के घर अचानक दो जगली हाथी आ धमके और भरी उत्पात मचाया। मकान के दीवार, छापर, और घर में रखे 5 क्विंटल अन्नाज धान,चावल, उरद आदि को बर्बाद कर दिए। ज्ञात हो की जंगली हाथी दिन भर कनारोवां के बघरूपटा में डेरा जमाए हुए थे। जैसे शाम ढला अपना दिशा जराकेल की ओर कर लिए। और रात्रि 10 बजे के आस पास संतोष नाथ सहदेव स्कूल जराकेल में घुस कर केला पेड़ खाने की सूचना मिली, वही कुछ देर बाद जराकेल जोन मुंडा के घर आ धमके और आधा घंटा तक उत्पात मचायत।हाथी के द्वारा दंपति जिस ओर सोए थे उधर का दीवार को गिराया।

### जलडेगा के सुदूरवर्ती क्षेत्र तिलमिंगबेड़ा पहुंचे पूर्व मंत्री एनोस एक्का, बोले

# ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से पूर्व मंत्री का किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**
जलडेगा। झारखंड पार्टी क्षेत्रीय पार्टी के रूप में उभरकर क्षेत्र की सभी समस्याओं को पूर्व में प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का कार्य किया था और एक बार फिर से समय आ गया है कि झारखंड पार्टी पर विश्वास जताते हुए आप पार्टी का सहयोग करें ताकि इस क्षेत्र का अधूरे कार्य को पूरा किया जा सके। उक्त बातें पूर्व मंत्री एनोस एक्का जलडेगा के सुदूरवर्ती क्षेत्र तिलमिंगबेड़ा में आयोजित ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर बैठक में कह रहे थे । उन्होंने कहा इस क्षेत्र में इतना बड़ा गांव होने के बावजूद आंगनबाड़ी की सुविधा नहीं है जल्दी इस मामले में पहल करते हुए इस क्षेत्र में आंगनबाड़ी होता कि यहां के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। इसके अलावा पेयजल की घोर



किल्लत है जिसे अभी तक जनप्रतिनिधियों ने ध्यान नहीं दिया है जिसकी वजह से लोग पीने के पानी के लिए भटक रहे लेकिन झारखंड पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करके आपकी समस्याओं को दूर कराएगी, ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर बिजली बिल अनावश्यक तरीके से भेजा गया जिसके कारण लोग भरने में असमर्थ हैं। जिस पर पूर्व मंत्री ने कहा कि बिजली विभाग लगातार मनमानी कर रही है और भोले-भाले ग्रामीणों को मनमाना बिल भेज रही है और कई लोगों पर मुकदमा भी दर्ज कर रही है। ऐसे में विभाग के अधिकारियों से बात करते हुए ग्रामीणों की इस समस्या को दूर किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि झारखंड पार्टी को पहले से बर्बाद करने की कोशिश किया था और अब भी किया जा रहा है इसलिए आप झारखंड पार्टी के सच्चे सिपाही के रूप में संगठन में संगठित रहें और आने वाले चुनाव में संदेश एक्का को अपने क्षेत्र का विधायक बनाएं ताकि आपकी समस्याओं को पहले की तरह दूर किया जा सके। इधर कार्यक्रम से पूर्व ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से उनका भव्य तरीके से स्वागत किया मौके पर झारखंड पार्टी जिला अध्यक्ष मतियस बागे,अमन खेस, जोसेफ डुंगडुंग, अंकित सुरीन, रसाल खलखो, सुजीत नाथ, कल्याण जड़िया, गोसनर जड़िया, सुशील जड़िया, मंगरा मुंडा, सुचिता कण्डुलन, गोविंद लुगुन सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### 66 वीं नेशनल स्कूल गेम प्रतियोगिता

# झारखंड ने कर्नाटक को 8-2 से किया पराजित



**नवीन मेल संवाददाता**
**सिमडेगा।** सिमडेगा के नौ खिलाड़ियों से सजी अंडर 19 बालिका झारखंड टीम ने 66 वीं नेशनल स्कूल गेम प्रतियोगिता में उमदा प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन कर रही है। रविवार को झारखंड टीम ने कर्नाटक को 8-2 से हराया। ग्वालियर में आयोजित 66 वीं नेशनल स्कूल गेम प्रतियोगिता में झारखंड का दूसरा लीग मैच था। झारखंड की टीम लगातार तीसरे मैच जीत कर अगले राउंड में प्रवेश किया। झारखंड की ओर से पार्वती टोपनो 03 गोल, सिमडेगा की बेटी निशा मिंज ने 02 गोल किया। वही पूर्णिमा बरवा ने 02 गोल, एवं बिनिमा धान ने 01 गोल किया। टीम के जीत पर कोच दीपक कुमार मेहता, सहायक कोच राकेश रोशन तिग्गा , मैनेजर उवि सिकरियाटांड़ की शारीरिक शिक्षिका एम्मा बाड़ा, सुमित कच्छप, एचओडी बेला टोप्पो ने हर्ष किया है।

**NEWS इन ब्रीफ**

### बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता हुए रवाना

**नावा बजार।** पलामू जिले के नावा बजार प्रखंड भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चलने वाली सरकार 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मेदिनीनगर डालटेनगंज के लिए निकले। मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव ने बताया प्रधानमंत्री अपने कार्यकाल में हर जाति हर धर्म के लोगों को एक साथ लेकर विकास की ओर चल रहे हैं ,आगे बढ़ रहे हैं प्रधानमंत्री के द्वारा देश में किए गए कार्य सराहनीय है इसे लेकर हम सभी कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित भाजपा के शीर्ष नेताओं का अभिभाषण कार्यक्रम में शरीक होने के लिए निकले है हमारे साथ मंडल के सभी मोर्चा अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि पंचायत प्रतिनिधि प्रखंड प्रतिनिधि काफी संख्या में लोग कार्यक्रम में शरीक होने के लिए निकले हैं सरकार की उपलब्धि को जन जन तक पहुंचाना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

### आम पेड़ से गिरकर घायल

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के महुदंड गांव में आम के पेड़ से गिरकर महुदंड निवासी मंदिस राम का 13 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार रवि घायल हो गया। पंकज आम का पेड़ पर चढ़ कर पका हुआ आम तोड़ने का प्रयास कर रहा था। लगभग 25 फीट की ऊंचाई से वह नीचे आ गिरा है। गंभीर अंदरूनी चोटे लगी है। अचेत अवस्था मे परिजनों ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर के मेडिकल कॉलेज रेफर किया।

# उपायुक्त ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में रविवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक भी आयोजित की गयी। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन से बीते महीनों में हुए सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी ली। डीटीओ ने बताया कि जनवरी 2023 से लेकर मई 20223 तक जिले में कुल 117 सड़क दुर्घटना हुई है जिसमें 95 लोगों की मृत्यु हुई है, वहीं 80 लोग घायल हैं। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कैसे कमी लाया जाये इस पर चर्चा की। बैठक में उन्होंने ड्रंक



एंड ड्राइव के विरुद्ध लगातार अभियान चलाने पर बल दिया। इस हेतु उन्होंने परिवहन पदाधिकारी को एनएच पर पड़ने वाले थाना क्षेत्रों में पुलिस पदाधिकारियों को ब्रेथ एनालाइजर उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में डीटीओ अनवर हुसैन ने उपायुक्त को बताया कि पलामू जिले में झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत 15 रूट में 4 बस शरू करने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री के आदेश के अनुरूप झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का शुभारंभ जल्द ही किया जाएगा। उपायुक्त ने बैठक में परिवाहन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का लाभ जिलेवासियों को दिलाने हेतु बस एसोसिएशन व बस मालिकों के साथ बैठक कर इसकी रूपरेखा तैयार कर ली जाए। उपायुक्त ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की शुरूआत होने से लोगों को यात्रा करने में काफी सहूलियत होगी।बैठक में उपरोक्त के अलावा तीनों एसडीओ, विश्रामपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार,आईरेड की प्रतिनिधि,सड़क सुरक्षा मैनेजर विनीत कुमार व आईटी असिस्टेंट डब्लू, उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला छतरपुर मुख्य रोड के गम्हर बिगहा गांव के समीप बाइक दुर्घटना में कुश कुमार सिंह नामक बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक उपरीकला गांव निवासी बैंकुठ सिंह का बेटा है। उक्त घायल युवक को स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल मे भर्ती कराया ,जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार वह किसी



शादी समारोह से अपने गांव लौट रहा था ,बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत खंभे से टकरा गई। जिसके चलते बाइक सवार युवक गिरकर घायल हो गया। चिकित्सक के अनुसार उसका बायां पैर टूट गई हैं।

### अत्यधिक गर्मी को देखते हुए तीन दिनों तक बढ़ाई गई स्कूलों की छुट्टी

**मेदिनीनगर।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार ने राज्य में अत्याधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालय दिनांक 12.06.2023 (सोमवार) से दिनांक 14.06.2023 (बुधवार) तक बंद रखने का निदेश दिया जारी किया है। इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होने वाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए संसूचित किया जाएगा। यह आदेश दिनांक 12.06.2023 (सोमवार) से दिनांक 14.06.2023 (बुधवार) तक लागू रहेगा।

# फरार वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने कई वर्षों से फरार चल रहे तरहसी थाना क्षेत्र के ग्राम गर्दू निवासी वारंटी कृष्णा पासवान के घर शनिवार को इश्तेहार चिपकाया है। इस संबंध में कसमार ओपी प्रभारी मंटू कुमार सिंह ने बताया कि 2018 में कृष्णा पासवान तरहसी थाना कांड संख्या 79/18 धारा 174 ए आईपीसी एक्ट का अभियुक्त है। कोर्ट के आदेश के बाद भी कृष्णा पासवान कोर्ट में जाकर वह अपना गुनाह कबूल करने से इनकार कर रहा है। उन्होंने बताया कि कृष्णा पासवान उग्रवादी है और वह 2018 से ही फरार चल रहा है। यदि एक सप्ताह के अंदर कृष्णा पासवान कोर्ट में हाजिर नहीं होता है तो अग्रिम कार्रवाई करते हुए उसके घर की कुर्की की जाएगी। टुड्डू, तपेश्वर राम सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### सदर अस्पताल की व्यवस्था दुरूस्त करें : रुचिर

भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने मेदिनीनगर एमएमसीएच सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया ।उन्होने पाया कि भर्ती किये गये मरीजों को बिछाने के लिए बेटशीट भी उपलब्धनहीं है । वही भर्ती वार्ड नं -1 में एक एसी है, जबकि खिड़की का शीशा टुटा हुआ है, जाली भी टुटी हुई है। जिसके चलते भर्ती मरीज गर्मी से बेहाल हैं । सदर अस्पताल के सीएस जल्द से जल्द खिड़की को दुरुस्त करे ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी से मुक्ति मिल सके और मरीजों का समुचित इलाज हो सके। वहीं प्रत्येक बेड पर सभी लोगों को साफ सुथरा चादर मिले इसकी पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए ।

**विकास कार्यों की प्रगति पर जोर देने के निर्देश**

# उपायुक्त ने विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में रविवार को विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने मनरेगा, जेएसएलपीएस, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो योजना, पंचायत सचिवालय, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति, आवासीय विद्यालय, पेंशन वितरण, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, झारखंड कृषि ऋण माफी, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता, पेयजल एवं स्वच्छता, ऊर्जा, राजस्व निबंधन एवं भूमि



सुधार, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण अंतर्गत पंचायत स्तरीय दवा दुकान, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय सहित राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने मनरेगा योजना में खराब प्रदर्शन करने वाले बीडीओ और बीपीओ को फटकार लगाई। उपायुक्त ने सभी बीडीओ को वीर शहीद पोटो हो योजना, आंगनबाड़ी बिल्डिंग भवनों के निर्माण,बिरसा हरित ग्राम योजना को तीन दिन में पूरा करने के निर्देश दिया। साथ ही प्रत्येक सप्ताह हर गांव में 5 योजना चालू रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी बीडीओ को पीएम आवास योजना में सभी प्रखंडो में 90 प्रतिशत योजना पूर्ण करने और तीसरी किस्त रिलीज करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्री-मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक के वैसे बच्चे जो छात्रवृत्ति से वंचित रह गए हैं, उन्हें छात्रवृत्ति देने का निर्देश सबंधित पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने मॉडल आंगनबाड़ी योजना में कितनी योजना चालू है और कितनी चालू नही है, संबंधित पदाधिकारी को इसकी रिपोर्ट देने और शत प्रतिशत योजना चालू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने केसीसी योजना की लंबित मामलों की रिपोर्ट देने और इ केवाईसी प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से करवाने का निर्देश सबंधित पदाधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने पशुधन योजना की प्रगति की पिछले 2 वर्ष की रिपोर्ट देने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। वंही डीएमएफटी के अंतर्गत हो रहे विकास कार्यों की प्रगति पर जोर देने निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के अलावा उप विकास आयुक्त मौजूद थे।

# जरूरतमंदों में धोती, साड़ी व पठन सामग्री का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

लातेहार जिला में संचलित वंदे मातरम निष्काम कर्म योग साधना द्वारा प्रखंड के केड़ पंचायत ग्राम लुक्मखाड़ पहाड़ टोला में असहाय और जरूरतमंदों के बीच में कॉपी, कलम, साड़ी धोती वस्त्र का वितरण किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों के बीच लगातार नारायण सेवा समिति ट्रस्ट की अध्यक्ष निर्दोष कुमार द्वारा कई लोगो के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जरूरतमंद लोगों के बीच सामानों के वितरण किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में शामिल होने का एलान

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में रविवार को एकीकृत सहायक शिक्षक प्रखंड संघ की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता सुमन भारतीय व संचालन साकेत पांडेय ने की। भारतीय ने कहा कि झारखंड सरकार शिक्षकों से वेतनवृद्धि समेत अन्य सुविधाओं को देने का अपना किया वादा भूल गई है। इसके विरोध में 17 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास घेराव करने का निर्णय लिया है। इसमें सह कर्मियों को रांची चलने के किए आह्वान पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई।

# बोलेरो ने पीछे से बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

बालूमाथ-हेरहंज मुख्य मार्ग नवादा ग्राम के पास बोलेरो ने एक बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे सिमरसोत निवासी निशांत गंझु की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के जानकारी के अनुसार तीन युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर कटंगा से सिमरसोत आ रहे थे कि रास्ते में जानवर को बचाने को लेकर मोटरसाइकिल चालक विपरीत दिशा में गाड़ी ले



गया। उसी दौरान पीछे से आ रही बोलेरो ने धक्का मारकर लगभग 200 फीट दूर घसीटते हुए आगे ले गया। इस दौरान मोटरसाइकिल में आग भी लग गई, जिसे राहगीर व ग्रामीणों ने बुझाया और हेरहंझ थाना प्रभारी को फोन कर जानकारी दी गई। इसके बाद सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, घायल मिथुन की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सा प्रभारी ने उसको रिम्स रेफर कर दिया है।

## संक्षिप्त

### युवाओं ने बनाया भाजपा को मजबूत : दुबे

**गढ़वा।** भाजयुमो गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी की अध्यक्षता में सांगठनिक बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे ने कहा कि भाजपा को मजबूती प्रदान करने में युवा मोर्चा की अहम भूमिका रही है। इस दौरान भाजयुमो गोवा बल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी ने अपने कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें अध्यक्ष विकास तिवारी उपाध्यक्ष, प्रिंस तिवारी, नितीश पटेल महामंत्री, अनीत तिवारी, सुधीर कुशवाहा मंत्री, देवव्रत सिंह, नितेश तिवारी कोषाध्यक्ष, विनोद उरांव मीडिया प्रभारी, गोविंद यादव सोशल मीडिया प्रभारी, आनंद धर दुबे, सौरव सिंह आईटी सेल प्रभारी, अरविंद प्रजापति कार्यसमिति सदस्य, बृजेश कुमार, सरवन विश्वकर्मा, सत्यनारायण यादव, प्रशांत चौधरी, प्रिंस ठाकुर, अमित कुमार, अरुण पांडे, ब्रह्मा धर दुबे, विकास कुशवाहा, चंदन पाल, नीतीश पाल, ऋषि चौहान, चंद्रकांत तिवारी, समुद्री देवी, जितेंद्र उराव, अभिमन्यु तिवारी, संजय मेहता, नितेश तिवारी आदि को बनाया गया। बैठक का संचालन गोवावल मंडल महामंत्री अनित तिवारी ने किया।

### कीटनाशक दवा खाने से बच्ची हुई बीमार

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी संजय बिंदकी पुत्री तारा कुमारी (9) ने कीटनाशक दवा खाकर गंभीर रूप से बीमार हो गई। उसे कटवा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। परिजनों ने बताया कि तारा कुमारी घर में रखे किसी भी दवा को मीठा लगने के कारण खा जाती थी। रविवार को बाहर फेंका हुई कीटनाशक दवा को उठा कर खा गई। उसकी स्थिति बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### बालक को कुत्ते ने काट कर किया घायल

गढ़वा। थाना क्षेत्र के डुमरो गांव निवासी भरत विश्वकर्मा का पुत्र अंकित कुमार (10) को कुत्ते ने काट कर जख्मी कर दिया। उसे इलाज के लिए गरबा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। बताया गया कि अंकित कुमार अपने घर से गांव स्थित अहरा में में पानी लेने गया हुआ था। इसी दौरान उसे अकेले देखकर कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया।

### सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति की मौत

**गढ़वा।** जिले के मेराल गांव निवासी स्व. विदेशी यादव का पुत्र नरेश यादव (60) की मौत इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में हो गयी। मृतक के भतीजे उपेंद्र यादव ने बताया कि 7 जून की रात्रि 8:00 बजे नरेश यादव मेराल से सब्जी लेकर अपने घर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान मेराल बस स्टैंड के पास एक मोटरसाइकिल सवार ने उन्हें धक्का मार दिया। इसके बाद उन्हें मेराल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन परिजन डालटेनगंज में एक निजी अस्पताल में में भर्ती कराया, जहा रविवार के 12 बजे मरीज की मृत्यु हो गई।

### पंचायतों के वार्ड सदस्यों की उपेक्षा का आरोप

**कांडी।** ग्राम पंचायतों के वार्ड सदस्यों की सरकार द्वारा घोर उपेक्षा की जा रही है। 10 सालों से वार्ड सदस्यों को उनका मानदेय नहीं मिला। वहीं उन्हें उनके अधिकार एवं कर्तव्यों को लेकर किसी तरह का प्रशिक्षण नहीं दिया गया। कांडी प्रखंड अंतर्गत खुटहेरिया पंचायत के वार्ड सदस्य से उप मुखिया चुने गए अतिश कुमार सिंह ने कहा कि पंचायती राज में ग्राम सभा सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। वार्ड सदस्य उसी ग्राम सभा से पंचायत चुनाव के दौरान अप्रत्यक्ष मतदान से पंचायत के वयस्क मतदाताओं के द्वारा चुनकर आता है। पंचायत की किसी भी बैठक में प्रस्ताव को पारित करने में वार्ड सदस्यों की सहमति या बहुमत आवश्यक है। बावजूद इसके शुरू से ही इनकी उपेक्षा होती रही है। वार्ड सदस्यों की बिना सहमति के कोई भी प्रस्ताव आराम से पारित हो जाता है। इतना ही नहीं मनरेगा के तहत डेढ़ लाख तक की योजनाओं का चेक स्लिप बनाने का अधिकार वार्ड सदस्यों को है। लेकिन कार्य रूप में इसका अनुपालन नहीं हो रहा है। अधिकार एवं कर्तव्य को लेकर कभी कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया।

# मझिगावां पंचायत के 19 सहायक अध्यापकों की सेवा संपुष्टि की अनुशंसा

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी(गढ़वा)**

मझिगावां सचिवालय में शिक्षा विभाग के राज्य परियोजना निदेशक के निर्देश के आलोक में पंचायत स्तरीय प्रशासनिक व अनुशासनिक प्राधिकार समिति की बैठक मुखिया बिंदा देवी की अध्यक्षता में रविवार को किया गया। जिसमे पंचायत प्राधिकार समिति ने वर्ग 1 से 5 के सभी 19 सहायक अध्यापकों/ पारा शिक्षक का 4 प्रतिशत मानदेय वृद्धि हेतु सेवा संपुष्टि की अनुसंशा किया। इसके पश्चात मुखिया बिन्दा देवी ने उपस्थित शिक्षको से कहा जब से आपलोगो गांव के विद्यालयो में शिक्षण कार्य किया है। तब से गांव में शिक्षा में लगातार सुधार हुआ है। गांव के छात्र छात्रा शिक्षा के साथ साथ हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे है। आगे भी इससे बेहतर शिक्षण कार्य करें। इसमें आपको जो परेशानियां होगी उसे पंचायत स्तर से दूर किया



जायेगा।उक्त जानकारी मुखिया बिंदा देवी एवं पंचायत सचिव केश्वर सिंह ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया पंचायत के 19 सहायक अध्यापकों/पारा शिक्षको की संतुष्टि वर्ग 1 से 5 वर्ग के लिए किया गया है। इस दौरान प्रशासनिक व अनुशासनिक प्राधिकार समिति के अध्यक्ष बिंदा देवी, पंचायत सचिव केश्वर सिंह, शिक्षा समिति सदस्य प्रतीक कुमार द्विवेदी, पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम, शिक्षक सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# भगवान सूर्य की प्रतिमा की स्थापना 14 को

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

विश्व विख्यात श्री बंशीधर मंदिर के सटे बांकी नदी के तट पर स्थित अतिप्राचीन सूर्य मंदिर में भगवान सूर्य की विशाल प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा बाबा बंशीधर मंदिर सूर्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से आगामी 14 जून दिन को किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए सूर्य मंदिर ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव ने बताया कि आगामी 12 जून दिन सोमवार की सुबह 7:00 बजे से सूर्य मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। भगवान सूर्य के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिनों तक विधिवत पूजा अर्चना की जाएगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश से आ रहे विद्वान ब्राह्मण आचार्यों के द्वारा भगवान सूर्य का प्राण प्रतिष्ठा कराया जाएगा। वहीं आगामी 14 जून को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। उन्होंने भगवान के प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारे में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने की अपील की है। इस कार्यक्रम के



सफल आयोजन में बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट के हजारी प्रसाद, जयप्रकाश नारायण, वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, मनदीप प्रसाद कमलापुरी, नागेंद्र प्रसाद, राजन कुमार, नंदू लाल, सुजीत लाल अग्रवाल, अनिल प्रसाद, सुरेश विश्वकर्मा सहित अन्य अपनी भागीदारी निभा रहे हैं।

**धर्म-कर्म**

### 'सबसे बड़ा विपत्ति वह है जिसमें हम परमात्मा को भूल जाएं'

# सुख की इच्छा करना ही दुख का कारण : जीयर

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि अपने लिए सुख की इच्छा करना ही दुख का कारण है। जितना ही हम सुख-सुविधा में रहना चाहेंगे उतना ही संसार में परेशानियां पैदा होंगी और उतना ही कष्ट होगा। इसलिए सुख पाने के लिए अपने सुख की इच्छा का त्याग करना चाहिए। सुख की इच्छा, आशा और भोग तीनों संपूर्ण दुखों के कारण हैं। ऐसा होना चाहिए, ऐसा नहीं होना चाहिए इसी में सब दुख भरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मन में किसी वस्तु की चाह रखना ही दरिद्रता है। लेने की इच्छा वाला सदा दरिद्र ही रहता है। मनुष्य को कर्मों का त्याग नहीं करना प्रतीत कामना का त्याग



करना है। मनुष्य को वस्तु गुलाम नहीं बनाती उसको इच्छा गुलाम बनाती है। यदि शांति चाहते हो तो कामना का त्याग करो। कुछ भी लेने की इच्छा भयंकर दुख देने वाली है। जिसके भीतर इच्छा है उसको किसी न किसी के पराधीन होना ही पड़ेगा। अपने लिए सुख चाहना राक्षसी वृति है। संग्रह की इच्छा पाप करने के सिवाय और कुछ नहीं कराती। अतः इस इच्छा का त्याग कर देना चाहिए। कामना का त्याग कर दें तो आवश्यक वस्तुएं स्वतः प्राप्त होंगी, क्योंकि निष्काम पुरुष के पास आने के लिए वस्तुएं लालायित रहती है जो अपने सुख के लिए वस्तुओं की इच्छा करता है उसको वस्तुओं के अभाव का दुख भोगना ही पड़ेगा।

विपत्ति को विपत्ति नहीं, संपत्ति को संपत्ति नहीं समझना चाहिए। हमारे पास जो विपत्ति आता है तो महापुरुष लोग यह मानते हैं कि जो मैने किया था उसका मार्जन हो गया। ऐश्वर्य इत्यादि आया तो यह मानते हैं कि सुकृत कर्म कम हो गया। ऐसा मानते हैं कि सबसे बडा विपत्ति वह है जिसमें हम परमात्मा को भूल जाएं, उनकी संस्कृति, संदेश को भूल जाएं, जिस विपत्ति में हमारे घर में, परिवार में रहन-सहन, उठन-बैठन, बोल चाल, खान पान, सब जहां बिगड़ जाए तो समझना चाहिए सबसे बड़ा विपत्ति यहीं है। इस विपत्ति का समाधान एक मात्र विनाश है। सर्वनाश के अलावा कोई दूसरा उपाय नहीं है, जहां भगवान नारायण की स्मृति हो जाय, घर परिवार की स्थिति थोड़ी दयनीय हो जाए, जिसने संकल्प ले लिया कि चोरी, बेईमानी, अनीति, अन्याय , कुकर्म, अधर्म नही करूंगा सबसे बड़ा श्रेष्ठ कर्म वही है एक दिन वह परिवार ऊंचाई पर चढ़ेगा।

### बभनी खाड़ डैम पर सुरक्षा प्रहरी उपलब्ध कराने की मांग

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी ने जिले के उपायुक्त से नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बभनी खाड़ डैम पर सुरक्षा प्रहरी उपलब्ध कराने की मांग की है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कहा है कि नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बभनी खांड डैम जिसकी निविदा प्रक्रिया विगत दो माह पहले ही अमृत टू योजना अंतर्गत किया जा चुका है। इस कार्य को पूर्णरूप से धरातल पर उतर जाने से वहां के लोगों को रोजगार भी उपलब्ध होता। साथ ही इस तरह की घटनाओं पर भी रोक लग जाती। उन्होंने कहा है कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से डैम पर सुरक्षा प्रहरी उपलब्ध कराया जाय ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा नहीं हो। उन्होंने डैम सुंदरीकरण कार्य भी जल्द कराने का अनुरोध किया है।

‘जो व्यक्ति सिर्फ बोलता रहता है वह ज्ञानी नहीं कहलाता बल्कि जो व्यक्ति शांतिपूर्ण, प्रेमपूर्ण और निर्भय है वास्तव में वही ज्ञानी ह’ – गौतम बुद्ध



# गिरते मानवीय मूल्य

***हाल*** के वर्षों में यह देखा जा रहा है कि अपने ही अपनों के जान के दुश्मन बन रहे हैं। यह एक बीमारी है। पिछले दिनों मानवता को शर्मसार करने वाली घटनायें घटी हैं। मसलन साहिबगंज जिले के बोरियो थाना क्षेत्र में एक जंगल से मानव शरीर के कई टुकड़े बरामद किए गये। अगले ही दिन पुलिस ने पता लगा लिया कि शव के ये टुकड़े एक आंगनबाड़ी सेविका मालोती सोरेन के हैं। रोंगटे खड़ी करने वाली यह वारदात किसी और ने नहीं, उसके पति तालू किस्कू ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर की थी। वजह यह कि तालू किस्कू को एक दूसरी महिला से प्यार हो गया था और कुछ महीनों से वह उसे पत्नी की तरह रखने लगा था। दूसरी मोहब्बत के जुनून में उसने अपनी पत्नी की न सिर्फ हत्या की, बल्कि शव के टुकड़े-टुकड़े कर इसलिए फेंक दिया कि उसके सभी अवशेष जंगली जानवर का आहार बन जाएं। इसके पहले इसी जिले के इसी थाना क्षेत्र में ऐसी ही वारदात हुई थी। आदिम जनजाति की रेबिका पहाड़िन नामक युवती की हत्या के बाद उसके शव के 50 टुकड़े कर डालने की वारदात ने हर किसी को दहलाकर रख दिया था। इससे पहले रेबिका से लव मैरिज करने वाले दिलदार अंसारी ने अपनी मां, मामा और रिश्तेदारों के साथ मिलकर उसे मौत के घाट उतारने और उसे ठिकाने लगाने के लिए दरिंदगी का ऐसा भयावह प्लॉट रचा कि उसकी हड्डियों और मांस के बचे-खुचे टुकड़ों का पोस्टमॉर्टम करते हुए डॉक्टर भी सिहर उठे। दुमका में बीते साल 12वीं की छात्रा अंकिता सिंह पर पेट्रोल उड़ेलकर शाहरुख और उसके साथी नईम ने आग लगा दी थी। मामला एकतरफा मोहब्बत का था। वारदात के आरोपी शाहरुख को गिरफ्तार किए जाने के बाद जब जेल ले जाया जा रहा था, तो उसकी बेशर्म हंसी का वीडियो वायरल होने के बाद इस वारदात पर पूरे देश, खास तौर पर सोशल मीडिया पर लाखों लोगों ने गुस्से का इजहार किया था। आगे देखें तो जमशेदपुर में एक चर्चित शख्स कन्हैया सिंह की हत्या उनके घर की सीढ़ियों पर कर दी गई। पुलिस ने एसआईटी बनाकर तफ्तीश के बाद जब इस मामले का खुलासा किया तो पूरा शहर चौंक उठा। उनकी बेटी अपर्णा ने ही अपने प्रेमी राजवीर सिंह के साथ मिलकर इस हत्या की साजिश रची थी। यह मामला भी प्रेम प्रसंग से जुड़ा था। रामगढ़ जिले के पतरातू में चंचल कुमारी नामक एक लड़की ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने छोटे भाई रोहित की हत्या कर शव को उसी क्वार्टर में दफना दिया था, जहां वह अकेली रहती थी। कई हफ्तों के बाद पुलिस ने इस वारदात का खुलासा किया था। दरअसल मोहब्बत और नफरत के जुनून में खून कर डालने की ऐसी वारदात झारखंड में अब आम हो गई है। यह मानवता के नाम पर काला धब्बा है। ऐसे में सवाल उठता है कि ऐसी घटनायें हमारे दरवाजे पर क्यों दस्तक दे रही हैं। सवालो के घने जंगल में देखने पर पता यह चलता है कि हमारी संवेदनायें बिल्कुल मर गयी हैं। ऐसे में ऐसी वारदात को पुलिसिंग के जरिये नहीं रोका जा सकता। घर की चहारदीवारी के भीतर बैठकर इस तरह के अपराध की योजना बनाने वाले अपराधी कोई पेशेवर तो होते नहीं कि उन्हें पुलिसिंग के सर्विलांस पर रखकर क्राइम करने से रोका जा सके। इसकी वजहें कहीं न कहीं सामाजिक, पारिवारिक और नैतिक मूल्यों में गिरावट में तलाशी जानी चाहिए और इनका समाधान भी वहीं ढूंढ़ा जाना चाहिए। पुलिस पर यह जिम्मेदारी जरूर है कि ऐसे मामलों में वैज्ञानिक तरीके से इन्वेस्टिगेशन के साथ साक्ष्य जुटाये और मजबूत चार्जशीट एवं डायरी तैयार कर उन्हें अदालतों से सख्त सजा दिलाने में तत्परता दिखाये।

**पुलिस ने एसआईटी बनाकर तफ्तीश के बाद जब इस मामले का खुलासा किया तो पूरा शहर चौंक उठा। उनकी बेटी अपर्णा ने ही अपने प्रेमी राजवीर सिंह के साथ मिलकर इस हत्या की साजिश रची थी।**

# नौ साल के प्रतिष्ठित नेतृत्व ने भारत को प्रेरित किया





सैयद अता हसनैन

***एक*** राष्ट्र के पास प्रगति करने के लिए सभी सकारात्मक गुण हो सकते हैं और इसके लोगों के पास महानता की आकांक्षा के लिए सारी ऊर्जा हो सकती है। हालांकि, जब तक राष्ट्र मौलिक रूप से सुरक्षित नहीं है और पड़ोसियों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के अन्य लोगों के साथ इसके संबंध भी संतुलित नहीं हैं, तब तक प्रगति मृग-मरीचिका ही हो सकती है। पिछले नौ वर्षों में राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति डोमेन के संदर्भ में भारत के स्टॉक में उतनी अधिक वृद्धि हुई है, जितनी पहले कभी नहीं हुई। इससे यह सुनिश्चित होता है कि राष्ट्रीय विकास के अन्य सभी पहलू संसाधनों या रास्ते में बाधाओं की चिंता किये बिना निरंतर प्रगति हो रही है। विदेश नीति के संदर्भ में एक बहुपक्षीय दृष्टिकोण द्वारा समर्थित तटस्थता के एक तत्व ने भारत को हितों पर आधारित नीति का पालन करने का मार्ग दिया है, जहां आपसी हितों की पूर्ति होती है। उच्च स्तर के वैश्विक नेताओं के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत पहुंच ने सुनिश्चित किया है कि हमारे स्टॉक में केवल वृद्धि हुई है। सबसे अच्छा उदाहरण वह संबंध है जो उन्होंने सभी काफी विविध दृष्टिकोणों के साथ तीन अमेरिकी राष्ट्रपतियों के साथ स्थापित किया था। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि 2+2 अवधारणा के माध्यम से लगातार परामर्श को शामिल करते हुए भारत-अमेरिका संबंध लगातार आगे बढ़े हैं। अमेरिका ने यह सुनिश्चित किया है कि उसके प्रतिबंधों के तहत देशों से अधिग्रहण के क्षेत्र में भारत के हितों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। यह यूक्रेन युद्ध पर भी भारत के रुख का निरंतर सम्मान करता है। मध्य-पूर्व में भी, भारत द्वारा अपनाई गई एक स्वतंत्र नीति ने खाड़ी देशों के साथ फलते-फूलते संबंधों को सुनिश्चित किया है, जहां 8 मिलियन प्रवासी रहते है और काफी धन स्वदेश भेज रहे हैं। इसके अलावा, भारत अब वेस्टर्न क्वाड का सदस्य बन गया है जो इजरायल, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) (आईआईयूयू) के साथ साझेदारी को दर्शाता है। भारत के भू-राजनीतिक कद में वृद्धि का कारण महामारी का प्रभावी आंतरिक प्रबंधन, इसके बाद होने वाली वैक्सीन कूटनीति और दुनिया की फार्मा राजधानी के रूप में स्थापित होना है। यूक्रेन युद्ध छिड़ते ही कूटनीतिक तौर पर ब्राउनी पॉइंट काम आए। भारत द्वारा अपनाई गई तटस्थता के सही रुख के साथ यह अपने लिए एक ऊर्जा संबंधी लाभ प्राप्ति का माध्यम बना, जो अर्थव्यवस्था के आकांक्षात्मक उछाल के लिए बहुत महत्वपूर्ण था, क्योंकि पिछले दो वर्षों के दौरान इस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। दो साल से भी कम समय में अर्थव्यवस्था के -24 प्रतिशत मूल्यह्रास से 6.25 प्रतिशत सकारात्मक विकास दर तक पहुंचना सचमुच विवेकपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति का परिणाम था। वर्तमान सरकार के काल में भारत के बढ़ते सामरिक आत्मविश्वास के कारण चीन द्वारा वुल्फ वॉरियर डिप्लोमेसी के प्रयास देखे गये। एक मजबूत और समुचित रुख ने यह सुनिश्चित किया कि चीन उस सैन्य स्थिति से कोई फायदा नहीं उठा सकता, जिसे उसने बनाने की कोशिश की थी। एक बड़ा खतरा बने बिना बातचीत की प्रक्रिया जारी है। शायद सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि अनुच्छेद 370 में संशोधन करने और जम्मू-कश्मीर को पूरी तरह से एकीकृत क्षेत्र का दर्जा देने का साहसिक निर्णय था। प्रशासनिक क्रियाकलाप और सुविधा के लिए, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिया गया था। नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम फरवरी 2021 से बना हुआ है, जो सुरक्षा के वातावरण को अधिक स्थिर बना रहा है। इसने जम्मू-कश्मीर में स्थिति को सकारात्मक अंतिम रूप देने के लिए कई विकल्प तैयार किये हैं। क्षमता और क्षमता विकास के क्षेत्र में यह एहसास हुआ है कि भारत सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए महत्वपूर्ण हार्डवेयर की खरीद पर अरबों रुपये मूल्य के विदेशी मुद्रा भंडार को बर्बाद नहीं कर सकता। इससे हितधारकों के मन में दृढ़ता आई है। चार ‘सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों (पीआईएल)’ की अब तक पहचान की गई है, पहली तीन सूचियों में 1238 वस्तुओं को आयात प्रतिबंध पर रखा गया है और हाल ही में 928 वस्तुओं को इसी तरह से माना गया है। 928 वस्तुओं की नवीनतम सूची में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण घटक और पुर्जे के साथ-साथ हाई एंड सामग्री भी शामिल हैं, जिनके बल पर हम 715 करोड़ रुपये मूल्य के आयात से बच सकते हैं। यह आत्मनिर्भरता की ओर जाने वाला मार्ग है जो धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से प्रगति की ओर अग्रसर है। स्वदेशीकरण पर अधिक जोर देने से भारत के वैज्ञानिक तथा अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) समुदाय को बहुत प्रोत्साहन मिला है। महत्वपूर्ण विदेशी मुद्रा की बचत आर्थिक स्थिरता और 2030 से पहले 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था होने के लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करेगी। अनिश्चितता से जुड़े जोखिम वाले क्षेत्रों के डोमेन में अपने बढ़ते कद के कारण इंडो पैसिफिक क्षेत्र ने बहुत ध्यान आकर्षित किया है। आसियान तक पहुंच के माध्यम से, गणतंत्र दिवस 2018 के लिए शासनाध्यक्षों/ देशों के प्रमुखों को निमंत्रण, राष्ट्रों के समूह (क्वाड) के सदस्यों के साथ सक्रिय भागीदारी, राजनीतिक और सैन्य कूटनीति का प्रभावी उपयोग और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल की दक्षिण प्रशांत क्षेत्र की यात्रा में इस क्षेत्र पर पर्याप्त ध्यान दिया गया है, जो आवश्यकता होने पर, भविष्य के समूहों और साझेदारी के लिए एक शुभ संकेत है। पड़ोसी देश कभी भी सरकार के फोकस से दूर नहीं रहे है। भारत ने अभूतपूर्व आर्थिक संकट से निपटने के लिए श्रीलंका को 3.8 बिलियन डॉलर की सहायता प्रदान की। बांग्लादेश, मालदीव और नेपाल के साथ संबंध सामान्य रहे हैं, और विशेष रूप से भारतीय सॉफ्ट पावर के संबंध में अफगानिस्तान के साथ यह अप्रत्याशित रूप से सकारात्मक दिशा में विकसित हो रहा है। नौ वर्षों के सशक्त और तेजी से बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिवेश में भारत ने तेजी से वृद्धि की है और निस्संदेह स्थिर राष्ट्रों की श्रेणी में एक उच्च पायदान की आकांक्षा कर सकता है। जी20 की अध्यक्षता मिलना भारत से अपेक्षाओं का प्रमाण है और जी7 में आमंत्रित होने से भारत को जो स्थान मिला है वह निश्चित रूप से गौरवपूर्ण है।

**विदेश नीति के संदर्भ में एक बहुपक्षीय दृष्टिकोण द्वारा समर्थित तटस्थता के एक तत्व ने भारत को हितों पर आधारित नीति का पालन करने का मार्ग दिया है, जहां आपसी हितों की पूर्ति होती है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने बृहस्पति देव की कथा*

***तुम्हें*** धन रखने में कष्ट होता था, इस कारण सभी धन नष्ट हो गया और अब जब भगवान बृहस्पति की कृपा से धन मिला है तो तुम्हें फिर से आलस्य होता है। रानी को समझाते हुए दासी कहती है कि बड़ी मुसीबतों के बाद हमने यह धन पाया है, इसलिए हमें दान-पुण्य करना चाहिए, भूखे मनुष्यों को भोजन कराना चाहिए, और धन को शुभ कार्यों में खर्च करना चाहिए, जिससे तुम्हारे कुल का यश बढ़ेगा, स्वर्ग की प्राप्ति होगी और पित्र प्रसन्न होंगे। दासी की बात मानकर रानी अपना धन शुभ कार्यों में खर्च करने लगी, जिससे पूरे नगर में उसका यश फैलने लगा। बृहस्पतिवार व्रत कथा के बाद श्रद्धा के साथ आरती की जानी चाहिए। इसके बाद प्रसाद बांटकर उसे ग्रहण करना चाहिए। एक दिन राजा दुःखी होकर जंगल में एक पेड़ के नीचे आसन जमाकर बैठ गया। वह अपनी दशा को याद करके व्याकुल होने लगा। बृहस्पतिवार का दिन था, एकाएक उसने देखा कि निर्जन वन में एक साधु प्रकट हुए। वह साधु वेष में स्वयं बृहस्पति देवता थे। लकड़हारे के सामने आकर बोले हे लकड़हारे! इस सुनसान जंगल में तू चिन्ता मग्न क्यों बैठा है? लकड़हारे ने दोनों हाथ जोड़ कर प्रणाम किया और उत्तर दिया महात्मा जी! आप सब कुछ जानते हैं, मैं क्या कहूँ। यह कहकर रोने लगा और साधु को अपनी आत्मकथा सुनाई।

**महात्मा जी ने कहाः** तुम्हारी स्त्री ने बृहस्पति के दिन बृहस्पति भगवान का निरादर किया है जिसके कारण रुष्ट होकर उन्होंने तुम्हारी यह दशा कर दी। अब तुम चिन्ता को दूर करके मेरे कहने पर चलो तो तुम्हारे सब कष्ट दूर हो जायेंगे और भगवान पहले से भी अधिक सम्पत्ति देंगे। तुम बृहस्पति के दिन कथा किया करो। दो पैसे के चने मुनक्का लाकर उसका प्रसाद बनाओ और शुद्ध जल से लोटे में शक्कर मिलाकर अमृत तैयार करो।

*(क्रमशः)*

# देश में विपक्षी एकता के निहितार्थ



सुरेश हिन्दुस्तानी

***राजनीति*** में कब क्या हो जाय कुछ भी विश्वास के साथ नहीं कहा जा सकता। आज से कुछ ही दशक पूर्व जिस प्रकार से विपक्ष के राजनीतिक दल कांग्रेस को सत्ता से हटाने के लिए भरसक प्रयास करते थे, वैसे ही प्रयास आज भी हो रहे है। इस बार के प्रयासों में कांग्रेस और जुड़ गई है। विगत दो लोकसभा के चुनावों के परिणाम स्वरूप देश में जो राजनीतिक हालात बने हैं, उसमें स्वाभाविक रूप से विपक्ष अपनी जमीन को बचाने की कवायद करने की ओर चिंतन और मंथन करने लगा है। इसके लिए विपक्षी एकता के फिर से प्रयास भी होने लगे हैं। एकता के प्रयोग के लिए इस बार बिहार की भूमि को चुना है। इसलिए स्वाभाविक रूप से कहा जा सकता है कि इस प्रयास में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुखिया की भूमिका में होंगे। हालांकि नीतीश कुमार के बारे में राजनीतिक विश्लेषक यह खुले तौर से स्वीकार करने लगे हैं कि नीतीश कुमार अपनी स्वयं की राह पर ही चलते है, ऐसे में वे दूसरे दलों की कितना मानेंगे, इस बारे में राजनीतिक अस्पष्टता का भी आभास होता है। हम यह भली भांति जानते हैं कि बिहार में कभी भाजपा के साथ तो कभी भाजपा के विरोधी दलों के साथ चुनावी मैदान में नीतीश कुमार ने दांव खेला। दोनों ही स्थितियों में नीतीश कुमार अपनी सत्ता को बचाने में सफल भी हुए। यहां यह विश्लेषण का विषय हो सकता है कि नीतीश कुमार ने जब पहली बार बिहार की सत्ता संभाली, तब वह लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के खिलाफ चुनाव लड़े और वही उनके राजनीतिक शत्रु भी थे। लेकिन इस बार स्थिति बदली है। अब नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनता दल के केवल साथ ही नहीं, बल्कि उनको सरकार का हिस्सा भी दिया है। ऐसे में उनका सारा दारोमदार अब भाजपा के विरोध में है। केंद्र में जब से भाजपा सरकार में आई है, तब से ही विपक्ष का जनाधार खिसका है। एक दो राज्यों को छोड़ दिया जाए तो आज भी कांग्रेस की स्थिति स्वयं की दम पर चुनाव में विजय प्राप्त करने की नहीं है। हालांकि अभी हाल ही में कर्नाटक ने कांग्रेस को राजनीतिक आकाश में उड़ने का हौसला दिया है, जिसके आधार पर कांग्रेस केंद्र में सत्ता परिवर्तन की गुंजाइश भी देखने लगी है, लेकिन विसंगति यह है कि कांग्रेस के अंदर ही आपस में उठापटक की नूराकुश्ती चल रही है। इसमें प्रादेशिक नेताओं में भले ही एक दूसरे को पटखनी देने की कवायद हो रही हो, लेकिन इस स्थिति में कांग्रेस को नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। कर्नाटक में सत्ता का संचालन करने लिए जिस प्रकार से सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच रस्साकशी का खेल चला, उससे कांग्रेस की स्थिति का पता भी चल जाता है। विपक्षी एकता के प्रयासों के लिए कांग्रेस की कवायद केवल इतनी ही है कि वह क्षेत्रीय दलों की पिछलग्गू बनी रहेगी। इसके बाद भी कांग्रेस का प्रयास यही रहेगा कि यह विपक्षी एकता कांग्रेस के राहुल गांधी के नेतृत्व में हो। लेकिन ऐसा होना असंभव ही है। कहा तो यह भी जा रहा है कि विपक्ष बिना प्रधानमंत्री पद के दावेदार के चुनाव लड़ सकता है, लेकिन इसके बाद प्रधानमंत्री पद के लिए खींचतान होगी ही, इसे तय माना जाना चाहिए। जहां तक राजनीतिक महत्वाकांक्षा की बात है तो विपक्ष के राजनीतिक दलों के मुखिया अपने आपको दूसरे दल से श्रेष्ठ बताने का खेल भी खेलेंगे। हम जानते ही हैं कि विपक्षी दलों में कोई किसी से पीछे रहना नहीं चाहता। चाहे वह राहुल गांधी हों, नीतीश कुमार हों या फिर ममता बनर्जी, चाहे शरद पवार हों या फिर अखिलेश यादव। या फिर जिनका जनाधार खिसक गया हो, ऐसे वामपंथी नेता ही क्यों न हो। सब के सब स्वयं नेतृत्व करने की सोच रहे होंगे। इसमें अभी प्रमुख नाम ही लिए हैं। हो सकता है कि और भी फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती जैसी नेता हों जो ऐसे ही सपने बुन रहे हों।


**विगत दो लोकसभा के चुनावों के परिणाम स्वरूप देश में जो राजनीतिक हालात बने हैं, उसमें स्वाभाविक रूप से विपक्ष अपनी जमीन को बचाने की कवायद करने की ओर चिंतन और मंथन करने लगा है।**

राजनीति

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# बालश्रम की मार से असहाय बचपन-बेहाल बचपन



योगेश कुमार गोयल

***बालश्रम*** की समस्या पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती है। हालांकि इसके समाधान के लिए बालश्रम पर प्रतिबंध लगाने हेतु कई देशों द्वारा कानून भी बनाये गये हैं लेकिन फिर भी स्थिति में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं देता। बालश्रम के प्रति विरोध तथा इसके लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 12 जून को दुनियाभर में ‘बालश्रम निषेध दिवस’ मनाया जाता है, जिसकी शुरूआत ‘अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन’ (आईएलओ) द्वारा वर्ष 2002 में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बालश्रम से बाहर निकालकर शिक्षित करने के उद्देश्य से की गई थी। बच्चों की समस्याओं पर विचार करने के लिए पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय प्रयास अक्टूबर 1990 में न्यूयार्क में विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था, जिसमें गरीबी, कुपोषण और भुखमरी के शिकार दुनियाभर के करोड़ों बच्चों की समस्याओं पर 151 देशों के प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श किया था। हालांकि चिंता की बात यही है कि बालश्रम निषेध दिवस मनाते हुए 21 वर्ष बीत जाने के बाद भी बालश्रम पर अंकुश नहीं लगाया जा सका है। बढ़ती जनसंख्या, निर्धनता, अशिक्षा, बेरोजगारी, खाद्य असुरक्षा, अनाथ, सस्ता श्रम, मौजूदा कानूनों का दृढ़ता से लागू न होना इत्यादि बालश्रम के अहम कारण हैं। बालश्रम के ही कारण बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाते हैं, उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है, बाल अपराध बढ़ते हैं और भिक्षावृत्ति, मानव अंगों के कारोबार तथा यौन शोषण के लिए उनकी गैर कानूनी खरीद-फरोख्त होती है। आईएलओ की एक रिपोर्ट के मुताबिक विश्वभर में सोलह करोड़ से भी ज्यादा बच्चे बाल मजदूरी करने को विवश हैं, जिनमें से करीब 7.3 करोड़ बच्चे बहुत बदतर परिस्थितियों में खतरनाक कार्य कर रहे हैं, जिनमें सफाई, निर्माण, कृषि कार्य, खदानों, कारखानों में तथा फेरी वाले व घरेलू सहायक इत्यादि के रूप में कार्य करना शामिल हैं। आईएलओ के अनुसार हाल के वर्षों में खतरनाक श्रम में शामिल 5 से 11 वर्ष की आयु के बच्चों की संख्या बढ़कर करीब दो करोड़ हो गई है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार 15 से 24 वर्ष आयु के 54 करोड़ युवा श्रमिकों में से 3.7 करोड़ बच्चे हैं, जो खतरनाक बालश्रम का कार्य करते हैं। कोरोना महामारी के बाद तो इन आंकड़ों में जबरदस्त वृद्धि होने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत विकास लक्ष्य के तहत हालांकि वर्ष 2025 तक बाल मजदूरी को पूरी तरह से खत्म करने का संकल्प लिया गया है लेकिन पूरी दुनिया में बालश्रम के आंकड़े जिस प्रकार बढ़ रहे हैं, उसे देखते हुए फिलहाल ऐसा होता संभव नहीं दिखता। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट में बताया जा चुका है कि दुनियाभर में 13 करोड़ से भी ज्यादा बच्चे किसी न किसी कारण स्कूल नहीं जा पाते। वैसे दुनिया के विभिन्न देशों में बालश्रम को लेकर बच्चों की अलग-अलग आयु निर्धारित है। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार श्रम करने वाले 18 वर्ष से कम आयु वालों को बाल श्रमिक माना गया है जबकि आईएलओ के मुताबिक बालश्रम की उम्र 15 वर्ष तय की गई है। अमेरिका में 12 वर्ष अथवा उससे कम उम्र वालों को बाल श्रमिक माना जाता है जबकि भारतीय संविधान के अनुसार किसी उद्योग, कारखाने या कम्पनी में शारीरिक अथवा मानसिक श्रम करने वाले 5 से 14 वर्ष आयु वाले बच्चों को बाल श्रमिक कहा जाता है। हालांकि भारत में बाल श्रम (निषेध व नियमन) अधिनियम 1986 के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के जीवन एवं स्वास्थ्य के लिए अहितकर माने गये किसी भी प्रकार के अवैध पेशों तथा कई प्रक्रियाओं में नियोजन को निषिद्ध बनाता है। वर्ष 1996 में उच्चतम न्यायालय ने भी अपने फैसले में संघीय और राज्य सरकारों को खतरनाक प्रक्रियाओं तथा पेशों में कार्य करने वाले बच्चों की पहचान करने, उन्हें कार्य से हटाने और गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया था।

**बढ़ती जनसंख्या, निर्धनता, अशिक्षा, बेरोजगारी, खाद्य असुरक्षा, अनाथ, सस्ता श्रम, मौजूदा कानूनों का दृढ़ता से लागू न होना इत्यादि बालश्रम के अहम कारण हैं।**

देश-विदेश

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# मैंने कोर्ट पर अपना सब कुछ दे दिया: मुचोवा



**एजेंसी। पेरिस**

फ्रेंच ओपन के महिला एकल फाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 इगा स्वीयाटेक से हारने वाली कैरोलिना मुचोवा ने कहा कि उन्होंने कोर्ट पर अपना सब कुछ झोंक दियाए इसलिए उन्हें कोई अफसोस नहीं है।

मुचोवा शनिवार को नाटकीय रूप से तीन सेट के फाइनल में गत चैंपियन स्वीयाटेक से हार गई। स्वीयाटेक 2007 में जस्टिन हेनिन के बाद खिताब का बचाव करने वाली पहली महिला बनीं।

रौलां गैरो में अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब के लिए अपनी खोज में विफल रहने के बावजूदए चेक खिलाड़ी ने अपने करियर के एक ग्रैंड स्लैम टूनार्मेंट में अपने दो सर्वश्रेष्ठ सप्ताहों को सराहा है।

मुचोवा ने कहाए मुझे लगा कि यह बहुत करीबी मैच था। लेकिन कुल मिलाकरए खुद को ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट कहने के लिएए यह एक अद्भुत उपलब्धि है, और निश्चित रूप से मेरे लिए भविष्य में काम करने और फिर से खेलने का मौका पाने के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा विश्वास करती हूं जब मैं ग्रैंड स्लैम में जाती हूं, लेकिन मैं हर ग्रैंड स्लैम में विश्वास करती हूं जो मैंने पहले खेला था और मैंने कभी फाइनल नहीं खेला। इसलिए विश्वास है, लेकिन मैंने वास्तव में इसे हासिल कियाए यह बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। मुचोवा ने कहा, यह आत्मविश्वास के लिए अच्छा है। यह मुझसे कहता है कि मैं इन बड़े परिणामों को हासिल करने के लिए सक्षम हूं। यह बहुत प्रेरक है और अब मुझे लगता है कि मैं यह कर सकती हूं और मैं निश्चित रूप से वहां फिर से पहुंचने और अगले चरण में खिताब जीतने के लिए संघर्ष करने की कोशिश करूंगी। शनिवार को मुचोवा ग्रैंड स्लैम फाइनल में स्वीयाटेक से एक सेट लेने वाली पहली खिलाड़ी बनीं, जबकि पोल ने सीधे सेटों में अपने पिछले तीन प्रमुख फाइनल जीते थे।

### तीसरी बार फ्रेंच ओपन चैम्पियन बनीं इगा स्विटेक



**पेरिस।** टेनिस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन 2023 का महिला सिंग्ल्स का खिताब पोलैंड की इगा स्विटेक में जीत लिया है। इगा ने फाइनल मैच में चेक रिपब्लिक की कैरोलीना मुकोवा को 6-2, 5-7, 6-4 से हराकर तीसरी बार फ्रेंच ओपन खिताब अपने नाम किया। दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वांटेक ने वर्ष 2020 में पहली बार फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। तब से 4 साल के अपने करियर में वो तीन बार (वर्ष 2022 और 2023) इस ग्रैंड स्लैम पर कब्जा जमा चुकी हैं। हालांकि ओवरऑल ग्रैंड स्लैम के तौर पर उनके नाम चार खिताब हैं। तीन बार फ्रेंच ओपन जीतने के अलावा उन्होंने एक बार वर्ष 2022 में यूएस ओपन का खिताब भी अपने नाम किया है।

### एशिया कप- पाकिस्तान के प्रपोजल को मंजूरी संभव

# भारत का मैच श्रीलंका में हो सकता है पाक वर्ल्ड कप खेलने आएगा भारत





**एजेंसी। नई दिल्ली**

एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) एशिया कप के लिए पाकिस्तान के क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का प्रस्ताव मंजूर कर सकती है। मीडिया के मुताबिक, पीसीबी ने प्रपोजल दिया है कि भारत के सभी मैच श्रीलंका में कराए जाएं और बाकी मुकाबले पाकिस्तान में हों। एसीसी एशिया कप को लेकर आधिकारिक ऐलान मंगलवार यानी 13 जून को कर सकती है। इसके बाद पाकिस्तान के भारत में वर्ल्ड कप खेलने का रास्ता भी साफ हो जाएगा। एसीसी एग्जीक्यूटिव बोर्ड के मेंबर ओमान क्रिकेट बोर्ड के चीफ पंकज खीमजी ने मीडिया को बताया कि ज्यादातर देश हाईब्रिड मॉडल के खिलाफ हैं, लेकिन अभी स्थिति यह है कि पाकिस्तान-नेपाल, अफगानिस्तान-बांग्लादेश, अफगानिस्तान-श्रीलंका और श्रीलंका-बांग्लादेश के मुकाबले लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में कराए जाएं। एसीसी के एक मेंबर ने पीटीआई को बताया, भारत और पाकिस्तान मैच के अलावा सुपर फोर के मुकाबले श्रीलंका के गाले मैदान पर खेले जा सकते हैं। एशिया कप सितंबर में हो सकता है। क्षऋउ के सीईओ जिऑफ एलार्डिस और चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने कराची में पीसीबी के चेयरमैन नजम सेठी से मुलाकात की थी। इस मीटिंग में ही यह स्पष्ट कर दिया गया था कि पाकिस्तान वर्ल्ड कप में खेलने के लिए कोई शर्त नहीं रखेगा, क्योंकि एशिया कप के 4 मैच उसके देश में ही कराए जाएंगे। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के कैलेंडर में 2023 में होने वाले एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को दी गई है।

### कैमरन ग्रीन के कैच पर कॉन्ट्रोवर्सी

# अंपायर के आउट पर नाखुश दिखे शुभमन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के चौथे दिन शुभमन गिल के कैच को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी हुई। द ओवल मैदान पर कैमरन ग्रीन ने एक हाथ से डाइविंग कैच पकड़ा। थर्ड अंपायर ने रिप्ले में देखा, लेकिन ये साफ नहीं हुआ कि बॉल ग्राउंड को छू गई या नहीं। अंत में टीवी पर आउट का सिग्नल हुआ, रिप्ले देखने के बाद शुभमन गिल और उनके साथ खड़े कप्तान रोहित शर्मा फैसले से नाराज नजर आए। मैच के चौथे दिन विराट कोहली और चेतेश्वर पुजारा से कैच छूट गया और एक फैन ने स्टैंड्स में अपनी गर्लफ्रेंड को शादी के लिए प्रपोज किया। मैच के ऐसे ही टॉप मोमेंट्स इस खबर में हम जानेंगे। डब्ल्यूटीसी फाइनल की सबसे बड़ी कॉन्ट्रोवर्सी शुभमन गिल के कैच आउट पर हुई। दूसरे सेशन के 8वें ओवर की पहली बॉल स्कॉट बोलैंड ने ऑफ स्टंप पर शॉर्ट ऑफ गुड लेंथ फेंकी। गिल ने बैकफुट पंच किया, लेकिन बॉल थर्ड स्लिप पर खड़े ग्रीन के पास गई। जहां ग्रीन ने अपने बाएं तरफ डाइव मारकर एक हाथ से कैच पकड़ लिया। कैमरन ग्रीन ने बाएं तरफ डाइव लगाकर एक हाथ से कैच पकड़ लिया। कैमरन ग्रीन ने बाएं तरफ डाइव लगाकर एक हाथ से कैच पकड़ लिया। कैच को लेकर फील्ड अंपायर ने थर्ड अंपायर की मदद ली। कुछ देर रिप्ले देखने के बाद टीवी स्क्रीन पर आउट नजर आया, ग्रीन और ऑस्ट्रेलिया इस फैसले से खुश नजर आए।

### अंडर-19 क्रिकेट का वूमेन चयन ट्रॉयल संपन्न



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद डिस्टिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को आईएफटीएम विश्वविद्यालय के मैदान में हुआ जिसमें मुरादाबाद अमरोहा व संभल जनपद की महिला क्रिकेटरों ने प्रतिभाग किया। डीएसए सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि आज के चयनकर्ता डीएसए के ज्वाइंट सेक्रेटेरी बदरूद्दीन सिद्दीकी, प्रदीप टंडन व अमन लिट की देखरेख में सम्पन्न हुआ। चयन के लिए मुरादाबाद जोन की 25 खिलाड़ियों ने ट्रायल में भाग लिया। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ी 16 व 17 जून को मेरठ जोन के मैच खेलने जाएंगी। इस मौके पर मोहम्मद हसीन, चमन, जेपी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# हमारे बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर पाए: द्रविड़



**एजेंसी। लंदन**

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि उनके गेंदबाज ओवल की पिच पर बेहतर प्रदर्शन कर सकते थेए जहां उन्होंने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया को 469 रन बनाने दिए और टीम में बड़े खिलाड़ी शामिल थे जो एक कठिन 444 के लक्ष्य का पीछा करने के लिए एक ठोस साझेदारी बना सकते थे।

संघर्ष के पहले दिन ट्रेविस हेड (163)और स्टीव स्मिथ (121) ने 285 रनों की साझेदारी करने के लिए भारतीय गेंदबाजी लाइन.अप की कमी का पूरा फायदा उठाया और ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को 469 तक ले गए। पहली पारी में अजिंक्य रहाणे (89) और शार्दुल ठाकुर (51) के बल्ले से देर से वापसी करने के बावजूद भारत 296 तक ही पहुंच सका।

173 रनों की बड़ी बढ़त देने के बाद, भारत को 444 रनों का विशाल लक्ष्य हासिल करना था। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे सफल चौथी पारी का पीछा करने के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने के प्रयास मेंए भारत ने 40 ओवर में 164.3 से पांचवें दिन की शुरूआत करते हुए एक लंबा पीछा करने की उम्मीद भरी थी। लेकिन सीमर स्कॉट बोलैंड ने विराट कोहली और रवींद्र जडेजा को तेजी से आउट कियाए और वहां सेए भारत अपनी दूसरी पारी में 234 रन पर आउट हो गयाए अंततः 209 रन से हार गया। दूसरी बार वे डब्ल्यूटीसी फाइनल हार गए। द्रविड़ ने कहा. यह स्पष्ट रूप से कठिन था, 444 का लक्ष्य। हमेशा उम्मीद रहती है कि हम कितने भी पीछे क्यों न हों, हम पीछे रहने के बाद वापस लड़ सकते हैं। पिछले 2 वर्षों में कई टेस्ट जहां हमने कठिन परिस्थितियों में कड़ा संघर्ष किया है। जरूरत है। एक बड़ी साझेदारी, इसके लिए हमारे पास बड़े खिलाड़ी थे, लेकिन उनका पलड़ा भारी था। यह हो सकता है। द्रविड़ ने मैच समाप्त होने के बाद स्टार स्पोर्ट्स से कहा, यह 469 रन की पिच नहीं थी। पहले दिन आखिरी सत्र में बहुत अधिक रन दिए। हमें पता था कि किस लाइन और लेंथ में गेंदबाजी करनी है। हमारी लेंथ खराब नहीं थी, लेकिन हमने शायद बहुत अधिक गेंदबाजी की। हेड को जगह दी। शायद हम अधिक सावधान हो सकते थे।

टीम के पूर्व साथी सौरव गांगुली द्वारा पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के तर्क के बारे में पूछे जाने पर द्रविड़ ने कहा कि दबाव ने कोई भूमिका नहीं निभाई। उन्होंने कहा, विकेट पर काफी घास थी और बादल छाए हुए थे ;पहले गेंदबाजी करने के फैसले पर। हमने देखा है कि इंग्लैंड में बल्लेबाजी आसान हो जाती है। अगर आपने देखा तो चौथे या पांचवें दिन ज्यादा मदद नहीं मिली। हमने उनका स्कोर 70,3 कर दिया, लेकिन फिर इस पकड़ को हमने फिसलने दिया। पिछली बार जब हम एजबस्टन में खेले थेए तो पिच बल्लेबाजी के लिए आसान हो गई थी। 300 से अधिक का पीछा किया गया था। हम अंतिम पारी में 300,320 का पीछा कर सकते थे। द्रविड़ ने अपने शीर्ष क्रम के सही समय पर प्रदर्शन नहीं करने का बचाव किया। द ओवल मेंए शीर्ष क्रम का कोई भी बल्लेबाज दोनों पारियों में अर्धशतक नहीं बना सकाए जिसमें रहाणे के 89 और ठाकुर के 51 सर्वश्रेष्ठ भारतीय बल्लेबाजी प्रयास पहली पारी में आए। उन्होंने कहा, हमारे शीर्ष पांच सभी बहुत अनुभवी हैं, अपने उच्च मानकों से। ये वही खिलाड़ी हैं जो ऑस्ट्रेलिया में, इंग्लैंड में जीते हैं। यह उनके उच्च मानकों तक नहीं है। कुछ विकेट काफी चुनौतीपूर्ण रहे हैं। यह एक अच्छी पिच थी। मैं मानता हूं। लेकिन कुछ अन्य स्थानों पर यह कठिन रहा है। द्रविड़ ने कहा, कोई भी नहीं चाहता कि पहली गेंद से विकेट टर्न हो। लेकिन जब आप पॉइंट के लिए खेल रहे होते हैं, तो ऐसी स्थितियों में, आपको जोखिम उठाना पड़ता है और जोखिम लेने वाले हम अकेले नहीं हैं।

### इंटरकॉन्टिनेंटल कप: आज वानुअतु से भिड़ेगी टीम, कोच ने कहा-

# गर्म परिस्थितियां भारत के लिए फायदेमंद



**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिसा के भुवनेश्वर में खेले जा रहे इंटरकॉन्टिनेंटल कप 2023 में सोमवार को भारतीय फुटबॉल टीम वानुअतु से भिड़ेगी। भारत इस मैच में जीत के साथ फाइनल में अपनी जगह को और मजबूत करना चाहेगा। मैच भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भरतीय टीम ने जीत के साथ शुरूआत की है। टीम ने अपने शुरूआती मुकाबले में शुक्रवार को मंगोलिया को 2-0 से हराया। अब टीम अपना दूसरा मैच सोमवार को वानुअतु से खेलेगी। मैच से पहले भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टीमाक ने भुवनेश्वर में मौसम को लेकर बीत की। उन्होंने कहा कि मेहमान टीमों के लिए भुवनेश्वर की गर्म और उमस भरी परिस्थितियों से निपटना मुश्किल हो रहा है। स्टीमाक ने दावा किया कि इससे टूर्नामेंट में उनका पलड़ा भारी रहेगा। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन की ओर से रविवार को जारी बयान में भारतीय टीम के कोच स्टीमाक ने कहा कि मौसम का पिच पर बहुत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमें उस लिहाज से फायदा है क्योंकि हम पहले ही तीन सप्ताह से अधिक समय तक यहां प्रशिक्षण ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि वानुअतु और लेबनान मैच में हमने जो देखा, कुछ खिलाड़ी पहले हॉफ में चोटिल हो हुए। इसलिए यह स्पष्ट है कि उनके लिए ऐसी परिस्थितियों का सामना करना मुश्किल होगा। फुटबॉल टूर्नामेंट इंटरकॉन्टिनेंटल कप 2023 की शुरूआत 9 जून से हुई है। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 18 जून को खेला जाएगा।

# यूरोप के क्लबों को चुनौती देने के लिए आयरलैंड तैयार



**एजेंसी। डबलिन**

फुटबॉल के दीवाने यूरोप में आयरलैंड इस खेल में पिछड़ रहा है। इसकी वजह 25 साल पुराना इंफ्रास्ट्रक्चर है। प्रैक्टिस के लिए न खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं मिल पा रही हैं और न ही स्टेडियम में दर्शकों के बैठने के लिए ही पर्याप्त व्यवस्था है। खुद फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ आयरलैंड (एफएआई) ने कहा है कि खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम तक नहीं हैं। मेडिकल और स्पोर्ट्स साइंस जैसी सुविधाएं तक नहीं हैं। ग्राउंड के आर्टिफिशियल सरफेस खराब हो गए हैं। इसलिए आयरलैंड ने पूरे देश में फुटबॉल इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करने का फैसला लिया है। इसमें हर फुटबॉल क्लब के पास कृत्रिम सरफेस होगा, जिसे बदला भी जा सकेगा।

### पुलिस ने 2 पहलवानों से यौन शोषण के मांगे सबूत, कहा

# फोटो, वीडियो और ऑडियो दें



**एजेंसी। पानीपत**

दिल्ली पुलिस ने भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण पर आरोप लगाने वाली 2 महिला पहलवानों से यौन शोषण के फोटो और ऑडियो-वीडियो सबूत मांगे हैं। दिल्ली पुलिस को इस केस में 15 जून तक कोर्ट में चार्जशीट पेश करनी है। पुलिस ने पहलवानों से मांगे ये सबूत : 1. यौन शोषण की घटनाओं की तारीख और समय, डब्ल्यूएफआई कार्यालय में उनकी यात्राओं की अवधि। 2. पहलवानों के रूममेट्स की पहचान और संभावित गवाह, खासकर अगर वे उस समय विदेश में थे। 3. उस होटल की जानकारी, एक पहलवान बृजभूषण के कार्यालय के दौरान रुकी थी। 4. एक पहलवान और उसके रिश्तेदार से धमकी भरे फोन कॉल के बारे में जानकारी मांगी। कोई भी वीडियो, फोटोग्राफ, कॉल रिकॉर्डिंग या वॉट्सऐप चैट देने को कहा गया है। बृजभूषण पर 2 एफआईआर दर्ज हैं। एक केस बालिग महिला पहलवानों की शिकायत पर है। जिसमें बृजभूषण पर छेड़छाड़ से लेकर जबरन शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश के आरोप हैं। दूसरा केस नाबालिग पहलवान की शिकायत पर है। जो पहले पोओसीएसओ एक्ट के तहत दर्ज हुआ था। अब नाबालिग पहलवान व उसके पिता ने यौन शोषण के बयान वापस लेकर सिर्फ भेदभाव की बात कही है।

### खिताब | मैनचेस्टर सिटी ने पहली बार जीती यूईएफए चैंपियंस लीग

# फाइनल में इंटर मिलान को 1-0 से हराया



**एजेंसी। इस्तांबुल**

ट्रेबल जीतने वाली आठवीं टीम मैनचेस्टर सिटी। मैनचेस्टर सिटी ने पहली बार यूईएफए चैंपियंस लीग जीत लिया है। शनिवार को इस्तांबुल में खेले गए फाइनल मैच में मैनचेस्टर सिटी ने इंटर मिलान को 1-0 से हराया। मैनचेस्टर सिटी के लिए इकलौता गोल रोड्री ने 68वें मिनट में किया। वहीं मैच के पहले ही हाफ में टीम के प्रमुख मिडफील्ड केविन डी ब्रुइन चोटिल हो गए थे। इंटर छठी बार और सिटी दूसरी बार लीग के फाइनल में पहुंची थी। वहीं इससे पहले मैनचेस्टर सिटी को 2021 के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। चेल्सी ने 2021 के फाइनल में सिटी को 1-0 से हराया था। रियल मैड्रिड लीग की सबसे सफल टीम है। उसने अब तक 14 बार खिताब अपने नाम किया है, जबकि 4 बार उपविजेता रही है। अउ मिलान इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। उसने सात बार टाइटल जीता है। वहीं लिवरपूल और बायर्न म्यूनिख ने 6-6 बार खिताब अपने नाम किया है। मैनचेस्टर सिटी ट्रेबल जीतने वाली दूसरी इंग्लिश टीम बन गई हैं। मैनचेस्टर से पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड ने यह उपलब्धि हासिल की है। चैंपियंस लीग के अलावा मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग और एफए कप जीता है। जो टीमें एक सीजन में अपनी लीग, कप और चैंपियंस लीग मिलाकर तीन मेजर ट्रॉफी जीतती हैं उससे ट्रेबल कहते हैं। वहीं यह उपलब्धि 14 बार यूईएफए चैंपियंस लीग जीतने वाली स्पेनिश टीम भी हासिल नहीं कर सकी है। हालांकि स्पेनिश टीम बार्सिलोना ने 2 बार यह कारनामा किया है। अब तक यूरोप की 8 टीमों ने ट्रेबल जीत चुकी है। मैनचेस्टर सिटी ट्रेबल जीतने वाली आठवीं टीम है। मैनचेस्टर सिटी के कप्तान एल्काय गुंडोअन ने चैंपियंस लीग जीतने के बाद कहा, हमने इतिहास रच दिया है। हम बहुत खुश हैं।

### एंडी मरे सर्बिटन चैलेंजर के फाइनल में पहुंचे



**सर्बिटन (इंग्लैंड)।** एंडी मरे ने यहां अंतिम चार में गत चैंपियन जॉर्डन थॉम्पसन को 7-6(5), 6-3 से हराकर सर्बिटन चैलेंजर के फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्कॉट ने शुरू से ही लय पाई और 3-0 की शुरूआती बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने टाई-ब्रेक के लिए संघर्ष किया लेकिन मरे की निरंतरता और कोर्ट कवरेज ने उन्हें शनिवार को सीधे सेटों में थॉम्पसन से जीतने में मदद की। 5-2 से मैच के लिए सर्विस करने के बावजूद मरे की सर्विस टूट गयी लेकिन अगले गेम में उन्होंने मैच निपटा दिया। उनका फाइनल में ऑस्ट्रियाई जुरिज रोडियोनोव से मुकाबला होगा। फ्रांस के ऐक्स-एन-प्रोवेंस में पिछले महीने के एटीपी चैलेंजर टूर 175 इवेंट में जीत हासिल की है।



NEWS इन ब्रीफ

### जुकरबर्ग ने ट्विटर की लागत में कटौती के लिए मस्क की तारीफ की




**नई दिल्ली।** मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने ट्विटर को लेकर एलन मस्क की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा, मस्क ने कंपनी की लागत में कटौती है, जो कुल मिलाकर इंडस्ट्री के लिए अच्छा है। 'द लेक्स फ्रिडमैन पोडकास्ट' शो में जुकरबर्ग ने कहा कि मस्क ने ट्विटर की लागत में कटौती करने का बेहतरीन कदम उठाया। जुकरबर्ग ने होस्ट से कहा, मुझे लगता है कि वे आम तौर पर अच्छे बदलाव थे, जो इंडस्ट्री के लिए शायद अच्छा रहा। मेरी समझ के मुताबिक, बहुत सारे अन्य लोग यही बदलाव चाह रहे थे।

### विधानसभा चुनाव में हार के बाद भी कर्नाटक में बीजेपी बंटी हुई है

**बेंगलुरू।** विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार और 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पूरे दक्षिण भारत में अपना जनाधार खोने के बाद भी कर्नाटक भाजपा इकाई अभी भी एक बंटा हुआ घर है। एकता और कैडर में एक साथ लड़ने की भावना को बढ़ावा देने के लिए पार्टी नेतृत्व संघर्ष कर रहा है। जिस भगवा पार्टी ने एक बार एक मजबूत ताकत के रूप में उभरने और दक्षिण भारत में पैठ बनाने के सभी संकेत दिए थे, वह बुरी तरह से पिछड़ती जा रही है। कर्नाटक चुनाव के परिणाम घोषित हुए लगभग एक महीना हो चुका है।

## भारत बना दुनिया का सबसे बड़ा पांचवां स्टॉक मार्केट

# 33 साल में निवेशकों की संख्या 11 करोड़ के पार



**एजेंसी। मुम्बई**

भारतीय स्टॉक मार्केट हाल ही में एक बार फिर फ्रांस को पछाड़कर दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा स्टॉक मार्केट बन गया। अमेरिकी शॉर्ट सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद (24 जनवरी 2023) अडाणी समूह के शेयरों में आई भारी बिकवाली की वजह से इसी साल जनवरी के दौरान यह खिसककर छठे स्थान पर चला गया था। लेकिन अडाणी समूह के शेयरों में आई रिकवरी और विदेशी निवेशकों की तरफ से की जा रही लिवाली के दम पर भारतीय शेयर बाजार अपने खोए हुए स्थान को फिर से हासिल करने में कामयाब रहा है। 28 मई 2007 को भारतीय शेयर बाजार ने 1 ट्रिलियन (लाख करोड़) डॉलर यानी करीब 82 लाख करोड़ रुपए के मार्केट कैप को पहली बार हासिल किया था। लेकिन 2 लाख करोड़ डॉलर यानी 164 लाख करोड़ के मार्केट कैप को छूने में बाजार को अगले 10 साल तक इंतजार करना पड़ा। आखिरकार, 16 मई 2017 को यह इंतजार खत्म हुआ, जबकि इसे 2 लाख करोड़ डॉलर से 3 लाख करोड़ डॉलर यानी 246 लाख करोड़ रुपए की यात्रा तय करने में महज 4 साल लगे। 24 मई 2021 को भारतीय शेयर बाजार ने 3 लाख करोड़ डॉलर के मार्केट कैप को पहली बार छुआ। इतना ही नहीं शेयर बाजार में निवेशकों की संख्या भी 11 करोड़ के पार निकलकर 11.44 करोड़ पर पहुंच गई है। 25 जुलाई 1990 को इएए सेंसेक्स ने पहली बार 1 हजार के स्तर को छुआ था। 1 हजार से 10 हजार तक आने में इसे तकरीबन 16 साल लगे (6 फरवरी 2006)। लेकिन 10 हजार से 60 हजार तक के सफर को केवल 15 साल में पूरा कर लिया।

### बरगद के पेड़ के नीचे हुई थी भारतीय शेयर की शुरूआत

शुरूआत चार गुजराती व एक पारसी शेयर ब्रोकर्स ने की थी। 1850 में ये मुंबई के टाउन हॉल के सामने लगे बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर विभिन्न व्यापारियों के साथ बैठक किया करते थे। ब्रोकर्स की संख्या लगातार बढ़ती गई। इसके साथ ही 1855 में इन्होंने स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग शुरू की। 1875 में इन्होंने अपना 'द नेटिव शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स एसोसिएशन' बना लिया। साथ ही दलाल स्ट्रीट पर एक ऑफिस भी खरीद लिया। 9 जुलाई 1875 को आधिकारिक रूप से स्टॉक एक्सचेंज शुरू हुआ। आज इसे ही बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) कहा जाता है। भारत सरकार ने बीएसई को 1957 में सिक्योरिटीज कॉन्ट्रैक्ट रेगुलेशन एक्ट के तहत मान्यता दी थी। 1986 में बीएसई सेंसेक्स की शुरूआत हुई, जिसका बेस ईयर 1978-79 रखा गया और बेस 100 पॉइंट बनाया गया।

## एयर इंडिया मगादान में फंसे भारतीयों को लाया देश




**एजेंसी। नई दिल्ली**

रूस के मगादान में फंसे एयर इंडिया के बोइंग विमान की खराबी ठीक कर ली गई और वह शनिवार देर शाम को मुंबई पहुंचा। एयरलाइन ने शनिवार को यह जानकारी दी। एयरलाइन के अनुसार, इंजन में आई खराबी ठीक किए जाने के बाद दिन में विमान ने मगादान से मुबंई के लिए उड़ान भरी थी। प्रवक्ता ने बताया, हम पुष्टि करते हैं कि बोइंग 777-200एलआर विमान के एक इंजन की तेल प्रणाली में खराबी को हमारी इंजीनियरिंग टीम ने ठीक कर दिया है। आज मगादान से उड़ान भरने से पहले विमान की जांच की गई और उसे उड़ान भरने योग्य पाया गया। एक सूत्र के मुताबिक विमान में दो पायलट और चालक दल के आठ सदस्य थे। मगादान मास्को से करीब 10,167 किलोमीटर दूर समुद्र किनारे बसा शहर है। गौरतलब है कि एयर इंडिया ने विगत मंगलवार शाम को एक बयान में कहा था कि एयर इंडिया की उड़ान संख्या एइआई-173 छह जून को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को के लिए रवाना हुई थी। तभी विमान के एक इंजन में तकनीकी खराबी आने की जानकारी मिली।

# देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक एसबीआई जुटाएगा 50 हजार करोड़




**एजेंसी। नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र का सबसे बड़ा सरकारी बैंक एसबीआई चालू वित्त वर्ष में बांड के जरिए भारतीय और विदेशी बाजारों से 50000 करोड़ रुपये जुटाएगा। भारतीय स्टेट बैंक के बोर्ड ने फंड जुटाने के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। निदेशक मंडल ने बांड जारी कर रुपये या किसी अन्य परिवर्तनीय मुद्रा में धन जुटाने की मंजूरी दी है। गौरतलब है कि एसबीआई का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में करीब 90 फीसदी इजाफे के साथ 18094 करोड़ रुपये था। भारतीय स्टेट बैंक लंबी अवधि के बॉन्ड्स, बेसेल-3 कम्प्लाइंट एडिशनल टियर-1 बॉन्ड या बेसेल-3 कम्प्लाइंट टियर-2 बॉन्ड्स शामिल कर फंड जुटाने की कोशिश कर रही है। बता दें, स्टेट बैंक को वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान भारतीय या विदेशी निवेशकों को प्राइवेट प्लेसमेंट के जरिए बॉन्ड जारी करने की अनुमति मिल गई है। हालांकि, यह सरकार की मंजूरी के अधीन होगा। एसबीआई की ओर से शेयर बाजार को बताया गया है कि इसको लेकर बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल ने मंजूरी दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एसबीआई बोर्ड ने बैंक को 715 के लक्ष्य के साथ निवेश करने की सलाह दी है। एसबीआई का स्टॉक फिलहाल 575 के स्तर पर है। ऐसे में एसबीआई ने स्टॉक में 24 फीसदी की बढ़त का अनुमान जताया है। गौरतलब है कि मार्च तिमाही में बैंक का परफॉर्मेंस काफी बेहतर रहा है।

## ईडी ने 5,551 करोड़ का शाओमी और तीन विदेशी बैंकों को भेजा नोटिस




**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 5,551 करोड़ रुपए से ज्यादा के विदेशी मुद्रा कानून उल्लंघन मामले में चीनी मोबाइल फोन विनिमार्ता शाओमी, उसके मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) और निदेशक समीर बी राव, पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) मनु कुमार जैन और तीन विदेशी बैंकों को कारण बताओ नोटिस भेजा है। वित्तीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इसके मुताबिक, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के निर्णायक प्राधिकरण ने फेमा की धारा 16 के अंतर्गत शाओमी टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, उसके दो अधिकारियों, सिटी बैंक, एचएसबीसी बैंक और डच बैंक एजी को नोटिस भेजे हैं। फेमा मामले की जांच पूरी होने के बाद कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है और जब मामले का निपटान होता है तो आरोपी को उल्लंघन राशि का तीन गुना तक जुमार्ना चुकाना पड़ सकता है। जांच एजेंसी ने कहा कि शाओमी के साथ जैन और राव को भी यह नोटिस भेज दिया गया है। ईडी ने इससे पहले अवैध धनप्रेषण के मामले में शाओमी टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खातों में जमा 5,551.27 करोड़ रुपए जब्त कर लिए थे।

## विदेश

### रुपये पर दबाव कम मुद्रा का अवमूल्यन नहीं करेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ 6.7 अरब डॉलर के बेलआउट कार्यक्रम को फिर से शुरू करने के लिए चल रही बातचीत के बीच फिच रेटिंग्स ने कहा है कि इसकी संभावना नहीं है कि पाकिस्तान फिर से अपनी मुद्रा का अवमूल्यन करेगा क्योंकि रुपये पर दबाव कम हो गया है। क्रस्टिन्स ने ब्लूमबर्ग द्वारा भेजे गए सवालों के जवाब में कहा, मुद्रा पिछले कुछ महीनों में बहुत स्थिर रही है, स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान द्वारा आयोजित भंडार पर दबाव भी निहित है, जो मुद्रा का समर्थन करने के लिए न्यूनतम हस्तक्षेप का सुझाव देता है। बहुपक्षीय ऋणदाता ने कहा है कि वह बेलआउट कार्यक्रम को फिर से शुरू करने से पहले अपने मुद्रा बाजार और अन्य मुद्दों को ठीक करने के लिए अधिकारियों के साथ काम कर रहा है, जो इस महीने समाप्त होने वाला है।

# अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया की परमाणु साजिश हानिकारक




**एजेंसी। बीजिंग**

कुछ दिन पहले आयोजित अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की जून परिषद के सम्मेलन में अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बीच परमाणु पनडुब्बी सहयोग का भाग लेने वाले विभिन्न पक्षों द्वारा कड़ा विरोध किया गया था। चीनी प्रतिनिधि ने इस मुद्दे को लेकर भाषण देते हुए सभी पक्षों से अंतर-सरकारी चर्चा प्रक्रिया को संयुक्त रूप से बढ़ावा देने का आह्वान किया। रूस, पाकिस्तान, इंडोनेशिया और ब्राजील सहित 20 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने चीन के रूख और प्रस्ताव को प्रतिध्वनित किया और अंतरराष्ट्रीय परमाणु अप्रसार प्रणाली एवं अंतरराष्ट्रीय नियमों को बनाए रखने के लिए एक आम आह्वान जारी किया। वास्तव में, यूएस-यूके-ऑस्ट्रेलिया परमाणु पनडुब्बी सहयोग परमाणु हथियारों के अप्रसार पर संधि, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के नियम और दक्षिण प्रशांत परमाणु मुक्त क्षेत्र पर संधि का उल्लंघन करता है। तीनों देश परमाणु पनडुब्बी सहयोग की बात करते हैं, लेकिन वास्तव में वे परमाणु प्रसार में लगे हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय हथियार नियंत्रण विशेषज्ञों के अनुमान के अनुसार, अमेरिका और ब्रिटेन ऑस्ट्रेलिया को हस्तांतरित करने वाले हथियार-ग्रेड परमाणु सामग्री को टन में मापा जाता है, जिनकी प्रचुरता 90 प्रतिशत से अधिक है, और 64 से 80 परमाणु हथियार उत्पादित किए जा सकते हैं। एक बार जब यह योजना लागू हो जाती है, तो यह अंतर्राष्ट्रीय परमाणु अप्रसार प्रणाली को गंभीर रूप से नुकसान पहुँचाएगा और दक्षिण पूर्व एशिया में परमाणु मुक्त क्षेत्र के निर्माण को प्रभावित करेगा। कंबोडियाई प्रधान मंत्री हुन सेन ने 5 जून को चेतावनी देते हुए कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बीच परमाणु पनडुब्बी सहयोग खतरनाक हथियारों की दौड़ की शुरूआत है। यदि यह स्थिति जारी रहती है, तो दुनिया को और अधिक खतरे का सामना करना पड़ेगा।

### मीट के लिए 'ऑन-द-गो' मोड पर काम कर रहा गूगल : रिपोर्ट

**सैन फ्रांसिस्को।** गूगल कथित तौर पर वीडियो कम्युनिकेशन सर्विस 'मीट' के लिए एक नए 'ऑन-द-गो' मोड पर काम कर रहा है, जो यूजर्स के लिए वीडियो कॉल को सुरक्षित और आसान बना देगा। 9टू5गूगल की रिपोर्ट के अनुसार, एक बार जारी होने के बाद 'ऑन-द-गो' मोड तक पहुंचने के दो तरीके होंगे। गूगल मीट में यूजर्स को ट्रेवल-फ्रेंडली मोड पर (फोन पर मोशन सेंसर का उपयोग करके) स्विच करने का संकेत मिलेगा। या, इन-कॉल मेनू में एक नए ऑप्शन के साथ मैन्युअल रूप से फीचर पर स्विच कर सकते हैं। इस महीने की शुरूआत में, कंपनी ने अपनी वीडियो कम्युनिकेशन सर्विस में एक न्यू व्यूअर मोड को रोल आउट करना शुरू किया था, जो यूजर्स को अपना कैलेंडर इन्वाइट क्रिएट करते समय एवरीवन इज ए व्यूअर चुनने की अनुमति देता है।

## सितंबर में 83 इंच का ओएलईडी टीवी लॉन्च कर सकता सैमसंग



**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

सैमसंग इस साल सितंबर में 83 इंच का ओएलईडी टीवी लॉन्च कर सकता है। सैम मोबाइल की रिपोर्ट के मुताबिक, नए टीवी में एलजी डिस्प्ले से डब्ल्यूआरबीबी ओएलईडी पैनल दिए जाने की उम्मीद है। अपने अपकमिंग टीवी (केक्यू83एससी90ए) के लिए कंपनी ने नेशनल रेडियो रिसर्च इंस्टीट्यूट में कंपैटिबिलिटी रजिस्ट्रेशन पूरा कर लिया है। प्रसारण और संचार उपकरण, जैसे टीवी का, मैन्युफैक्चर, मार्किट और इंपोर्ट करने के लिए कंपैटिबिलिटी रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता होती है। इस प्रक्रिया के समाप्त होने के तीन महीने बाद एक प्रोडक्ट आमतौर पर अपनी शुरूआत करता है। केवल एलजी डिस्प्ले वर्तमान में 83 इंच के ओएलईडी पैनल का उत्पादन करता है, और एलजी और सोनी के टीवी उनका उपयोग करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सैमसंग बाजार में 83 इंच के ओएलईडी टीवी लाने वाला तीसरा ब्रांड होगा। इस बीच, इस महीने की शुरूआत में, दक्षिण कोरियाई फर्म ने अपनी नई ओएलईडी टीवी रेंज लॉन्च करने की घोषणा की थी।

## निवेश

### अमीर और प्रसिद्ध बनने का सबसे तेज तरीका है

# कानून बन जाने दें, फिर करें क्रिप्टो करेंसी में निवेश



**एजेंसी। नई दिल्ली**

क्रिप्टोकरेंसी का मतलब अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग है। यह साजिश, अटकलें, प्रशंसा, भ्रम और सबसे महत्वपूर्ण ईर्ष्या का विषय है। लोगों का मानना है कि यह अमीर और प्रसिद्ध बनने का सबसे तेज तरीका है, जबकि विरोधी मानते हैं कि यह आपदा को आमंत्रित करना है। दुनिया में अधिकांश देश अभी भी क्रिप्टोकरेंसी की वैधता के मुद्दे से जूझ रहे हैं और उस पर स्पष्टता आनी बाकी है। पिछले सप्ताह ही अमेरिका में सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने दो एक्सचेंजों - बाइनेंस और क्वोइनबेस पर बड़ी कार्रवाई की है। ऐसे में सावधानी ही मूलमंत्र होना चाहिए। जहां तक भारत का संबंध है, हालांकि क्रिप्टो में कारोबार होता है, लेकिन यह न तो कानूनी है और न ही अवैध। एक्सचेंज हैं लेकिन बिना नियमन के। यह चिंता का एक बड़ा कारण है क्योंकि निवेशक ही किसी भी विवाद का खामियाजा भुगतते हैं। कोई मध्यस्थता नहीं है। कर विभाग क्रिप्टो व्यवसाय को पैसा बनाने या खोने का एक सम्मानजनक या उचित तरीका नहीं मानता है। यहां 'डार्क नेट' भी है जहां अवैध चीजें उपलब्ध हैं, उदाहरण के लिए क्रिप्टोकरेंसी के बदले प्रतिबंधित उत्पाद और ड्रग्स। क्रिप्टोकरेंसी के उपयोग ने रिश्वत के पैसे के भुगतान और देश भर में अंडरहैंड गतिविधियों की सुविधा भी दी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने समय-समय पर क्रिप्टोकरेंसी पर चर्चा की है लेकिन अभी तक रणनीति के बारे में फैसला नहीं किया है। आज, विचार यह है कि देश में इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी और इसके बारे में निर्णय लेने से पहले देश को और समय की आवश्यकता होगी। साथ ही भारत में कई क्रिप्टोकरेंसी हैं और यह एक आश्चर्य है कि ये कैसे फलते-फूलते हैं। वे स्टॉक मार्केट में पेनी स्टॉक्स के मूवमेंट से मिलते-जुलते हैं और उनकी नकल करते हैं और उनके बड़े प्रशंसक हैं, जिनमें से अधिकांश यहां जल्दी पैसा बनाने के लिए हैं। पर्याप्त सुरक्षा उपायों, विवाद समाधान के लिए एक उचित तंत्र, मध्यस्थता की प्रणाली, और सबसे बढ़कर, सेबी जैसे एक शक्तिशाली नियामक के साथ, इक्विटी बाजार इसकी तुलना में बहुत सरल हैं। क्रिप्टोकरेंसी के मामले में इन सबके अभाव में निवेशक हमेशा उस एक्सचेंज की दया पर होता है जहां उसने कारोबार किया है। यह एक हाथ को पीछे से बांधकर फुटबॉल खेलने जैसा है। घूंघट के पीछे छिपी युवती रहस्यमयी है और इसलिए सुंदर है लेकिन उसे वहीं छोड़ देना चाहिए। सिर्फ इसलिए कि किसी के पास भारत में बिटकॉइन की वैधता की स्पष्टता नहीं है, उसी में उद्यम करना सबसे अच्छी बात नहीं हो सकती है।

**भारतीय रिजर्व बैंक ने समय-समय पर क्रिप्टोकरेंसी पर चर्चा की है लेकिन अभी तक रणनीति के बारे में फैसला नहीं किया है**

### यूएस सिक्योरिटीज वॉचडॉग ने क्रिप्टो के खिलाफ की चौतरफा युद्ध की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी बाजार नियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) द्वारा इस सप्ताह दायर दो मुकदमे क्रिप्टोकरंसी के भविष्य को संभावित रूप से निर्धारित कर सकते हैं। दुनिया का सबसे बड़ा क्रिप्टो एक्सचेंज बीनांस डॉट कॉम, संबंधित संस्थाएं और संस्थापक चांगपेंग झाओ पहले मुकदमे का लक्ष्य थे, जो 5 जून को दायर किया गया था। अगले दिन, नियामक के 89वें जन्मदिन पर, एसईसी ने दूसरा मुकदमा दायर किया, जो एक और बड़े एक्सचेंज कॉइनबेस के खिलाफ है। एसईसी के अध्यक्ष गैरी जेन्स्लर ने गुरुवार को एक भाषण में कहा, क्रिप्टो सिक्योरिटीज मार्केट के बारे में ऐसा कुछ भी नहीं है, जो बताता है कि निवेशक और जारीकर्ता हमारे प्रतिभूति कानूनों के संरक्षण के कम योग्य हैं। उन्होंने कहा कि क्रिप्टो एक्सचेंज और प्रमोटर एसईसी के आदेशों और प्रवर्तन कार्रवाइयों के माध्यम से क्रिप्टो में व्यापार के नियमों के बारे में जानते हैं, लेकिन उन्होंने उन्हें अनदेखा करना या खारिज करना चुना है।

## पेज एक के शेष

### भारत ने पहली बार ...

मिनट पर कोरिया के लिए सियोन पार्क ने गोल करके स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। दूसरे हॉफ में 41वें मिनट में नीलम ने गोल करके भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। खेल समाप्त होने तक भारत 2-1 से आगे रहा और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसी साथ महिला टीम एशिया चैंपियन बन गई। यह टूर्नामेंट का 8वां सीजन है। भारत खिताब जीतने वाला तीसरा देश है। साउथ कोरिया ने सबसे अधिक 4 बार, चीन ने 3 बार टूर्नामेंट पर कब्जा किया है। इस बार यह टूर्नामेंट 3 से 11 जून तक खेला गया।

### अमित ने ...

ने अमित अग्रवाल के कर्मचारियों के द्वारा ही जगतबंधु टी एस्टेट के खाते में पैसे डलवाने और फिर राजेश ऑटो मर्चेंडाइज नाम की कंपनी में 4.13 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने के बारे में पूछा तो वह गोल मटोल जवाब देता रहा।

### झारखंड के ...

कि राज्य में भीषण गर्मी पड़ रही है। कई जिलों का पारा 44 से 45 डिग्री के बीच रहने से लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके मद्देनजर झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल तिवारी ने सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को पत्र लिख कर राज्य में संचालित सभी विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश की अवधि बढ़ाने की मांग की थी।

### रांची में ...

के सहयोग से रातू थाना क्षेत्र के मुरगु से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए उग्रवादी पर 21 मामले पूर्व से दर्ज है।

### दूसरे दिन भी...

हिरासत में लिया गया। सिल्ली के इलाके में सुबह से ही समर्थक बंद कराया। रांची के खादगढ़ा से भी नहीं के बराबर बसें निकली । झारखंड का लाइफ लाइन कहे जाने वाले एनएच-33 को बुंडू स्थित टॉल प्लाजा के समीप जाम कर दिया गया। सिल्ली विधानसभा के पतराहातु में बंद समर्थकों ने सड़क को जाम रखा।

**दुमका बस स्टैंड से भी नहीं खुली बसें :** बंद का असर रांची को छोड़ राज्य के दूसरे हिस्से में देखने को मिल रहा है। दुमका में भी बंद का असर दिखा। यहां बस स्टैंड से बसें काफी कम खुली। बस स्टैंड सहित शहर के अन्य हिस्से में सन्नाटा पसरा रहा। रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग आदि में भी बंद पूरी तरह तो नहीं , पर उसका असर दिखायी दिया।

### असाध्य बीमारियों ...

म्यूजियम, लैब और नक्षत्र शाला भी होगी । सोवा रिग्पा चिकित्सा पद्धति में मरीजों के इलाज के लिए यहां हिमालयी क्षेत्र से जड़ी बूटियां आती हैं। अरुणाचल प्रदेश के तमांग में लगभग 12 हजार फीट की ऊंचाई पर पांच एकड़ का हर्बल गार्डन है। सोवा रिग्पा पद्धति से इलाज के लिए संस्था औषधियां भी खुद बनाती है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## पुणे-सतारा हाईवे पर एसटी बस पलटी, 4 की मौत

**मुंबई।** पुणे जिले में वरवे गांव के पास पुणे-सतारा हाईवे पर रविवार को सुबह 4 वाहनों के टकराने से एसटी बस पलट गई। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई और 20 यात्री घायल हो गए। हाईवे पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुणे-सतारा हाईवे पर वरवे गांव के पास पुणे की ओर आ रहे एक कंटेनर को एसटी बस ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे एसटी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। उसी समय दो अन्य वाहन कंटेनर और बस से आपस में टकरा गए। हाईवे पुलिस मौके पर पहुंचकर एसटी बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला। घटनास्थल ही चार लोगों की मौत हो गई थी, इसलिए पुलिस ने चारों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

# कांग्रेस-द्रमुक नेतृत्व भ्रष्टाचार में लिप्त : शाह

**एजेंसी। चेन्नई/नई दिल्ली**

केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने तमिलनाडु की द्रमुक सरकार और उनकी सहयोगी कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर पीढ़ी दर पीढ़ी भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया। शाह ने केंद्र सरकार की ओर से तमिल गरिमा को आगे बढ़ाने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए राज्य की जनता से 2024 में प्रधानमंत्री के तौर पर नेरन्द्र मोदी को दोबारा चुनने में सहयोग करने की अपील की। अमित शाह रविवार को तमिलनाडु के वेल्लोर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और द्रमुक दोनों को टूजी, थ्रीजी और फोरजी पार्टियों की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि उनका अर्थ टूजी या थ्रीजी घोटाले से नहीं बल्कि



दोनों पार्टियों में पीढ़ी दर पीढ़ी सत्ता में बने रहने और भ्रष्टाचार करने से जुड़ा है। शाह ने कहा कि करुणानिधि परिवार तीन पीढ़ियों से राजनीति का हिस्सा बनकर भ्रष्टाचार कर रहा है। वहीं गांधी परिवार की चौथी पीढ़ी में अब राहुल गांधी लाभ उठा रहे हैं। अब समय आ गया है कि तमिलनाडु में किसी गरीब, किसान या सामान्य जन के बेटे को राज्य की सत्ता सौंपी जाए। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि पिछले 10 सालों में कांग्रेस और द्रमुक सरकार ने तमिलनाडु में 12 हजार करोड रुपए के घोटाले किए हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के पिछले 9 साल का कार्यकाल भ्रष्टाचार के आरोप से मुक्त रहा है। शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा रही हैं। मोदी सरकार देश को सुरक्षित बना रही है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी दुनिया में कहीं भी जा रहे हैं, वहां भारत के तमिल गरिमा का उल्लेख करते हैं।

गृहमंत्री ने नई संसद और उसमें स्थापित सेंगोल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के चोल साम्राज्य के सेंगोल को संसद भवन में स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में तमिल संगम काशी और सौराष्ट्र में आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री का मकसद तमिलनाडु की सांस्कृतिक और साहित्यिक समृद्ध विरासत को गुजरात और उत्तर प्रदेश में प्रमोट करना है।अमित शाह ने कहा कि द्रमुक यूपीए सरकार का हिस्सा थी। तब तमिलनाडु के युवाओं को तमिल भाषा में अलग-अलग परीक्षाएं देने का काम नहीं किया गया। लेकिन मोदी सरकार में अखिल भारतीय स्तर की सेवाओं सीएपीएफ और नीट परीक्षा में तमिल भाषा में परीक्षा देने का विकल्प उपलब्ध है।

उन्होंने राज्य के विकास में केंद्र सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि चेन्नई झबेंगलुरु एक्सप्रेस वे के लिए मोदी सरकार ने 50 हजार करोड़ रुपए दिये। वहीं मेट्रो के फेस वन और फेस टू के लिए 72 हजार करोड़ रुपये मुहैया कराये गये।

## संकट की घड़ी में भारत मदद को हमेशा तैयार : जयशंकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा, जब भी कोई संकट आता है तो भारत मदद के लिए हमेशा तैयार रहता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वाराणसी में जी-20 मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संकट के समय भारत पर भरोसा किया जा सकता है। उन्होंने कहा, आपको याद होगा कि यूक्रेन में फंसे भारतीयों को वापस लाया गया था। ऑपरेशन कावेरी के जरिए सूडान में रहने वाले प्रवासियों को भी वापस लाया गया। देशवासियों को 90 उड़ानों के जरिए यूक्रेन से लाया गया था। नेपाल में भूकंप आया था तो वहीं म्यांमार में तूफान आया था। भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत जी-20 मंत्रियों की बैठक 11



से 13 जून के बीच वाराणसी में हो रही है, जिसकी अध्यक्षता जयशंकर कर रहे हैं। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब विकासात्मक चुनौतियां बढ़ रही हैं, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था में आर्थिक मंदी आ रही है। चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण दुनियाभर में आपूर्ति श्रृंखलाएं भी प्रभावित हुई हैं और यहां तक कि पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

आप की महारैली

## चौथी पास राजा को समझ नहीं आ रहा देश कैसे चलाएं : केजरीवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी आज दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली कर रही है। दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने दिल्लीवासियों से अपील की है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए इस महारैली में जरूर शामिल हों। इसमें शामिल होने वाले लोगों को गर्मी से बचाने के लिए मैदान में खास इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब सीएम



भगवंत मान रामलीला मैदान पहुंचे। केजरीवाल ने कहा कि चौथी पास राजा को समझ ही नहीं आ रहा है कि देश कैसे चलाया जाता है। चारों ओर बेरोजगारी फैली हुई है। इनको समझ नहीं आ रहा है कि कैसे दूर करें। भ्रष्टाचार कैसे दूर करें। जीएसटी की वजह से व्यापारी परेशान हैं। रेलवे का क्या हाल कर दिया। बेड़ा गर्क कर दिया। 2002 में पीएम गुजरात के सीएम बने। 12 साल गुजरात के सीएम रहे। बीते 9 साल से पीएम हैं। 21 साल हो गए राज करते-करते। मैं 2015 में सीएम बना। मेरे को 8 साल हो गए। आज उन्हें चैलेंज करता हूं। 21 साल और आठ साल किसने ज्यादा काम किया।

बंगाल पंचायत चुनाव

## सुवेंदु का आरोप, नामांकन पत्रों के वितरण में नियमों का उल्लंघन

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल विस में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बांकुड़ा के जिला प्रशासन पर आगामी तीन स्तरीय पंचायत चुनावों के लिए नामांकन वितरण के संबंध में राज्य चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। अपने ट्विटर हैंडल के माध्यम से एक वीडियो पोस्ट करते हुए, शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि बांकुड़ा जिले के सालटोरा में ब्लॉक विकास कार्यालय ने स्थानीय टीएमसी नेता को आयोग के निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन करते हुए नामांकन पत्र एकत्र करने की अनुमति दी थी कि ऐसे चार से अधिक कागजात किसी व्यक्ति को भी नहीं दिए जाने चाहिए। विपक्ष के नेता ने सवाल किया, जैसा कि वीडियो में देखा जा सकता है, तपन चक्रवर्ती, तिलौरी के टीएमसी अंचल अध्यक्ष, सालटोरा ब्लॉक, बांकुड़ा जिला सालटोरा बीडीओ कार्यालय से असीमित नामांकन पत्र और डीसीआर एकत्र कर रहा है, बांकुरा जिला, नामांकन पत्रों की होम डिलीवरी की सुविधा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी रिटर्निंग ऑफिसर्स के लिए हैंडबुक के पृष्ठ 13 पर यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि किसी भी व्यक्ति को 4 से अधिक नामांकन पत्र नहीं दिए जाने चाहिए।

## पीएम मोदी ने पहले राष्ट्रीय प्रशिक्षण सम्मेलन का किया उद्घाटन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रगति मैदान के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र में रविवार को पहले राष्ट्रीय प्रशिक्षण सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान न्होंने कार्यक्रम को संबोधित भी किया। देशभर में प्रशासनिक सेवा प्रशिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और प्रशासनिक अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण अवसंरचना को मजबूत करने के उद्देश्य से क्षमता निर्माण आयोग द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थानों, राज्य प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थानों, क्षेत्रीय और मंडल प्रशिक्षण संस्थानों तथा अनुसंधान संस्थानों सहित प्रशिक्षण संस्थानों के 1500 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। विचार-विमर्श में केंद्र सरकार के विभागों, राज्य सरकारों, स्थानीय सरकारों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ भी भाग ले रहे हैं। यह सभा विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देगी, चुनौतियों और उपलब्ध अवसरों की पहचान करेगी तथा क्षमता निर्माण के लिए कार्रवाई योग्य समाधान पेश करेगी और व्यापक रणनीति तैयार करेगी।

### अडिग संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे राष्ट्र की सेवा करने पर गर्व है : प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उन्हें एक ऐसे देश की सेवा करके गर्व महसूस होता है, जो अडिग संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है और इस बात पर जोर दिया कि देश की हर छलांग लोगों की ताकत और भावना की प्रमाण है। ट्विटर पर 9 ईयर्स ऑफ इंडिया फर्स्ट हैशटैग के साथ प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्र में उनके नेतृत्व वाली सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में विशाल जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, एक ऐसे राष्ट्र की सेवा करके गर्व होता है, जो अडिग संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। बहुपक्षीय मंचों से लेकर आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया तक, हर छलांग हमारे लोगों की ताकत और भावना की प्रमाण है।

## राम मंदिर में रामलला की दो और मूर्तियां होंगी स्थापित



**एजेंसी। अयोध्या (उप्र)**

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रामलला की दो अतिरिक्त मूर्तियों को मंदिर परिसर में ही उपयुक्त स्थानों पर इस्तेमाल करने का फैसला किया है, ताकि उनकी पवित्रता बनी रहे। अयोध्या में तराशी जा रही रामलला की तीन मूर्तियों में से सर्वश्रेष्ठ को ही मंदिर के गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट रामलला की बाकी दो मूर्तियों को स्थापित करने के लिए जगह को अंतिम रूप देने के लिए विभिन्न पुजारियों से परामर्श कर रहा है। ट्रस्ट के एक सदस्य ने कहा, रामलला की बाकी बची दो मूर्तियों को मंदिर के बाहर नहीं भेजा जाएगा। उन्हें सम्मानपूर्वक मंदिर परिसर के भीतर एक उपयुक्त स्थान पर स्थापित किया जाएगा। ट्रस्ट के सदस्य के अनुसार, मंदिर की पहली और दूसरी मंजिल पर एक-एक मूर्ति स्थापित की जा सकती है। सदस्य ने कहा, राम मंदिर की पहली और दूसरी मंजिल समान रूप से शानदार होगी। वे रामलला की बाकी दो मूर्तियों के लिए आदर्श स्थान हो सकते हैं। मंदिर के गर्भगृह सहित पूरे ग्राउंड फ्लोर का निर्माण कार्य इस साल के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद प्रथम तल का निर्माण शुरू होगा।

सचिन पायलट ने अशोक गहलोत पर फिर साधा निशाना, कहा-

## हर गलती सजा मांगती है

**एजेंसी। दौसा**

राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने रविवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर जमकर निशाना साधा। पायलट ने कहा कि राजस्थान और देश में भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। किसी ने सही कहा है कि हर गलती सजा मांगती है। आपस में कैसे भी संबंध हों, सबसे बड़ा न्याय नीली छतरी वाला देता है। आज नहीं तो कल न्याय जरूर मिलेगा। सचिन पायलट ने अपने पिता राजेश पायलट की 23वीं पुण्यतिथि पर गुर्जर छात्रावास में आयोजित सभा में कहा कि बेबाकी से बोलना, सच्चाई और ईमानदारी के साथ विपरीत परिस्थितियों में समझौता न करना राजेश पायलट ने



सिखाया है। मैं सबको साथ लेकर चलने की कोशिश करता हूं। पांच साल प्रदेशाध्यक्ष रहा तो सरकार के दांत खट्टे कर दिए। वसुंधरा राजे का विरोध साल के 365 दिन किया। पायलट ने कहा कि राजेश पायलट ने छोटे किसान के घर में जन्म लेकर ऊंचाई पर पहुंचकर अपना दामन साफ रखा। यह राजनेता की सबसे बड़ी सफलता है। राजेश पायलट की राजनीति अनोखी रही है, कभी-कभार वो भी राजनीति में लटके-झटके कर देते थे, लेकिन उनके केंद्र में गरीब, वंचित रहते थे। पायलट ने कहा कि परिस्थिति कोई भी, आप लोगों के लिए संघर्ष करना, न्याय दिलाने का वादा कल भी था, आज भी है, कल भी रहेगा। राजनीति में बात रखना जरूरी है। मुझे भी राजनीति में 20 साल हो गए। मैंने हमेशा नौजवानों का भविष्य बेहतर बनाने के लिए काम किया है। मेरी आवाज में बुलंदी दौसा के लोगों के कारण है। मैंने जो आवाज उठाई है, उससे पीछे हटने वाला नहीं हूं। हम किसी पद पर हों या न हों, जनता हमेशा तौल कर रखती है कि कहते क्या थे, करते क्या थे? मेरे लिए जनता की विश्वसनीयता सबसे बड़ी पूंजी है।

उम्मीद | चीन के दुश्मन वियतनाम को भारत देगा ब्रह्मोस, सौदा फाइनल होने के करीब

# भारत-वियतनाम की दोस्ती का गाढ़ा रंग

### दक्षिण सागर में क्रूज मिसाइल से चीन को काबू में लाना चाहता है वियतनाम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चीन-पाकिस्तान को जवाब देने के लिए भारत और वियतनाम की दोस्ती भी अब गाढ़ी होने लगी है। दक्षिण चीन सागर में ड्रैगन की बढ़ती दादागीरी के बीच भारत और वियतनाम के बीच रक्षा संबंध और ज्यादा मजबूत हो रहे हैं। फिलीपींस के बाद अब वियतनाम के साथ ब्रह्मोस मिसाइलों का सौदा फाइनल होने के करीब है। भारत की यात्रा पर 19 जून को आ रहे वियतनाम के रक्षा मंत्री फान वान गियांग के साथ इस संभावित सौदे पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।






भारत और रूस के सहयोग से विकसित की गई ब्रह्मोस अब तक की सबसे आधुनिक प्रक्षेपास्त्र प्रणाली पर आधारित है। रूसी सरकार ने सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस किसी तीसरे देश को निर्यात करने की अनुमति दे दी है। इसी के बाद फिलीपींस, वियतनाम, मिस्र, इंडोनेशिया और ओमान सहित कई देशों ने ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने में बहुत रुचि दिखाई है। फिलीपींस ने पिछले साल सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के लिए 374 मिलियन डॉलर से अधिक का भारत के साथ सबसे बड़ा और पहला विदेशी सौदा किया था। रूस से ब्रह्मोस के निर्यात की अनुमति ऐसे समय मिली है, जब चीन के पड़ोसी देश वियतनाम से भारत की दोस्ती का रंग गाढ़ा हो रहा है।

इसी का नतीजा है कि अब वियतनाम के साथ ब्रह्मोस मिसाइलों का सौदा फाइनल होने के करीब है, जो दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को गहरा करने का संकेत है। सूत्रों ने बताया कि वियतनाम से ब्रह्मोस मिसाइलों की तीन से पांच इकाइयों के बीच ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। प्रत्येक बैटरी के साथ कई मिसाइलें शामिल हैं, जिसकी कीमत लगभग 125 मिलियन डॉलर होने का अनुमान है, इसलिए संभावित सौदा 375 मिलियन या 625 मिलियन डॉलर के बीच हो सकता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि वियतनाम ब्रह्मोस की कितनी इकाइयों का अधिग्रहण करना चाहता है।

## पिकअप वैन ने टक्कर के बाद बाइक को काफी दूर तक घसीटा, दो की मौत

**नोएडा।** नोएडा के एमपी 2 रोड पर बने एलिवेटेड रोड पर सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब पिकअप वैन ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर मौजूद निशान बता रहे हैं कि पिकअप वैन के टक्कर के बाद बाइक डिवाइडर के साथ काफी दूर तक घसीटा, जिसके कारण बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एडिशनल डीसीपी शक्ति मोहन सिंह ने बताया कि यह हादसा सुबह के समय फिल्म सिटी से सेक्टर 62 की ओर जाने वाली सड़क पर हुआ।




### 'एनिमल' का प्री-टीजर जारी, खूंखार अंदाज में दिखे रणबीर कपूर



रणबीर कपूर अभिनीत अपकमिंग फिल्म 'एनिमल' का प्री-टीजर रविवार को जारी किया गया। टीजर में रणबीर गोल्डन मास्क पहने कई लोगों और उस ग्रुप के सरदार से लड़ते नजर आ रहे हैं। टीजर में एक्टर का चेहरा पूरी तरह से सामने नहीं आया है। वह अपने हाथ में कुल्हाड़ी के साथ अपने गुस्से को जाहिर करते हैं और अकेले ही गैंग के सदस्यों को मारने लगते हैं। फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा ने किया है, जो 'कबीर सिंह' और 'अर्जुन रेड्डी' का निर्देशन करने के लिए जाने जाते हैं। इसमें अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी भी हैं। भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियोज और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स द्वारा निर्मित 'एनिमल' 11 अगस्त, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह 5 भाषाओं हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम में रिलीज होगी।

### अभिनेता मंगल ढिल्लों का निधन

**सीरियल** और फिल्मों में दमदार भूमिकाएं निभाने वाले अभिनेता मंगल ढिल्लों का रविवार को निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से कैंसर से जूझ रहे थे। वह करीब एक महीने से लुधियाना के एक अस्पताल में भर्ती थे। इलाज के दौरान उसकी हालत और बिगड़ गई। आखिरकार रविवार



सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा ने उनके निधन की खबर की पुष्टि की। उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट लिखकर मंगल ढिल्लों के निधन की जानकारी दी है। मंगल का का एक सप्ताह बाद जन्मदिन था। मंगल ढिल्लों पंजाबी फिल्म उद्योग के प्रसिद्ध अभिनेता थे। उन्होंने कई पंजाबी फिल्मों में काम किया है। इतना ही नहीं उन्होंने फिल्मों का निर्माण और निर्देशन भी किया है। वह मूल रूप से पंजाब के फरीदकोट के रहने वाले थे। उनका जन्म पंजाब में फरीदकोट जिले के वांडर जटाना गांव में एक सिख परिवार में हुआ था।